

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 विराट कोहली की आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच तो गई, लेकिन...

प्रधानमंत्री मोदी कंगना रनौत के लिए मांगेंगे ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 40 | नई दिल्ली, मंगलवार, 21 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# ईरान के राष्ट्रपति रायसी व विदेश मंत्री की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत, पीएम ने जताया शोक

प्रात: किरण

तेहरान/एजेंसी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की रविवार को हुई एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई है। मेहर समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।राष्ट्रपति रायसी और विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन को ले जा रहा हेलीकॉप्टर रविवार को पूर्वी अजरबैजान के ईरानी प्रांत के घने जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

हेलीकॉप्टर में सवार होने वालों में राष्ट्रपति रायसी, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मालेक रहमती और पूर्वी अजरबैजान प्रांत में इस्लामी क्रांति के नेता के प्रतिनिधि अयातुल्ला मोहम्मद अली आले-हाशेम के साथ कई अन्य लोग शामिल थे। राष्ट्रपति रायसी अजरबैजान गणराज्य के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के लिए रविवार सुबह पूर्वी अजरबैजान प्रांत की यात्रा की थी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब राष्ट्रपति रायसी वापस लौट रहे थे और घना कोहरा छाये रहने से हेलिकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग हुई। हेलीकॉप्टर सुंगुन नामक तांबे की खदान के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में जोल्फा और वरजकान के बीच स्थित है और तबरीज शहर से लगभग 70 किमी से 100 किमी दूर है, जो ईरान के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वह शहर भी है जहाँ ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री



जा रहे थे। हेलिकॉप्टर की दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद रविवार दोपहर से 40 अलग-अलग बचाव दल जंगली और पहाड़ी इलाके में भेजे गए हैं।

**कौन हैं ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ?:** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का जन्म 1960 में उत्तरी पूर्वी ईरान के मशहद शहर में हुआ था। रईसी के पिता एक मौलवी थे, लेकिन रईसी जब सिर्फ पांच साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया थ। रईसी की शुरूआत से ही धर्म और राजनीति की ओर झुकाव रहा और वो छात्र जीवन में ही मोहम्मद रेजा शाह के खिलाफ सड़कों पर उतर गए। रेजा शाह को पश्चिमी देशों को समर्थक माना जाता था।

**ईरान के उपराष्ट्रपति मोखबर संभालेंगे राष्ट्रपति का कार्यभार :** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद, देश के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालेंगे। तेहरान टाइम्स ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान में कल अजरबैजान की सीमा के समीप हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर सोमवार को गहरा दुख व्यक्त किया और ईरान के साथ एकजुटता व्यक्त की।

मोदी ने राष्ट्रपति रईसी के निधन की पुष्टि होने के बाद एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी के दुखद निधन से गहरा दुख और सदमा लगा है। भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जून खड़गे ने भी रईशी की मौत पर शोक जताया है।

**भारत में एक दिन की राजकीय शोक की घोषणा :** भारत सरकार ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैय्यद इब्राहिम रईसी और देश के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन का कल रात एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन होने पर मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया, इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैय्यद इब्राहिम रईसी और ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया है। दिवंगत आत्माओं के सम्मान में, भारत सरकार ने 21 मई दिन मंगलवार को पूरे देश में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, तीन की मौत

नवादा। सोमवार को राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 20 फोरलेन पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंबिका विगहा के पास ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारदिया, जिससे मोटरसाईकिल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। दो व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से जख्मी युवक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसे पावापुरी रेफर किया गया। परिजन उस घायल युवक को नवादा के धर्मशीला अस्पताल ले गये, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान नालंदा जिला के गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरियक विगहा निवासी अवधेश मिस्त्री के पुत्र रौशन कुमार, द्वारिका यादव के पुत्र सुबोध कुमार, सरयुग यादव के पुत्र शंकर कुमार के रूप में कि गई है। घटना से भड़के लोगों ने किया सड़क जाम : घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि सुबोध का मकान गिरियक के विगहा पर बन रहा है। उसी मकान की ढलाई का सामान लाने बाइक से तीनों नवादा जिले के मुफ्फसिल थाना के केना मोड़ आए थे। वापस लौटने के क्रम में ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीनों युवकों की मौत हो गई। रौशन राजमिस्त्री का काम करता था और सुबोध का मकान बना रहा था, जबकि शंकर और सुबोध दोनों अपने चचेरे भाई बताए जाते हैं। एक ही गांव के तीन युवकों की एक साथ मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने विश्वास मत हासिल किया

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया। प्रतिनिधि सभा का एक सदस्य तटस्थ रहा। यह शक्ति प्रदर्शन गठबंधन सहयोगियों में शामिल जनता समाजबादी पार्टी (जेएसपी) द्वारा पिछले सप्ताह गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस लिए जाने के कुछ दिनों बाद किया गया है।

### ईपीएफओ ने मार्च में 14.41 लाख अंशधारक जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने मार्च 2024 में कुल 14.41 लाख अंशधारक जोड़े हैं, जिनमें से 7.47 लाख नये सदस्य हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मार्च, 2024 के दौरान लगभग 7.47 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया गया है। संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं और मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। लिंगवार विश्लेषण से पता चलता है कि 7.47 लाख नए सदस्यों में से लगभग दो लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, महीने के दौरान महिला सदस्यों की संख्या लगभग 2.90 लाख रही। आलोच्य अवधि में निर्माण, विपणन सेवा, कंप्यूटर के उपयोग, रेस्तरां, चार्टर्ड या पंजीकृत प्रतिष्ठान, लेखाकार, मछली प्रसंस्करण और गैर-शाकाहारी खाद्य संरक्षण, बीड़ी बनाना आदि में वृद्धि हुई।

**पांचवा चरण : सारण, हाजीपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में मतदान संपन्न**

# बिहार की पांच सीटों पर 55.85 प्रतिशत मतदान

### मुजफ्फरपुर में सबसे अधिक तो मधुबनी में सबसे कम वोटिंग



प्रात: किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों सारण, हाजीपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में सोमवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। शाम 6 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार इस चरण में पांचों सीटों पर कुल 55.85 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मुजफ्फरपुर में 58.10 फीसदी तो सबसे कम मधुबनी में 52.20 फीसदी वोटिंग हुई। वहीं, सीतामढ़ी में 57.55 प्रतिशत, सारण में 54.50 प्रतिशत और हाजीपुर में 56.84 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि फाइनल आंकड़ा थोड़ा बढ़ सकता है। सबसे ज्यादा मुजफ्फरपुर जिले में वोटिंग हुई है। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव के वोटिंग की तुलना में यहां वोटिंग परसेंट लगभग दो परसेंट कम रहा है। 2019 में 61.14 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं इस बार 58 परसेंट वोटिंग हुई है। वहीं बाकी चार सीटों पर वोटिंग 2019 के बराबर रही है। जबकि सारण, मधुबनी और सीतामढ़ी में वोटिंग परसेंट में भी लगभग दो से तीन परसेंट कम वोटिंग हुई है। वोटिंग खत्म होने तक मधुबनी में 52.20 फीसदी, सारण में 54.50 फीसदी और सीतामढ़ी में 57.55 फीसदी वोटिंग हुई है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को सूबे के पांच सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। श्रीनिवासन के मुताबिक मुजफ्फरपुर में गायघाट और औराई के दो बूथों पर विकास नहीं होने का कारण बताकर मतदान का बहिष्कार किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि मतदान के दौरान 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पांचवें चरण में कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। इस दौरान लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी व अली अशरफ फातमी, बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य सरीखे उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में कैद हो गया।

**46 लोग गिरफ्तार :** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने मतदान के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अभी भी कुछ बूथों पर मतदाता कतार में खड़े हैं, उनका मतदान हो रहा है। इस चरण में मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के गायघाट और औराई के दो बूथों पर विकास नहीं होने का कारण बताकर मतदान का बहिष्कार किया गया। हालांकि, अधिकारियों ने बहुत मतदाताओं को बहुत समझाने की कोशिश भी की।

उन्होंने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि मतदान के दौरान 46 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

### देश भर में 49 सीटों पर 57.41 प्रतिशत मतदान

#### बंगाल में सबसे अधिक तो महाराष्ट्र में सबसे कम

नई दिल्ली।/एजेंसी। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर कुल 57.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 में हुए 62.01 की तुलना में मतदान काफी कम रहा। इसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 73 प्रतिशत, जबकि सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार में 55.85 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 54.21 प्रतिशत, झारखंड में 63 प्रतिशत, लद्दाख में 67.15 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 48.88 प्रतिशत, ओडिशा में 60.72 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.64 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा की पांच, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, जम्मू-कश्मीर की एक, लद्दाख की एक सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, आज ओडिशा विधानसभा की 35 विधानसभा सीटों पर कुल 60.70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पांचवें चरण का मतदान समाप्त होने के साथ ही तमाम उम्मीदवारों की किस्तम ईवीएम में कैद हो गई।

**सीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, सरकार की उपलब्धियां गिनाई**

# समाज के हर तबके के विकास के लिए कर रहे हैं काम : नीतीश

प्रात: किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए राजद व लालू परिवार पर निशाना साधा है। सोमवार वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के समर्थन में मैनाटाड़ हाई स्कूल के खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि काम हम किए हैं और प्रचार वो कर रहे हैं। पूरे बिहार के टोले- टोले में बिजली जल रही है। लालटेन युग का अंत हो गया। आज इंडी गठबंधन वाले नेता आज लालटेन की बात कर रहे हैं। यह सब आप जनता समझ रहे हैं।

हम लोग विकास करना चाहते हैं लेकिन हमारे जो विपक्षी हैं वह विनाश करना चाहते हैं। हमारे लिए पूरा बिहार परिवार है। कहा कि विकास और देश के मान-सम्मान गरीबों के उत्थान के लिए आप अपना एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के पक्ष में तीर का बटन दबाकर 25 मई को अपना मतदान करें। पहले मतदान फिर जलपान करे। सीएम ने कहा कि हमलोग विकास के एजेंडे पर काम कर रहे है। हम सभी इलाके, वर्ग व समाज के लोगों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। समाज में किनारे पड़े लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने में लगे हैं। थरूहट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 2009 से हमने काम शुरू कर दिया है। बेतिया मे मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की गई है। इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से बाल्मीकि नगर में वाल्मीकि सभागार का निर्माण कराया। पथ और पुलों का निर्माण कराया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र मे एएनएम प्रशिक्षण सह छात्रावास संस्थान का निर्माण तथा आईटी का निर्माण किया गया है। मैनाटाड़ प्रखंड के पिड़ारी में अति रिक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है। पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो रहा है।

**हिंदू-मुस्लिम की झगड़ा होता रहता था, हमने उसको दूर किया :** सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों के लिए मदरसा को सरकारी मान्यता दिया है। हमेशा पहले हिंदू-मुस्लिम की झगड़ा होता रहता था, हमने उसको दूर किया है और कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई है। मंदिरों का चार दिवारी कराया हम हिंदू मुस्लिम सबका का काम करते हैं। हर घर नल का जल, शौचालय पहुंचा दिया। हमलोगों ने 2005 से 2020 के बीच हमलोगो ने आठ लाख लोगो को नौकरी दिया तथा लाखो लोगो को रोजगार देगे। उन्होंने जीविका दिदी के बारे मे विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा की हमारी सरकार ने सभी तबके के लोगों का विकास किया है। बिहार में 94 लाख लोग गरीबी रेखा से नीचे है जिन्हे बिहार सरकार द्वारा उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिये रोजगार करने के लिये 2-2लाख रुपया दिया जा रहा है।

# बेगूसराय : गंगा में डूबने से पांच युवकों की मौत

प्रात: किरण

पटना/बेगूसराय/एजेंसी। बेगूसराय में गंगा स्नान करने के दौरान पांच युवकों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गंगा घाट की है। मरने वालो में बरौनी निवासी सोनू कुमार के पुत्र रोहित कुमार 21 वर्ष और बाबू साहब 17 वर्ष का हैं। वहीं, अधिक शाह के पुत्र अजय कुमार 18 वर्ष, प्रकाश मिश्रा के पुत्र ओम मिश्रा 17 वर्ष और बीस वर्षीय चंदन राम के पुत्र कर्तव्य कुमार शामिल हैं। डूबने वाले में दो सगे भाई थे। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि छह युवक राजु कुमार के



पुत्र के मुंडन संस्कार में भाग लेने के लिए सिमरिया गंगा घाट गए थे। इस दौरान सभी युवक गंगा स्नान करने लगे। स्नान करने के दौरान सभी छह युवक गहरे पानी में जाने के कारण अचानक डूबने लगे। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी युवक डूब गये। घाट पर शोर गुल सुनकर वहां मौजूद स्थानीय गोताखोर तुरंत नदी में कूद पड़े। इस दौरान उन छह में से एक युवक को बचा लिया गया लेकिन अन्य युवक गंगा की तेज धारा में बह गये। हालांकि स्थानीय लोग और गोताखोरों की मदद से सभी का शव बाहर निकाल लिया गया। घटना के संबंध में मृतक दो भाइयों के छोटे भाई मोहित कुमार ने बताया कि वह लोग राजू कुमार के यहां किराए के मकान में रहते हैं।

**मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिला के गंगा नदी के सिमरिया घाट पर पांच लोगों के डूबने से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# छत्तीसगढ़: वाहन के घाटी में गिरने पर 18 लोगों की मौत

प्रात: किरण

कवर्धा/एजेंसी। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सोमवार को एक वाहन (पिकअप) के घाटी में गिरने से 17 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाहपानी गांव के करीब दोपहर बाद लगभग 1:45 बजे वाहन के बंजारी घाट में गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 17 महिलाएं हैं।



उन्होंने बताया कि कुई गांव के रहने वाले ग्रामीण तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल गए थे और वे जब पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे तभी बाहपानी गांव के करीब वाहन बंजारी घाट में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वाहन पहले सड़क से नीचे गिरा और घाटी के निचले हिस्से में बनी सड़क से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को मौके पर भेजा गया तथा बचाव कार्य शुरू किया गया। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया, ह्यदुर्घटना में 12 महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पल्लव ने बताया, पुलिस दल ने घायलों को अस्पताल भेजा जहां पांच अन्य महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीन महिलाओं समेत अन्य चार घायलों को इलाज के लिए बेहतर सुविधा वाले अस्पतालों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है तथा जिला प्रशासन को घायलों को बेहतर इलाज प्रदान करने का निर्देश दिया है।

**पीएम ने हादसे पर जताया शोक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क दुर्घटना में हताहत लोगों और उनके परिजनों के प्रति दुख और संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की कामना की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस हादसे पर शोक प्रकट करते हुये हुआ कहा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनायें। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**दौरा** | **दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे पीएम का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत**

# पटना पहुंचे पीएम मोदी, पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को दी श्रद्धांजलि

- प्रधानमंत्री ने उनके परिजनों से की मुलाकात, दी सांत्वना
- प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे पीएम, कार्यकर्ताओं में उत्साह

प्रात: किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर सोमवार की शाम पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे राजेन्द्र नगर स्थित बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम दिवंगत सुशील कुमार मोदी के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने दिवंगत सुशील मोदी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने उनके परिजनों को सांत्वना भी दी। सबको ढाढस बढ़ाते हुए कहा कि पूरी पार्टी आपके साथ है। इससे पहले वहां



पहुंचने पर सुशील मोदी के बेटे अक्षय अमृतांश पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी रवि शंकर प्रसाद सुशील मोदी के आप्त सचिव रहे शैलेंद्र ओझा और सुमन झा ने पीएम की अगवानी की।लगभग कुछ समय रुकने के बाद वह बीजेपी कार्यालय के लिए निकल गए। इस दौरान पूरे रास्ते पर पीएम को देखने के लिए लोगों की भीड़ नजर आई। लोगों ने 400 पर का नारा लगाया।

पीएम ने खड़े होकर सबों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर बिहार बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ता ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत बीजेपी के तमाम बड़े नेता और चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी पांच चरण के संपन्न हो चुके चुनाव का फीडबैक ली और अगले दो चरण के चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जरूरी चुनावी टिप्स भी दिये। प्रदेश कार्यालय में बैठक करने के बाद प्रधानमंत्री राजभवन के लिए रवाना हो गये। राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद मंगलवार को पीएम मोदी सीवान के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री पूर्वी चंपारण में चुनावी रैली करेंगे। सीवान में वह जदयू उम्मीदवार विजय लक्ष्मी कुशवाहा के लिए वोट मांगेंगे जबकि महाराजगंज में पार्टी प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के लिए वोट की अपील करेंगे। पूर्वी चंपारण में राधामोहन सिंह के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

# बीजेपी बेरोजगारी का बाप और महंगाई की मां है : तेजस्वी

### कहा-प्रधानमंत्री के शासनकाल में 25 करोड़ नौजवान ओवर एज हो गये

प्रात: किरण



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार यात्रा को लेकर निशाना साधा है। कहा कि 25 करोड़ नौजवान प्रधानमंत्री के शासनकाल में ओवर एज हो गये हैं। अब वो कहां नौकरी ढूंढेंगे। उनकी नौकरी की उम्र चली गयी है। लेकिन इस पर मोदी जी नहीं बोलेंगे। तेजस्वी बेरोजगार रहे ना रहे यह महत्व नहीं रखता, महत्व यह रखता है कि देश के नौजवानों को नौकरी क्यों नहीं मिली? बिहार में कारखाना दस साल में एक भी क्यों नहीं खुला? एक भी चीनी मिल क्यों नहीं खुला? जिसका चीनी का चाय प्रधानमंत्री को पीना था। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया गया? किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई? सिलेंडर का दाम 400 से 1200 क्यों हो गया? पेट्रोल और डीजल के दाम सौ के पार कैसे हो गया? हर चीज की कीमत बढ़ती चली गयी। तेजस्वी ने पूछा कि कोई एक स्कीम बताएं जिससे देश के नौजवानों को लाभ हुआ हो। तेजस्वी ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी महंगाई का म गरीबी का ग और बेरोजगारी का ब नहीं बोलते है। नरेंद्र मोदी सिर्फ अपने लिए बिहार आते हैं। वो कभी बिहार के लिए नहीं आए। जबकि इसी बिहार ने दस साल में उन्हें सबकुछ दे दिया। 2014 में 31 सांसद दिया और 2019 में 39 सांसद दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेस्टोरेंट संचालक ने यात्रियों पर किया जानलेवा हमला

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तरी हरिद्वार में देवगंगा फैमिली रेस्टोरेंट में खाना खाने रुके गाजियाबाद के दो यात्रियों के साथ विवाद हो गया। रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारियों ने दोनों यात्रियों पर सरिये से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। तहरीर के आधार पर आरोपी रेस्टोरेंट संचालक और उसके कर्मचारियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार हितेश कुमार पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद निवासी गुरुनानक पपुरा मोदी नगर ने शिकायत देकर बताया कि वह अपने दोस्त अंकित के साथ गंगा स्नान करने हरिद्वार आया था। वह सप्तऋषि चौकी क्षेत्र में होटल वेदांतम में ठहरे थे। शुक्रवार की देर रात होटल से खाना खाने के लिए देवगंगा फैमिली रेस्टोरेंट में चले गए। वहां खाने के ऑर्डर को लेकर रेस्टोरेंट स्वामी दीपक गुप्ता से कहासुनी हो गई। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। दीपक गुप्ता ने कर्मचारी नितेश, सचिन समेत अन्य कर्मचारियों को बुला लिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर सरिया, लाठी-डंडे लेकर दोनों पर हमला कर दिया। रेस्टोरेंट स्वामी ने जान से मारने की बात कहते हुए सरिये से सिर पर वार किए। उसके दोस्त पर भी हमला किया। जिससे सिर में गंभीर चोटें आने से वह लहुलूहान हो गए। किसी तरह वहां से जान बचाकर दोनों भागे। जिला अस्पताल पहुंचकर दोनों ने उपचार कराया। हितेश के सिर में गहरी चोटें आने से 14 टांके लगे हैं। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की निकाली डोली यात्रा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** 25वीं रजत जयंती पर बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की डोली ऋषिकेश पहुंची। शाम को शत्रुघ्न घाट पर गंगा आरती की गई। उसके बाद डोली मधुबन आश्रम में पहुंची। आश्रमाध्यक्ष परमानंद दास महाराज ने विधि-विधान के साथ डोली का स्वागत किया। डोली का रात्रि विश्राम मधुबन आश्रम में रहेगा। रविवार को सुबह यात्रा आश्रम से देहरादून के लिए रवाना होगी। कार्यक्रम संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य विश्व शांति और उत्तराखंड में करीब 1000 मठ-मंदिरों को स्थापित करने का है। इसके अलावा पर्यावरण बचाने, गो सेवा और देव संस्कृति को बचाने के लिए यात्रा निकाली गई है। करीब एक महीने इधर-उधर भ्रमण करने के बाद गंगा दशहरा पर डोली विसोन पर्वत के लिए प्रस्थान करेगी। इस मौके पर नरेंद्र मैठाणी, रुप सिंह बग्याल, भरत सिंह रावत, चंद्र सिंह रावत, भवान सिंह राणा, अरविंद सिंह राणा, मनोज राणा, परमवीर राणा आदि मौजूद रहे।

### गांजा तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** दो किलो गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुंसाई ने बताया कि बीते शुक्रवार को पुलिस सौंग नदी पुल डोईवाला के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास दो किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

### एयरपोर्ट पर दो एयरोब्रिज को मिली डीजीसीए से हरी झंडी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर चार एयरोब्रिज बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिसमें से दो एयरोब्रिज को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से स्वीकृति मिल चुकी है। जून माह से एयरोब्रिज को यात्रियों के लिए खोला जा सकता है। देहरादून एयरपोर्ट पर लगभग 460 करोड़ रुपये की लागत से नया टर्मिनल भवन बनाया गया है। जिसके फेज टू का लोकार्पण इसी साल 14 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया था। टर्मिनल बिल्डिंग को जनता के लिए खोल दिया गया था। फेज टू बिल्डिंग के साथ ही चार एयरोब्रिज बनाने का कार्य शुरू किया गया था। जिसका कार्य अब लगभग पूरा कर लिया गया है। दो एयरोब्रिज को डीजीसीए से निरीक्षण के बाद हरी झंडी भी मिल चुकी है। में यात्रियों को परेशानी होती है।

# सैलानियों ने नौकायन का उठाया आनंद



**नैनीताल।** वीकेंड पर नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों के पर्यटक स्थल सैलानियों से गुलजार रहे। पिकनिक स्पाट पर लोगों ने नौकायन का आनंद लिया। माल रोड समेत नगर के अधिकांश होटलों में दिनभर सैलानियों की आवाजाही बनी रही।

जैसे जैसे तराई भाबर में गर्मी बढ़ रही है, हिल स्टेशनों में सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। शनिवार सुबह से ही नैनीताल, भीमताल, भवाली, सातताल, नौकुचियाताल आदि क्षेत्रों में सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। सैलानियों की आवाजाही बढ़ने के बाद तल्लीताल व मल्लीताल स्थित पार्किंग स्थल भी वाहनों से पैक नजर आए।

### मोबाइल लूट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स रोड पर एक युवक से बात करने के बहाने मोबाइल लूटकर फरार हुए कार सवार तीन आरोपियों को पुलिस और एसओजी देहात ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। लूट में इस्तेमाल कार को सीज कर दिया गया है।

बीते 15 मई को एम्स रोड के निकट 20 बीघा के रहने वाले यशवंत रावत के बेटे से कार सवार तीन युवकों ने बात करने के बहाने मोबाइल मांगा और फिर वापस नहीं दिया। मोबाइल छीना झपटी में यशवंत रावत का बेटा कार के साथ कुछ दूर तक घसीटता हुआ भी गया। जिससे वह घायल हो गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना स्थल के समीप सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारियों के आधार पर पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे थे। शनिवार को एम्स चौकी प्रभारी विनेश और एसओजी देहात की टीम ने कार सवार तीनों आरोपियों को वीरभद्र मंदिर के पास से गिरफ्तार किया।

### 13 मई को मेल के जरिये दी गई थी पंतनगर एयरपोर्ट ब्लास्ट की धमकी, अब पुलिस के हाथ लगा अहम सुराग




**रूद्रपुर, एजेंसी।** पुलिस अधिकारियों के अनुसार जरूरत पड़ने पर एसटीएफ की तकनीकी टीम की भी मदद ली जाएगी। दिल्ली और उप्र के स्कूलों में बम रखने की धमकी के बाद बीती 13 मई को यहां पंतनगर एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिये दी गई थी। इससे एयरपोर्ट प्रशासन से हड़कंप मच उठा था।

इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। इस मामले में पुलिस ने विमानपत्तन सिविल एयरपोर्ट पंतनगर के निदेशक सुमित सक्सेना की तहरीर पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया और साथ ही पंतनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा भी बढ़ा दी।

इसके साथ ही वहां डाग स्क्वायड की मदद से गहन छानबीन भी की गई। पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपित के बारे में जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ ही एसओजी और साइबर सेल की टीम लगी हुई है। इस बीच मामले की जांच कर रही पुलिस टीम को एयरपोर्ट प्रशाासन को भेजे गए धमकी भरे मेल की आइपी मिल गई है।

अब पुलिस टीम धमकी भरा मेल भेजने वाले के इस संबंध में जानकारी जुटा रही है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि धमकी भरे मेल की जांच की जा रही है। इसके लिए पुलिस टीम लगी है। आवश्यकता होने पर एसटीएफ की तकनीकी टीम की भी मदद ली जाएगी।

# रानीबाग में अराजकत तत्वों ने फूंका डेढ़ हेक्टेयर जंगल, बाइक भी जली

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
भीमताल पुल से आगे एचएमटी की तरफ अराजक तत्वों ने जंगल में आग लगा दी। हवा के साथ आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। चार घंटे मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

आग से डेढ़ हेक्टेयर जंगल के साथ ही सड़क पर खड़ी एक बाइक जल गई। शनिवार सुबह 10 बजे नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज में भीमताल पुल व एचएमटी के बीच में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग पहले एचएमटी की ओर बढ़ी। हवा ने रुख बदला तो भीमताल की ओर बढ़ती जली गई।

लपटें उठतीं देख भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन साह ने वन विभाग व दमकल विभाग को दी। दोनों विभागों के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। दमकल विभाग की टीम ने दोपहर दो बजे आग पर पानी की बौछार कर काबू पाया। आग से पेड़-पौधे जल गए।

मनोरा रेंज के रेंजर मुकुल शर्मा ने बताया कि आग से एक हेक्टयेयर से अधिक जंगल जला है। आग पर काबू पा लिया गया था। अराजक तत्वों के बारे में जानकारी जुटाई जा




रही है। आग से सड़क किनारे खड़ी एक बाइक भी जली है।

भीमताल को जाते ही एचएमटी के पास एक पानी का धारा है। इस धारे ने नीचे नदी में उतरने का रास्ता है। जहां पर लोग नहाने के लिए जाते हैं। शनिवार को धारे के पास चार-पांच बाइक खड़ी थीं। पुलिस के अनुसार बाइक सवार नहाने के लिए नदी में गए थे। एक बाइक जल गई। बाकी बाइक दमकल विभाग ने जलने से बचा लीं। शक है कि नहाने गए युवकों में से ही किसी एक ने जंगल में आग लगाई।

आग सड़क पर आते ही राहगीरों में हड़कंप मच गया था। दमकल व वन विभाग ने बड़ी अनहोनी को टाल दिया। क्योंकि जहां पर आग लगी थी। वहां संकरी सड़क है। आग सड़क के आसपास फैलती तो चालक को वाहन मोड़ने का मौका नहीं मिल पाता।

### ब्रेन एन्यूरिज्म की क्लिपिंग सर्जरी कर बनाया कीर्तिमान

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट के न्यूरोसर्जरी विभाग के चिकित्सकों की टीम ने ब्रेन एन्यूरिज्म की सफलतापूर्वक क्लिपिंग सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल का दावा है कि दुनिया में पहली बार 6.3 सेमी के विशाल एन्यूरिज्म का सफल ऑपरेशन किया गया है।

वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. बृजेश तिवारी ने बताया कि देहरादून निवासी 17 वर्षीय युवक 15 दिनों से सिरदर्द और रूक-रूक कर हो रही उल्टी की शिकायत को लेकर उनकी ओपीडी में आए। इसके बाद उनके मस्तिष्क की एमआरआई सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें करवाई गई।

जांच में मस्तिष्क के बांई ओर के आगे के हिस्से में सामान्य से ज्यादा सूजन देखी गई। एंजियोग्राफी करवाने पर 6.3 सेमी के एन्यूरिज्म का पता चला। डॉ. तिवारी के नेतृत्व में डॉ. रंजीत कुमार और डॉ. संजीव पांडेय की टीम ने इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं।

एसआरएचयू के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी। कहा कि अधिकांश एन्यूरिज्म का आकार 2 सेमी से कम होता है। दुनिया में अभी तक 6 सेमी से अधिक आकार के एन्यूरिज्म की सफल क्लिपिंग सर्जरी का रिकॉर्ड मेडिकल जर्नल में भी प्रकाशित नहीं है।

हिमालयन अस्पताल के न्यूरोसर्जन सर्जन डॉ. बृजेश तिवारी के अनुसार, एन्यूरिज्म मस्तिष्क की प्रमुख धमनी की दीवार से निकलने वाली गुब्बारे जैसी सूजन है। एन्यूरिज्म की दीवार सामान्य धमनी की तुलना में कमजोर होती है। यदि एन्यूरिज्म फट जाये, तो मस्तिष्क में बहुत ज्यादा रक्तस्राव होता है। जिसके मौत हो सकती है। ब्रेन हेमरेज के सभी मामलों में से इस विशेष कारण को सबसे खतरनाक माना जाता है।

# उम्र पार कर चुकी हैं 12 जीवनदायिनी, फिर भी भागमभाग

**अल्मोड़ा।** आपातकालीन सेवा 108 मरीजों और गर्भवतियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है और इसे पहाड़ों की लाइफलाइन कहा जाता है। वर्तमान में यह सेवा बदहाली के दौर से गुजर रही है। अल्मोड़ा जिले में अधिकतर एंबुलेंस अपनी उम्र पार कर चुकी हैं, फिर भी इन्हें सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। जिले में संचालित 22 में से 12 एंबुलेंस पहाड़ों पर संचालन के मानक पूरे कर चुकी हैं। बूढ़ी एंबुलेंस आए दिन सड़कों पर हांफ रही हैं और मरीजों, गर्भवतियों की जान आफत में फंस रही है।

जिला मुख्यालय सहित जिले के 11 विकासखंडों में बीमारों और गर्भवतियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए आपातकालीन सेवा 108 की 22 एंबुलेंस का संचालन होता है। हर रोज ये एंबुलेंस 80 से अधिक मरीजों और गर्भवतियों को अस्पताल पहुंचाती हैं। 12 एंबुलेंस ऐसी हैं जो अपनी उम्र पार कर चुकी हैं और फिर भी सड़कों पर दौड़ रही हैं।




मानकों के मुताबिक ये एंबुलेंस ढाई लाख किमी का सफर तय करने के साथ पांच साल की उम्र पूरी कर चुकी हैं, इन्हें उपयोग में नहीं लाया जा सकता। नई एंबुलेंस की व्यवस्था न होने से इन्हें ही सड़कों पर दौड़ाना मजबूरी बन गया है जो मरीजों और गर्भवतियों पर भारी पड़ रहा है।

# 96.15 करोड़ से बन रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की सीवर लाइन का ट्रायल फेल

**नैनीताल।**
नगर में सीवर की समस्या के समाधान के लिए 96.15 करोड़ से बन रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के कार्य में शुरुआत से ही सवाल उठ रहे हैं। पहले सीवर प्लांट के समीप भूस्खलन हुआ और अब सीवर लाइन का ट्रायल फेल हुआ। सीवर लाइन में लगे स्टॉपर के नट-बोल्ट क्षतिग्रस्त होने से सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। ऐसे में आवाजाही कर रहे लोगों व ग्रामीणों को दुर्गंध से परेशान होना पड़ा। लोग एक बार फिर कार्यदायी संस्था के कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

नैनीताल में 96.15 करोड़ की लागत से सीवर परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। शहर के मल्लीताल, मालरोड, तल्लीताल क्षेत्र में बिछाई गई सीवर लाइनों के ट्रीटमेंट के साथ ही हनुमानगढ़ी से रूसी तक करीब 4400 मीटर सीवर लाइन बिछाई गई है। वहीं बरसात के दौरान रूसी में बन रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के समीप भूस्खलन के चलते काम रोकना पड़ा था। इन दिनों सीवर लाइन बिछाने के बाद एडीबी की ओर से सीवर लाइन का ट्रायल शुरू किया गया।



शनिवार को एडीबी की ओर से सीवर लाइन का ट्रायल किया गया। सीवर लाइन में (13 बार) प्रेशर डालने के बाद एरीज व ताकुला बीच लाइन में लीकेज हो गया। देखते ही देखते लाइन में लगे स्टॉपर के नट-वोल्ट टूटने से सीवर का गंदा पानी बहने लगा। इससे पहले कि टीम सीवर लाइन को जोड़ती, गंदा पानी जंगल से बहते हुए ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंच गया। जिसके चलते देर तक आवाजाही प्रभावित रही। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि तीन दिन से सीवर लाइन का ट्रायल किया जा रहा है। तीसरे दिन शनिवार को लाइन में 13 बार दबाव देने के बाद लाइन में लगे स्टॉपर के नट-वोल्ट टूट गए। जिसके चलते सीवर का पानी सड़कों पर हने लगा। जल्द ही सड़क में वायर क्रेट वाल व चैंबर बनाकर लाइन की मरम्मत कर दोबारा ट्रायल किया जाएगा।

नैनीताल। सीवर लाइन का गंदा पानी जल स्रोतों तक जाने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हिमांशु पांडे ने कार्यदायी संस्था की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही से सीवर का गंदा पानी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया है। जिससे पानी के स्रोतों में भी गंदगी फैल गई है। उन्होंने जल्द से जल्द सीवर लाइन की मरम्मत कर क्षेत्र में फैली गंदगी को साफ करने की मांग की है। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि सीवर लाइन में लीकेज के चलते बेलुवाखान व रिया गांव के जल स्रोतों में गंदगी फैली हुई थी। जिसे हाइपोक्लोराइड से साफ करा दिया गया है।

नैनीताल। नगर में 96.15 करोड़ की लागत से बन रहे सीवर ट्रीटमेंट परियोजना के तहत रूसी में बन रहे एसटीपी की तलहटी पर बीते वर्ष अगस्त माह में भूस्खलन प्लांट तक पहुंच गया था। जिसके चलते सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भूस्खलन की भेंट चढ़ने की कगार में आ गया था। क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन से रूसी गांव को भी खतरा बना हुआ था। जिसके बाद से प्रशासन ने प्लांट में काम रोक दिया था और प्लांट के लिए अन्यत्र जगह खोजने के निर्देश दिए थे।

नैनीताल में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी नई सीवर लाइन बिछाने व रूसी बाईपास में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य कर रही है।

### फुटपाथ पर बिक रहे काफल के आगे फिका फलों का राजा आम, बिक रहा 350-400 रुपये किलो तक

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बेडू पाको बारा मासा, नरैणा काफल पाको चैता मेरी छैला...। यह कुमाऊंनी गीत और काफल हर कुमाऊंनी व्यक्ति की चाहत है। काफल को आज तक सरकार बाजार उपलब्ध नहीं करा पाई है। यह आज भी पगडंडियों या फिर बाजार में फुटपाथ पर ही बिक रहा है। इसके बावजूद काफल ने फलों के राजा आम को ढेर कर दिया है।

बाजार में इस समय मौसमी फल छाए हुए हैं, मगर बात चाहे स्वाद व पसंद की हो या फिर कीमत की, पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले काफल, आड़ू, पुलम, खुबानी आदि फल अन्य फलों पर हावी हैं। काफल की कीमत ने तो सभी फलों को पीछे छोड़ दिया है। काफल आम से पांच गुना ज्यादा कीमत पर बिक रहा है। काफल से महंगा बाजार में कोई फल नहीं है। इसकी डिमांड भी सबसे ज्यादा है।

आम जहां 60 से 80 रुपये किलो तक बिक रहा है, वहीं काफल 400 रुपये किलो तक बिक रहा है। आड़ू, पुलम, खुमानी के रेट भी 100 रुपये से नीचे नहीं हैं। काफल हल्द्वानी मंडी में नहीं आता, यह फुटपाथों पर ही बिकता है। महिला अस्पताल के सामने फुटपाथ काफल बेचने वाले बृजेश बिहार के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि एक दिन में करीब 10 किलो तक बिक जाता है।

# केजरीवाल की जान को खतरा, भाजपा-प्रधानमंत्री के इशारे पर सरेआम दी जा रही धमकी- संजय सिंह

- प्रधानमंत्री और भाजपा नफरत और बदले की भावना में इतने डूब गए हैं कि अब वो केजरीवाल की जान लेने की साजिश रच रहे है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है। दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर लिखकर अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशनों पर लिखी गई धमकी की फोटो जारी करते हुए कहा कि अंकित गोयल नामक युवक द्वारा खुलेआम अरविंद केजरीवाल पर हमला करने की धमकी लिखी गई है और इसकी भाषा भी वही है, जो भाजपा बोलती है। इससे पहले, इन लोगों ने 23 दिनों तक जेल में केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी। जब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया, तब जाकर केजरीवाल इंसुलिन मिली और उनकी जान बच पाई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और भाजपा नफरत और बदले की भावना में इतने डूब गए हैं कि अब वो केजरीवाल की जान लेने की साजिश रच रहे है। इसलिए आम आदमी पार्टी शासन-प्रशासन और चुनाव आयोग को ये बताना चाहती है कि अगर केजरीवाल को एक खरोंच भी आती है तो इसके लिए भाजपा और मोदी जी जिम्मेदार होंगे।

सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं तब से लगातार उन पर हमले का प्रयास हो रहा है। यहां तक कि केंद्रीय गृहमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी सवाल उठा दिया। ये इतने बौखलाए हुए हैं कि अब अरविंद केजरीवाल को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने के लिए तैयार हैं। ये ऐसे हमला करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें उनकी जान भी जा सकती है। यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि बीजेपी ने कई बार अरविंद केजरीवाल पर हमला करने की कोशिश की है। लेकिन आज अरविंद केजरीवाल जगह-जगह खुलेआम धमकी दी जा रही है। पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर लिखकर हमला करने की धमकी दी जा रही है।

संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर यह हमला करने की तैयारी भारतीय जनता पार्टी द्वारा की जा रही है और इसका पूरा संचालन पीएमओ और देश के प्रधानमंत्री के द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नफरत, घृणा और बदले की भावना में इस कदर आगे बढ़ चुके है कि वो अरविंद केजरीवाल को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार हैं। बीजेपी अपनी नफरत और बदला लेने की भावना में इस स्तर तक आ गई है कि वो अरविंद केजरीवाल की जान लेने को तैयार है। आप चुनाव में नहीं जीत सकते तो ये सब हथकंडे अपनाते हैं। आप चुनाव में हार रहें हैं तो बौखलाहट में क्या कुछ भी करेंगे?

सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर पहले भी हमले होते रहे हैं। मैं साफ तौर पर शासन-प्रशासन, चुनाव आयोग और सबको बताना चाहता हूं कि जो भी हमला अरविंद केजरीवाल पर करने की तैयारी है, अगर ऐसा कुछ भी होता है तो इसके लिए सीधे-सीधे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पीएओ और बीजेपी जिम्मेदार होंगे। हम कोई भी बात बेबुनियाद और हवा में नहीं करते हैं। अरविंद केजरीवाल को 23 दिन तक जेल में इंसुलिन नहीं दिया गया, तो हम न्यायालय गए और कोर्ट के आदेश के बाद उनकी जान बच पाई। वरना जेल में भी एक बड़ा षड्यंत्र हो रहा था। शायद उस षड्यंत्र को समझकर ही सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को राहत दी। सांसद संजय सिंह ने पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर एक शख्स द्वारा लिखी गई धमकियों की तस्वीरें मीडिया में दिखाते हुए कहा कि ये अंकित गोयल नाम के शख्स द्वारा लिखी गई धमकी है। इस व्यक्ति द्वारा लिखी गई भाषा ठीक वही है, जो भाजपा बोलती है। देश की राजधानी दिल्ली में पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुलेआम धमकी लिखी जा रही है। उनपर हमला करने की खुलेआम धमकी दी जा रही है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि तीन बार के निर्वाचित एक मुख्यमंत्री को खुलेआम हमला करने और मारने की धमकी दी जा रही है, लेकिन इस बात को लेकर चारों तरफ एकदम सन्नाटा है।

## सरिता विहार फ्लाईओवर दो महीने के लिए बंद होगा

नई दिल्ली। सरिता विहार फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य 10 जून से शुरू होगा। इसके चलते 60 दिनों के लिए चार अलग-अलग चरणों में फ्लाईओवर के हिस्सों को बंद किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, पहले यह कार्य जून 2023 में होना था, लेकिन उस समय यह काम नहीं हो सका था। इसके बाद बीती एक मई का समय तय किया गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते यह अनुमति नहीं दी गई थी। मथुरा रोड से रोजाना लाखों गाड़ियां दिल्ली-फरीदाबाद के बीच सफर करती हैं। व्यस्त समय पर यहां वाहनों का दबाव काफी ज्यादा रहता है। इसके कारण मरम्मत कार्य चार चरणों में किया जाएगा। इसके चलते एक समय पर पूरी फ्लाईओवर बंद नहीं होगा। केवल एक दिशा में फ्लाईओवर की आधी लेन बंद होंगी जबकि आधी लेन पर गाड़ियां चलती रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में आश्रम से फरीदाबाद जाने की दिशा में मरम्मत कार्य होगा, दूसरे चरण में इसी दिशा के बचे हुए आधे फ्लाईओवर की मरम्मत होगी। तीसरे और चौथे चरण में फरीदाबाद से आश्रम आने की दिशा में मरम्मत कार्य किया जाएगा। वैकल्पिक रास्तों की सूची हो रही तैयार अधिकारियों का मानना है कि लोगों को यहां जाम का सामना करना पड़ सकता है। खासतौर से सरिता विहार, बदरपुर, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, कालिंदी कुंज, ओखला, फरीदाबाद आदि जगह आने-जाने वालों को इसकी वजह से परेशानी होने की संभावना है।

# चलती ऑटो से युवती से छीन लिया था उसका मोबाइल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आनंद पर्वत थाना की पुलिस टीम ने एक मोबाइल झपटमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से मोबाइल भी बरामद किया गया। आरोपी की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इसके ऊपर पहले से पांच मामले चल रहे हैं। एसएचओ सुभाष चंद्र की देखरेख में सहायक सब इंस्पेक्टर अशोक, हेड कांस्टेबल सुरेश और रणबीर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इसके बारे में पता लगाया था। फिर उसी के आधार पर मिली जानकारी पर पुलिस टीम ने इसे छापा मारकर गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई। पता चला की यह देशबंधु गुप्ता रोड इलाके में ही पांच वारदात को अंजाम दे चुका था। इस बार इसने आनंद पर्वत इलाके में वारदात को अंजाम दिया। जिसमें पुलिस टीम ने इसे घर दबोचा। जब 16 मई को एक युवती ऑटो से घर लौट रही थी, तभी इसने रोहतक रोड पर चलती ऑटो से महिला का मोबाइल छीनकर फरार हो गया। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम कर रही है।

# प्रेमिका ने प्रेमी को तवा से पीटकर मार डाला, महिला को निजी जीवन में पसंद नहीं थी दखलअंदाजी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सदर थाना क्षेत्र के गांव टिकरी में शनिवार रात युवक की हत्या के मामले में प्रेमिका को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का पदार्फाश कर दिया। युवती ने दखलअंदाजी पर युवक के सिर और गले पर तवा मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह युवक का फोन लेकर फरार हो गई थी। युवक के भाई ने थाने में हत्या का केस दर्ज कराया था।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि उन्हें टिकरी गांव स्थित मकान में एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। सूचना पाकर थाना पुलिस, सीन ऑफ क्राइम, एफएसएल व फिंगरप्रिंट की टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कमरे में मिला था मोबाइल नंबर शव के पास से कोई भी आईडी प्रूफ न मिलने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। रविवार को उसके कमरे की तलाशी ली गई, तब एक नंबर मिला। उसके आधार पर शव की पहचान पानीपत के बापोली निवासी विक्की (28) के रूप में की गई। उसके स्वजन गुरुग्राम पहुंचे।



भाई ने थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। बताया गया कि विक्की आठ वर्षों से गुरुग्राम में रहकर एक निजी अस्पताल में पेट केयर (कुत्तों की देखभाल) के रूप में नौकरी कर रहे थे।

फोन डिटेल और सीसीटीवी कैमरे से हुई पहचान सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अर्जुन देव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना को अंजाम देने वाले का कोई सुराग नहीं था। इसके बाद तकनीकी सहायता लेकर फोन डिटेल और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई। इससे एक युवती की पहचान हुई। पुलिस टीम ने रविवार रात युवती को शक के आधार पर घाटा गांव से हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान बहरामपुर निवासी नीतू (34) उर्फ निशा के रूप में की गई। कड़ाई से पूछताछ में उसने हत्या की वारदात स्वीकार कर ली। नीतू के भाई और विक्की में हुई थी हाथापाई नीतू से पुलिस पूछताछ में पता चला कि विक्की कच्ची कॉलोनी में पेट केयर का काम करते थे। नीतू और विक्की लगभग 6 साल से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। विक्की नीतू की जिंदगी में ज्यादा दखलअंदाजी करने लगा था, जिसके कारण वह विक्की से पीछा छुड़ाना चाहती थी।

शनिवार रात नीतू और उसका भाई विक्की के कमरे पर पहुंचे। यहां नीतू के भाई और विक्की ने शराब पी। इसके बाद विक्की ने नीतू के परिवार के बारे में गाली-गलौज की। इस पर नीतू के भाई और विक्की में हाथापाई होने लगी। नीतू ने घर में रखे तवे से विक्की के गले और सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए नीतू विक्की का फोन लेकर भाग गई। पुलिस युवती को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। उससे उसके भाई के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# मदर डेयरी के पास सरेआम लूट लिया था मोबाइल लूटा

- पेट्रोलिंग टीम ने पीछाकर बाइक सवार बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजौरी गार्डन थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर झपटमार को गिरफ्तार किया है। जो मोबाइल लूट की वारदात को मोटरसाइकिल से अंजाम देता था। इसकी पहचान मोहम्मद मारसलीम के रूप में हुई है, यह दिल्ली का रहने वाला है। इसके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और तीन लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया गया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि राजौरी गार्डन और नबी करीम थाना के तीन मामलों का खुलासा किया गया है।



पुलिस के अनुसार एक वारदात के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी। जिसकी छानबीन राजौरी गार्डन थाना की पुलिस टीम ने की। पीड़ित ने बताया था कि मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने उसका मोबाइल लूट लिया है, टैगोर गार्डन मदर डेयरी के पास। उस इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मी को तुरंत भेजा गया। बाइक सवार जिधर भगा, पुलिसकर्मी पीछा करके उसको दबोचा।

उससे पूछताछ की गई और तलाशी की गई तो तीन मोबाइल बरामद किए गए। उसके खिलाफ मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पता चला कि यह वेस्ट दिल्ली इलाके में ही मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देता था।

# केजरीवाल और के कविता के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर कल भी जारी रहेगी सुनवाई

राऊज एवेन्यू कोर्ट में सोमवार को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी और बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले में हुई. यह कल यानी मंगलवार को भी सुनवाई जारी रहेगी. ईडी ने 17 मई को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल किया था, जिसमें आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया है. उसके पहले 10 मई को ईडी ने छठी पूरक चार्जशीट दाखिल किया था. इसमें बीआरएस नेता के कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपी बनाया गया था. इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार होने वालों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के कविता शामिल हैं. केजरीवाल फिलहाल 1 जून तक की अंतरिम जमानत पर हैं. जबकि, संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल चुकी है. बता दें, 21 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने उसी दिन देर शाम उनको पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था. ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था. इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था.

## आईपी : एमफिल प्रोग्राम में दाखिले के लिए 22 मई तक होंगे आवेदन

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय( आईपीयू ) के एमफिल क्लिनिकल साइकोलॉजी और एमफिल साइकेटरिक सोशल वर्क प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन इस तिथि के बाद आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इससे पहले इस प्रोग्राम में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई थी। विवि प्रशासन ने आवेदकों की सहूलियत के लिए इसे 22 मई तक बढ़ा दिया था। दो वर्षीय यह प्रोग्राम राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में उपलब्ध है। दोनों प्रोग्राम में क्रमशः 13 और 12 सीटें उपलब्ध हैं। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट( सीईटी ) के आधार पर होगा। इसके लिए सीईटी परीक्षा दो जून को आयोजित की जाएगी।

# उबर को दिल्ली में बस चलाने के लिए DTC से मिला लाइसेंस

नई दिल्ली। ऐप आधारित ऑनलाइन कैब बुकिंग सेवा देने वाली कंपनी उबर को दिल्ली परिवहन विभाग से सरकार की प्रीमियम बस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में बसें संचालित करने के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस प्राप्त हुआ है। एग्रीगेटर से आशय कारोबारी मॉडल से है। यह एक नेटवर्क मॉडल होता है जिसके तहत सेवा प्रदाताओं और सेवा लेने वालों को एक मंच पर जोड़ा जाता है।

कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली बस संचालन के लिए लाइसेंस देने वाला पहला राज्य बन गया है। वहीं उबर दिल्ली प्रीमियम बस योजना के तहत लाइसेंस लेने वाली पहली एग्रीगेटर बन गई है। उबर शटल इंडिया के प्रमुख अमित देशपांडे ने कहा, एक सफल पायलट कार्यक्रम के बाद हम आधिकारिक तौर पर दिल्ली में बस की सुविधा शुरू करने से उत्साहित हैं। पायलट कार्यक्रम के दौरान हमने बसों की महत्वपूर्ण मांग देखी। ग्राहक उबर ऐप पर उबर शटल विकल्प चुनकर अपने पसंदीदा रूट पर सीट की पहले से बुकिंग कर सकेंगे। बयान के अनुसार, दैनिक आवागमन की जरूरतों के हिसाब से तैयार बस सेवा उबर शटल की औपचारिक शुरूआत पायलट कार्यक्रम की सफलता के बाद हुई है। पिछले साल से पश्चिम बंगाल में इसका परिचालन किया जा रहा है। इस संबंध में कंपनी ने सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये थे। इसमें कहा गया है कि यात्री उबर ऐप के माध्यम से एक सप्ताह पहले तक सीट की पहले से बुकिंग कर सकेंगे। बस की लाइव लोकेशन और मार्ग को जानकारी प्राप्त सकेंगे और उसके आने के अपेक्षित समय को भी देख सकेंगे। प्रत्येक शटल वाहन में 19 से 50 यात्रियों के बैठने की जगह होगी। उबर की तकनीक का उपयोग करके बस संचालन से जुड़े स्थानीय भागीदार इसका संचालन करेंगे।

# आईपीयू में बीटेक छात्रों को ब्रांच बदलने का अवसर

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में बीटेक के कोर्स में दाखिला ले चुके और पहले वर्ष को पूरा कर चुके छात्र अब अपने तीसरे सेमेस्टर में अपनी ब्रांच को बदल (अपग्रेडेशन करने) सकते हैं। विश्वविद्यालय ने इस बाबत छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक छात्र 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। यह बदलाव मेरिट के आधार पर बीटेक की किसी एक शाखा में ही हो सकेगा। विश्वविद्यालय की ओर से ब्रांच बदलने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि अवसर उन्हीं छात्रों को मिलेगा, जिन्होंने बीते साल बीटेक की किसी शाखा (ब्रांच) में दाखिला लिया था और अब वह दूसरे साल यानी तीसरे सेमेस्टर में उस शाखा को बदलने के इच्छुक हैं। यदि कोई छात्र बीटेक आईटी कर रहा है और अब वह बीटेक की किसी अन्य शाखा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग या मैकेनिकल एंड एरोस्पेस इंजीनियरिंग में बदलाव चाहता है तो वह कर सकता है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के तहत किसी एक संस्थान-कॉलेज से दूसरे संस्थान व कॉलेज या उसी संस्थान की दूसरी पाली से पहली पाली या पहली से दूसरी पाली में आने की मंजूरी नहीं दी जाएगी। इच्छुक छात्र को आईपीयू के स्कूल, इंस्टीट्यूट के डीन, निदेशक के नाम से एक आवेदन फार्म भरकर आवेदन करना होगा। यह बदलाव छात्रों की पहले वर्ष (पहले व दूसरे सेमेस्टर) के प्रदर्शन के आधार पर तैयार मेरिट से होगा और यह तभी संभव हो सकेगा जब उस शाखा में सीटें खाली होंगी। ब्रांच बदलने की मंजूरी पाए आवेदनों की सूची को 20 जून तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इससे पहले समय पर प्राप्त आवेदनों की पूरी सूची वेबसाइट पर 10 जून को प्रदर्शित की जाएगी। एमफिल प्रोग्राम में 22 मई तक आवेदन का अवसर : आईपी यूनिवर्सिटी के एमफिल (क्लिनिकल सायकॉलोजी) कोड 157 और एमफिल ( सायकेटरिंक सोशल वर्क) कोड 199 प्रोग्राम में दाखिले के लिए 22 मई तक आवेदन किया जा सकता है। द्विवर्षीय यह प्रोग्राम राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के मनोचिकित्सा विभाग में उपलब्ध है। दोनों प्रोग्राम में क्रमशः 13 और 12 सीटें उपलब्ध हैं।

# आप ने जारी किया दिल्ली के भाजपा सांसदों का रिपोर्ट कार्ड, 66% फंड नहीं खर्च करने का आरोप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में भाजपा के सातों सांसदों को 124 करोड़ रुपये का बजट पांच साल में जनता की समस्याओं के समाधान व सुविधाओं पर खर्च करने के लिए आवंटित होता है. उसमें से 81 करोड़ रुपये भाजपा के सातों सांसदों ने नहीं खर्च किया. यह जानकारी साझा करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता जैस्मिन शाह ने भाजपा को घेरा और कहा कि भाजपा दिल्ली के लोगों के लिए काम नहीं करना चाहती है. क्योंकि उन्हें वोट तो मिल ही जाता है. दिल्ली में सांसदों ने सिर्फ 33 प्रतिशत पैसा खर्च किया. जो देश में सबसे न्यूनतम है. जैस्मिन शाह ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के सातों सांसदों ने दिल्ली के लोगों के लिए क्या काम किया यह नहीं बता पा रहे हैं. सिर्फ गाली, गलौच, गाय, भैंस, मंगलसूत्र की राजनीति कर रहे हैं. एक भी काम गिनाने में भाजपा असफल रही है. दूसरी ओर दिल्ली में लॉ एंड आर्डर संभालने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है. दिल्ली देश का क्राइम कैपिटल बन गया है. इससे लोग परेशान हैं. हर साल करोड़ों रुपये सांसदों को खर्च करने के लिए मिलते हैं. यह पैसा दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए बजट का प्रयोग करें.

उन्होंने कहा कि दिल्ली में 2019 से 2024 के बीच में सातों लोकसभा सांसद को कुल 124 करोड़ रुपये मिले थे. इन्होंने 81 करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए. यानी की 66 प्रतिशत पैसा भाजपा के सातों सांसदों ने बर्बाद किया. इस 81 करोड़ रुपये में जनता के कितने काम हो सकते थे. जनता के लिए कितने क्लीनिक खोले जा सकते थे. साथ ही ला एंड आर्डर की समस्याओं का हल निकाला जा सकता था. सीसीटीवी कैमरे लग सकते थे. सड़कें बन सकती थीं, नालियों का काम हो सकता था. जैस्मिन शाह ने कहा कि इतने निठल्ले और कामचोर एमपी देश में किसी को नहीं मिले होंगे.

जैस्मिन शाह ने कहा कि भाजपा के सांसदों ने दिल्ली में 33 प्रतिशत पैसा विकास कार्यों में खर्च किया है, जो देश में सबसे न्यूनतम है. गुजरात में सभी सांसद भाजपा के हैं. उन्होंने 50 प्रतिशत बजट ही खर्च किया. राजस्थान में भी सभी सांसद भाजपा के हैं. यहां पर 43 प्रतिशत बजट खर्च किया गया. वहीं हरियाणा में 46 प्रतिशत बजट खर्च किया गया. दिल्ली में भाजपा के सांसद पीछे से अव्वल हैं. इससे जाहिर है कि भाजपा ने ठान लिया है कि उनके लिए काम नहीं करना है. वह केजरीवाल की तरह क्लीनिक, स्कूल, अस्पताल नहीं बनाएंगे, सीसीटीवी कैमरा नहीं लगवाएंगे.

दिल्ली में सांसदों ने कितने पैसे खर्च किये चांदनी चौक से सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने 22 करोड़ में 7.5 करोड़ रुपये खर्च किया.

पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने 17 करोड़ में से 7 करोड़ रुपये खर्च किया.उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने 17 करोड़ करोड़ में से 7 करोड़ खर्च किया.

पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा को 17 करोड़ का बजट मिला, 5 करोड़ खर्च किया.

उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद हंसराज हंस ने 17 करोड़ में से 5 करोड़ रुपये खर्च किया.

दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी ने 17 करोड़ में से 7 करोड़ रुपये खर्च किया.

# घर से वोट:पश्चिम दिल्ली सीट पर सबसे ज्यादा मतदान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की सात लोकसभा सीट में से पश्चिम दिल्ली में सबसे अधिक मतदाताओं ने ह्यह्यघर से मतदान के विकल्प का इस्तेमाल किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक उम्र के 969 लोगों और 179 दिव्यांगों ने ह्यह्यघर से मतदान की सुविधा का इस्तेमाल किया है। खास बात यह है कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर वोडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें वैलेट बॉक्स पर सीलिंग नहीं होने पर सवाल भी उठाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तरीखों की घोषणा के साथ अपनी तरह की इस पहली योजना का ऐलान किया था। आयोग ने वोट फ्रॉम होम (घर से मतदान) योजना 85 साल से अधिक उम्र के लोगों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए शुरू करने की घोषणा की थी। आंकड़ों के मुताबिक नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक उम्र के 909 और दिव्यांग श्रेणी के 70 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। दिल्ली की सात लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। दिल्ली के निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने 16 मई से घर से मतदान का विकल्प देना शुरू किया और दोनों श्रेणी के मतदाता इस सुविधा का इस्तेमाल 24 मई तक कर सकेंगे। आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को इन दोनों श्रेणी (85 साल से अधिक उम्र और दिव्यांग) के 4,774 मतदाताओं ने घर से मतदान की सुविधा का इस्तेमाल किया। आंकड़ों के मुताबिक चांदनी चौक सीट से 549 मतदाताओं ने, उत्तर पूर्व दिल्ली से 397 मतदाताओं ने, पूर्वी दिल्ली से 801 मतदाताओं ने, उत्तर पश्चिम दिल्ली से 430 ने, दक्षिण दिल्ली से 470 मतदाताओं ने घर से मतदान की सुविधा का इस्तेमाल किया। आयोग के मुताबिक दिल्ली की सात सीट पर घर से मतदान की अर्हता रखने वाले 88.31 प्रतिशत मतदाताओं ने यह विकल्प चुना है। एक विज्ञप्ति के मुताबिक घर से मतदान की सुविधा के लिए चुनाव अधिकारियों की टीम और सुरक्षाकर्मी मतदाता के आवास पर जाते हैं और मत एकत्र करते हैं। मतदाता को पहले ही उसके घर आने की जानकारी दी जाती है और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है।

# दिल्ली पुलिस को अभी तक नहीं मिले इन सवालों के जवाब

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना कांग्रेस के इंटरनेट मीडिया सेल के छह अन्य कार्यकताओं को आरोपित बना उनके खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट से वारंट जारी करवा दिया है। इन्हें जांच में शामिल होने के लिए चार से अधिक बार दिल्ली पुलिस नोटिस भेज चुकी है, लेकिन ये कोई न कोई बहाना बना तेलंगाना हाईकोर्ट का गिरफ्तारी पर रोक लगाने का हवाला देकर अपने-अपने अधिवक्ताओं के जरिए पुलिस के नोटिसों का जवाब भेज जांच में शामिल होने से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए दिल्ली पुलिस ने इनके खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट से वारंट जारी करवा लिया है। अब 12 जून को तेलंगाना हाईकोर्ट का आदेश गिरफ्तारी से रोक हटने के बाद दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर सकती है।

अभी तक नहीं मिला यह जवाब

पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपितों द्वारा जांच में शामिल न होने के कारण अब तक यह पता नहीं लग पाया है कि फेक वीडियो किसने और कहां बनाया था। वीडियो किसके निर्देश पर बनाया गया और उसने किन-किन लोगों को वीडियो भेजे थे।

हैदराबाद पुलिस ने भी दर्ज किया था केस फेक वीडियो का मामला सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस जब जांच करने हैदराबाद पहुंची और कुछ आरोपितों की पहचान कर उनसे पूछताछ शुरू की, तभी फेक वीडियो के मामले में हैदराबाद पुलिस ने भी एक केस दर्ज कर कुछ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन चंद दिन बाद ही उन्हें जमानत भी मिल गई।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने लगाई गिरफ्तारी पर रोक दिल्ली पुलिस ने जब उन्हें अपने मुकदमे में गिरफ्तार करने की कोशिश की, तब उन लोगों ने तेलंगाना हाईकोर्ट का रूख कर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की गुहार लगाई। जिस पर हाईकोर्ट ने 12 जून तक के लिए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। बार-बार भेजा नोटिस

हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक लगने तक दिल्ली पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर यह जान लेना चाह रही थी कि वीडियो बनाया किसने था। इसलिए पुलिस उन्हें बार-बार नोटिस भेज जांच में शामिल होने के लिए कहती रही, लेकिन कोई भी जांच में शामिल होने नहीं आया।

तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया तो... अब 12 जून के बाद भी आरोपी अगर तेलंगाना हाईकोर्ट का रूख करेंगे, तब उन्हें संभवतः दिल्ली के कोर्ट में जाने के लिए कहा जा सकता है। पुलिस 12 जून का इंतजार कर रही है, उसके बाद आगे की कार्रवाई तेज करेगी। भाजपा को नुकसान पहुंचाना था मकसद जांच से यह साफ हो गया कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में नुकसान पहुंचाने के मकसद से ही केंद्रीय मंत्री अमित शाह का फेक वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया था। लोगों को यह संदेश देने की कोशिश की गई कि गृह मंत्री ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाह रहे हैं। इस मामले में तेलंगाना कांग्रेस के इंटरनेट मीडिया सेल का काम देखने वाले सात कार्यकताओं की पहचान की गई।

इन्होंने एक वॉट्सऐप ग्रुप बना रखा था, जिसमें कुछ लोग एडमिन थे। मामले में गोवा गीता व वामसी कृष्णा समेत तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा शंकर, पार्टी प्रवक्ता आसमा तस्लीम, इंटरनेट मीडिया प्रभारी माने सतीश व इंटरनेट मीडिया कन्वेनर नवीन पटेल को आरोपित बनाया गया है।

# कन्हीया कुमार के समर्थन में सीएम केजरीवाल कल करेंगे रोड शो, जमशेदपुर में भी चुनावी रैली में होंगे शामलि

- इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनि तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है उनमें नॉर्थ ईस्टन, नॉर्थ वेस्ट (एससी) और चांदनी चौक लोकसभा सीट प्रमुख रूप से शामलि हैं.

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



25 मई को सातों लोकसभा सीटों पर होने वाली वोटगिं की तारीख नजदीक आ रही है, जिसके चलते राजनीतकि दलों ने भी अपनी चुनावी रैलयिों और जनसभाओं की रफ्तार को तेज कर दयिा है. चार सीटों पर चुनाव लड़ रहे आम आदमी पार्टी के कैंडडिेट्स के पक्ष में दल्लिी के सीएम अरविंद केजरीवाल कई रोड शो कर चुके हैं. अब वह मंगलवार को इंडयिा गठबंधन के कांग्रेस प्रत्यांशी कन्हैीया कुमार के समर्थन में रोड शो करेंगे. सीएम केजरीवाल मंगलवार को ही चुनाव प्रचार के लिए झारखंड भी जाएंगे और जमशेदपुर में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नील कल्पंना सोरेन और राज्यु के मुख्यरमंत्री चंपई सोरेन के साथ मंच साझा करेंगे. इससे पहले झारखंड में पछिले दनिों हुई इंडयिा गठबंधन की रैली में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शरिकत की थी. तब उन्होंने मंच से अरवदि केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गरिफ्तारी को लेकर सवाल खड़े कए थे और केंद्र सरकार पर जमकर नशिाना साधा था. वहीं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 10 मई अंतरमि जमानत पर बाहर आए अरवदि केजरीवाल, लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हैं. आप सुप्रीमो केजरीवाल ने दल्लिीम, हरयिाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्रे और दूसरे कई राज्योंर में चुनावी जनसभाएं, रैली और साझा प्रेस कॉन्फ्रें स की है. अब वह झारखंड के जमशेदपुर की रैली में शामलि होने जा रहे हैं. गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी दल्लिी की लोकसभा सीटों में से चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस तीन सीटों पर इंडिया गठबंधन के तहत लड़ रही है. इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनि तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है उनमें नॉर्थ ईस्टन, नॉर्थ वेस्ट (एससी) और चांदनी चौक लोकसभा सीट प्रमुख रूप से शामलि हैं. नॉर्थ ईस्टट सीट से कन्हैरया कुमार, नॉर्थ वेस्टी से डॉ. उदति राज और चांदनी चौक से जय प्रकाश अग्रवाल चुनावी समर में उतरे हैं. वहीं, आम आदमी पार्टी की तरफ से ईस्टत सीट पर कुलदीप कुमार, वेस्टस सीट पर महाबल मश्रिा, साउथ दिल्ली सीट पर सहीराम पहलवान और नई दल्लिी सीट पर सोमनाथ भारती चुनावी मैदान में हैं. इन सभी सीटों पर 25 मई को मतदान होगा और परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे. अभी तक सीएम केजरीवाल ने कांग्रेस कैंडडिेट्स उदति राज और जय प्रकाश अग्रवाल की सीटों पर ही रोड शो कयिा है.

## जब तक केजरीवाल है, फ्री बस यात्रा बंद नहीं होगी: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में सोमवार को नुक्कड़ सभा की। उन्होंने आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार के पक्ष में सभाएं की। सीएम केजरीवाल पत्नी सुनीता के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने इस दौरान लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि वह सीधे जेल से यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि वह आए तो हैं लेकिन 2 जून को फिर चले जाएंगे। इस पर भीड़ से आवाज आई कि अब नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा कि माताजी आपका आशीर्वाद रहा तो हम जेल नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 मई को अगर आपने कमल पर बटन दबाया तो हम फिर जेल चले जाएंगे। अगर आपने झाड़ू पर बटन दबाया तो हम जेल नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्या कसूर है जो उन्हें जेल में डाला गया? उनका कसूर यही है ना कि उन्होंने आपके बच्चों के लिए स्कूल बनाया। आपके लिए मोहल्ला क्लिनिक खोला और बस में यात्रा फ्री कर दी। उन्होंने कहा कि वह 10 साल से इंसुलिन ले रहे हैं।

## स्वाति मालीवाल का दांव नहीं चला तो अब केजरीवाल पर हमला कराने की साजिश कर रही भाजपा- आतिशी

- 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी, पुलिस और सीआईएसएफ की मौजूदगी के बावजूद मेट्रो स्टेशन पर कोई कैसे धमकी लिखकर चला जाता है- आतिशी
- अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर निकलने के बाद से ही भाजपा और मोदी जी उन पर एक के बाद एक हमले की साजिश कर रहे हैं- आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर आने के बाद से उनके खिलाफ लगातार हमले की साजिश रचे जाने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और प्रधानमंत्री को आड़े हाथ लिया है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि जब स्वाति मालीवाल वाला दांव नहीं चला तो भाजपा अब अरविंद केजरीवाल पर हमला कराने की साजिश कर रही है। मालीवाल को पहले एसीबी जांच का डर दिखाया गया, फिर उनको मोहरा बनाकर केजरीवाल पर आरोप लगाने की साजिश रची गई, लेकिन सीएम हाउस का वीडियो सामने आने के बाद देश को सारी सच्चाई पता चल गई। अब भाजपा-मोदी जी के इशारे पर राजीव चौक-पटेल नगर मेट्रो स्टेशनों के साथ ही कई मेट्रो ट्रेनों के अंदर भी केजरीवाल को जान से मारने की धमकी लिखी गई है। बड़ी हैरानी की बात है कि मेट्रो स्टेशन 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में होते हैं, पुलिस और सीआईएसएफ भी मौजूद होती है। इसके बावजूद कोई व्यक्ति धमकी लिखकर कैसे चला जाता है? वो व्यक्ति ने धमकियों को सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पोस्ट की है। ऐसे में मालीवाल के फर्जी आरोपों पर सुपर एक्टिव होने वाली दिल्ली पुलिस अब कहां है?

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। उन्हें पता है कि वो चुनावी मैदान में दिल्ली और पंजाब में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का सामना नहीं कर सकते हैं। वो अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कामों का सामना नहीं कर सकते हैं। इसलिए जबसे चुनाव की घोषणा हुई है, तब से बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक के बाद एक अरविंद केजरीवाल पर कोई न कोई हमला करने की साजिश की है। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई, तो 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को एक फर्जी मुकदमे में फंसा दिया जाता है। एक ऐसा मुकदमा जिसमें आजतक एक रुपए का सबूत नहीं मिला, एक पैसा तक नहीं मिला। लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद अरविंद केजरीवाल पर झूठा मुकदमा लगाकर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जेल में अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी गई। जबकि वो 30 साल से शुगर के मरीज हैं और रोज 52 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। इंसुलिन दिलवाने के लिए हमें कोर्ट जाना पड़ता है। और कोर्ट के आदेश के बाद केजरीवाल को दवा मिल पाई। भगवान का आशीर्वाद था कि बीजेपी का ये षड़यंत्र फेल हो गया और उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। ये ऊपरवाले और दिल्ली के लोगों का प्यार व आशीर्वाद था।

आतिशी ने कहा कि जबसे अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है, उनका 20 दिन के लिए भी जेल से बाहर आना बीजेपी को पच नहीं रहा है। वो फिर से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक के बाद एक षड़यंत्र रच रहे हैं। अभी पिछले कुछ दिनों में ही हमने देखा कि किस तरह से स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक षड़यंत्र रचा गया। उनका इरादा था कि अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगेंगे। हमारा मानना है कि स्वाति मालीवाल पर उनके एसीबी के केस को लेकर दबाव बनाया गया और उनको इस षड़यंत्र का चेहरा बनाया गया। लेकिन वो षड़यंत्र भी कामयाब नहीं हुआ। क्योंकि जो वीडियो सीएम आवास से निकले, उससे पूरे देश ने देख लिया कि जो शिकायत स्वाति मालीवाल कर रही थीं, वो सरासर झूठ है।

आतिशी ने आगे कहा कि जब स्वाति मालीवाल के आरोप का षड़यंत्र नहीं चला तो अब बीजेपी अपना आखिरी दांव खेलने पर आ गई है। वो अरविंद केजरीवाल पर हमला करवाने की साजिश करवा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश कर रहे हैं। रविवार को दिल्ली के राजीव चौक और पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के अलावा कई मेट्रो ट्रेन के अंदर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धमकियां लिखी गई हैं। उनको जान से मारने की धमकी लिखी गई है। दिल्ली के प्रमुख मेट्रो स्टेशन पर अरविंद केजरीवाल पर हमला करने की बात कई जगह धमकी के तौर पर लिखी गई है। जिसका चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे के अंदर आता है, वहां ऐसा कैसे हो सकता है। मेट्रो स्टेशन का एक इंच भी सीसीटीवी कैमरे की कवरेज से बाहर नहीं होता। ऐसा कैसे हो सकता है कि राजीव चौक और पटेल नगर मेट्रो स्टेशन में दिन-रात पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स मौजूद रहती है। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की मॉनीटरिंग होती है, फिर भी धमकियां लिखी जाती हैं। ये धमकियां लिखने वाले को कोई ढूंढ भी नहीं रहा है और वो शख्स उन सारी धमकियों की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी करता है। मैं जानना चाहती हूं कि दिल्ली, साइबर सेल और दिल्ली मेट्रो की सिक्योरिटी फोर्स कहां है? आतिशी ने कहा कि ऐसा कैसे होता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक-दो जगह नहीं, बल्कि दिल्ली मेट्रो में जगह-जगह खुलेआम जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है। लेकिन दिल्ली पुलिस सो रही है। जबकि दिल्ली पुलिस स्वाति मालीवाल के फर्जी आरोपों पर 24 घंटे काम कर रही थी। जो उनके आरोप नोट करवाने और एफआईआर करने के लिए अपनी पूरी बटालियन लेकर उनके घर चली गई थी। जो जेम्स बॉन्ड की तरह हर एक घंटे में सीएम आवास पहुंच जाते हैं। कभी कहते हैं हमें सीसीटीवी, कालीन, सोफा और वीडियो चाहिए। लेकिन जब दिल्ली के मुख्यमंत्री को धमकियां दी जा रही हैं, तो दिल्ली पुलिस के मुंह से चू भी नहीं निकल रही है।

## युजीई अवार्ड-2024 का दीक्षा नेगी द्वारा आयोजित हुआ शानदार और सफल आयोजन

- अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी और दीक्षा नेगी देश भर से आए सिलेब्रिटीज को सम्मानित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



यूनिवर्सल ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड 2024 का आयोजन दिवास मेकअप स्टूडियो एंड एंटरटेनमेंट द्वारा पूर्वी दिल्ली स्थित तायल रिसॉर्ट मे किया गया। इस दौरान देश भर से आए सेलिब्रिटीज को दिवास मेकअप स्टूडियो एंड एंटरटेनमेंट की आयोजिका दीक्षा नेगी की मौजूदगी में कई दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाली फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी ने आए हुए सेलिब्रिटी गेस्ट को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मेकअप, मीडिया, फिल्म उद्योग जगत समेत लगभग सभी फील्ड के लोगों ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह रही की पद्मिनी कोल्हापुरी ने अपनी बहु चर्चित फिल्म प्रेम रोग का एक गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही दीक्षा नेगी ने कहा कि उनका मकसद युवाओं को मंच प्रदान करना है। जिसमें वह सफल रही हैं!

अवॉर्ड फंक्शन के दौरान मेकअप आर्टिस्ट कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें शो की ज्युरी प्रभा बरेजा, सचिन सागर और तरनजीत कौर और लाइव स्टेज मेकअप वंदना सिंह ने किया वही पद्मिनी जी की सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्टअरुणा दुआ और उनकी हेयर आर्टिस्ट मंजू भाटी थी इस शो की ब्रांड एंबेसडर गीता सिंह रही सेलिब्रिटी गेस्ट अनुराग जैन, सार्थक चौधरी,जुनैद हुसैन,हीरो सोनी कार्यक्रम का हिस्सा बने! कार्यक्रम में वीआईपी गेस्ट के तौर पर ज्योत्सना जैन,सुनीता लांबा, रविंदर चहल,सोनू शर्मा, डॉक्टर जोगिंदर सिंह,एम वी राजपूत शामिल हुए स्पेशल गेस्ट में पंडित मोहित स्वरूप, प्रांजल जैन, अंजू रौतेला,कोमल खन्ना,डॉ गौरव गुप्ता, किरण सिंह, मीना सिंह, सपना गर्ग इस शो मे शामिल हुए शो को सपोर्ट राजा जी,पंकज झा, नीतू गुप्ता, रिकी भल्ला और रिचा ने किया इस मेकअप कंपटीशन में फर्स्ट विनर रही हिना मेकओवर सेकंड विनर थी रितु रानी (नरेला) रही देश भर से आई विभिन्न क्षेत्रों के सेलिब्रिटीज को इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की आयोजक का दीक्षा नेगी द्वारा स्वागत किया गया और सेलिब्रिटी गेस्ट पद्मिनी कोल्हापुरी द्वारा सम्मानित किया गया वहीं मंच का संचालन करने वाली एंकर जोड़ी संध्या शर्मा और अदिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने एंकर जोड़ी की जमकर तारीफ की वहीं सम्मान पाने वाले लोगों ने बताया की दीक्षा नेगी लगातार ऊंचाई की तरफ पड़ रही है !बहुत कम समय में लगातार जिस प्रकार से अवार्ड फंक्शन का आयोजन करके हमें मंच देने का अभियान दीक्षा नेगी जी चल रही है उसके लिए हम उनका तहे दिल से धन्यवाद करते हैं! और एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी ने तो जाते-जाते भी दीक्षा नेगी की जमकर तारीफ की और दोनों एंकर संध्या शर्मा और अदिति का भी धन्यवाद किया मीडिया के सामने भी पद्मिनी कोल्हापुरी ने खुले दिल से दीक्षा नेगी के कार्यक्रम को सुपरहिट बताने में गुरेज नहीं किया

## हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

- डीसीपी के अनुसार इस वांछित को गिरफ्तार करने के लिए कोर्ट ने भी भगोड़ा घोषित कर दिया था।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में हुई पीट-पीट कर और चाकू मारकर हत्या के मामले में 15 महीने से फरार चल रहे वांछित को गिरफ्तार किया है। जिसकी दिल्ली पुलिस पिछले साल फरवरी से ही तलाश कर रही थी। क्योंकि वारदात के बाद से ही यह लापता हो गया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान देवेंद्र उर्फ जोनी के रूप में हुई है। यह रनहोला इलाके का रहने वाला है।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हत्या की यह वारदात 14 फरवरी को नांगलोई इलाके में हुई थी। जिसमें साहिल नाम के एक सख्स की सरेआम पिटाई करने के बाद चाकू मारकर हत्या की गई थी। वारदात वाले दिन सनी अपने भाई देवेंद्र उर्फ जोनी और दो-तीन साथियों के साथ आरटीवी से जा रहा था। जब उसकी आरटीवी कमरुद्दीन नगर क्रॉसिंग पर पहुंची तो इस दौरान सामने से एक बाइक सवार आया। दोनों में साइड को लेकर या कुछ बात को लेकर बहस होने लगा। जिसमें सनी और बाइक चलाने वाले शख्स विशाल मलिक के बीच में काफी बाहस बाजी बढ़ गई, तो बाद में सनी जब नांगलोई स्टैंड पहुंचा तो इस दौरान विशाल मालिक अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और सनी की पिटाई की।

उसके बाद सनी ने कॉल करके अपने दोस्तों को बुलाया वह सभी बारात घर के पास इकट्ठा हो गए। सनी अपने भाई देवेंद्र उर्फ जॉनी, चचेरे भाई राहुल और उसके दोस्तों दीपांशु, सोनू, प्रकाश के साथ मिलकर बदला लेने का प्लान बनाया। यह सभी दो बाइक पर सवार होकर नागलोई मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां पर विशाल मलिक को ढूंढा और वहां पर उसकी पिटाई करने लगे। सनी ने साहिल पर चाकू से तीन चार बार हमला किया। छाती पर और पेट पर चाकू लगा और बाद में साहिल की मौत हो गई।

इस मामले में देवेंद्र उर्फ जोनी फरार हो गया। बाकी आरोपितों को नांगलोई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। डीसीपी के अनुसार इस वांछित को गिरफ्तार करने के लिए कोर्ट ने भी भगोड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी नरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप तुषीर, एस आई सत्येंद्र, योगेश दहिया, प्रवीण सिंह इत्यादि की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित रनहोला इलाके में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने वहां पर छापा मारकर इसे गिरफ्तार कर लिया।

## रेमंड के 3 मंजिला शोरूम में लगी आग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर पूर्वी दिल्ली के दुर्गा पुरी, 100 फुटा रोड में सोमवार सुबह करीब 6 बजे एक रेमंड के 3 मंजिला शोरूम में अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए है। राहत की बात यह रही कि घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है। मौके पर दिल्ली फायर सर्विस की गाड़ियों के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन और सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स और अन्य एजेंसियां राहत बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। दुगार्पुरी इलाके में लगी यह आग की घटना गली नंबर 4 के पास कॉर्नर के शोरूम की है। आग जिस शोरूम में लगी है उस दुकान का नंबर-138, 100 फुटा रोड, दुगार्पुरी बताया गया है। इसके मालिक पदम सिंह पुत्र ओम प्रकाश हैं। आग में लाखों का माल स्वाह हो गया है। दमकल विभाग को आग की घटना की सूचना सुबह 6:01 बजे पर प्राप्त हुई थी।

## कृष्ण नगर क्षेत्र में युवक की गला रेतकर हत्या

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

शाहदरा जिले के कृष्ण नगर थाना क्षेत्र के एक गोदाम में रविवार शाम एक युवक की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय सतेन्द्र के रूप में हुई है। शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेन्द्र कुमार के अनुसार रविवार रात करीब 11.42 बजे सूचना मिली कि कौशिकपुरी गली नंबर-सात के पास एक युवक को चाकू मारा गया है। पुलिस ने पाया युवक के गले को चाकू से रेता गया है। पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और बृजेश नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## नांगलोई मर्डर में फरार वांटेड को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

- वारदात के बाद से फरार वांटेड को कोर्ट ने किया था भगोड़ा

संवाददाता



क्राइम ब्रांच के नॉर्दर्न रेंज - 2 की पुलिस टीम ने बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में हुई पीट - पीट कर और चाकू मारकर हत्या के सनसनीखेज मामले में 15 महीने से फरार चल रहे वांटेड को गिरफ्तार किया है। जिसकी दिल्ली पुलिस पिछले साल फरवरी से ही तलाश कर रही थी। क्योंकि वारदात के बाद से ही यह लापता हो गया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवेंद्र उर्फ जोनी के रूप में हुई है। यह रनहोला इलाके का रहने वाला है।

डीसीपी सतीश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हत्या की यह वारदात 14 फरवरी को नांगलोई इलाके में हुई थी। जिसमें साहिल नाम के एक सख्स की सरेआम पिटाई करने के बाद चाकू मारकर हत्या की गई थी। वारदात वाले दिन सनी अपने भाई देवेंद्र उर्फ जोनी और दो-तीन साथियों के साथ आरटीवी से जा रहा था। जब उसकी आरटीवी कमरुद्दीन नगर क्रॉसिंग पर पहुंची तो इस दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल सवार आया। दोनों में साइड को लेकर या कुछ बात को लेकर बहस होने लगा। जिसमें सनी और बाइक चलाने वाले शख्स विशाल मलिक के बीच में काफी बहस बाजी बढ़ गई, तो बाद में सनी जब नांगलोई स्टैंड पहुंचा तो इस दौरान विशाल मालिक अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और सनी की पिटाई की। उसके बाद सनी ने कॉल करके अपने दोस्तों को बुलाया वह सभी बारात घर के पास इकट्ठा हो गए। सनी अपने भाई देवेंद्र उर्फ जॉनी, चचेरे भाई राहुल और उसके दोस्तों दीपांशु, सोनू, प्रकाश के साथ मिलकर बदला लेने का प्लान बनाया। यह सभी दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर नागलोई मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां पर विशाल मलिक को ढूंढा और वहां पर उसकी पिटाई करने लगे। सनी ने साहिल पर चाकू से तीन चार बार हमला किया। उसके छाती पर और पेट पर चाकू लगा और बाद में साहिल की मौत हुई। इस मामले में देवेंद्र उर्फ जोनी फरार हो गया। बाकी आरोपियों को नांगलोई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। डीसीपी के अनुसार इस वांटेड को गिरफ्तार करने के लिए कोर्ट ने भी भगोड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी नरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप तुषीर, एस आई सत्येंद्र, योगेश दहिया, प्रवीण सिंह इत्यादि की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और इनफॉर्मर की मदद से पता लगाना शुरू किया। जब यह जानकारी कंफर्म हो गई कि यह रनहोला इलाके में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने वहां पर छापा मारकर इसे गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली: दिन में लू चलने की संभावना, 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है तापमान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को भी भीषण गर्मी पड़ेगी और दिन में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्लीवासियों के लिए सोमवार की सुबह गर्म रही और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री अधिक है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 43 प्रतिशत दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने राजधानी में आज दिन में बादल छाए रहने, लू चलने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## टी.बी. को हराएंगे- देश को जितायेंगे अभियान का शानदार शुभारम्भ



- बिमारियों से लड़ना एवं अपने स्वास्थ्य की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी: डा. राजीव त्यागी

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। मेरठ के कैथवाड़ी एवं अमरोहा के जगवा खुर्द गाँव में टी.बी. पर आयोजित जागरूकता अभियान एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 478 मरीजों की निःशुल्क जाँच कर उन्हें दवाईयां प्रदान की गयी। वैंकटेश्वरा समूह के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स एवं उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में टी.बी. के समूल नाश के लिए टी.बी. को हरायेंगे- देश को जितायेंगे अभियान का आज शानदार शुभारम्भ हो गया। इस अभियान के तहत विम्स हॉस्पिटल के 4 दर्जन से अधिक अनुभवी चिकित्सकों की टीम स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर मेरठ और मुरादाबाद के चिन्हित 500 से अधिक गाँवों में टी.बी. के उन्मूलन के लिए अभियान चलाकर लोगो को इस भयावह बिमारी से बचाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलायेंगे, एवं लोगो को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेंगे। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित टी.बी. को हरायेंगे- देश को जितायेंगे अभियान का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सत्यपाल सिंह, पूर्व सी.एम.ओ. डा. एम.एस. सिंह, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. बी.एन. सिंह आदि ने फीता काट कर किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन ने कहा कि टी.बी. एक भयावह बिमारी मात्र नही है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय अभिशाप है प्रतिवर्ष इसकी जाँच एवं उपचार पर सरकार का पन्द्रह हजार करोड़ से अधिक रुपया खर्च होता है यदि हम सब मिलकर इस बिमारी को जड़ से मिटा दे तो यह धन राष्ट्र विकास के काम आयेगा। जागरूकता संगोष्ठी एवं निःशुल्क चिकित्सा व स्वास्थ्य शिविरह्व को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सी.एम.ओ. डा. एस.पी.सिंह, डा. आई. बी. राजू आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर निदेशक मार्केटिंग एम.ए.चौधरी, कार्यक्रम संयोजक डा. हबीब उर रहमान, डा. रवि शास्त्री. डा. महेंद्र सिंह, डा. अलंकृता जैन, डा. सुषमा भाटी, डा. अनिभा, डा. सौरभ, डा. कोमल, नवनीत कुमार, आस्था त्यागी एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 और इसकी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की

भारत की प्रमुख इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्रोवाइडर, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के परिणामों की घोषणा कर दी है।

वित्तीय परिणाम की खास बातेंः चौथी तिमाही/वित्त वर्ष 2024 बनाम चौथी तिमाही/वित्त वर्ष 2023
कंसोलिडेटेड (मिलियन रुपये)
वित्तीय परिणाम की खास बातेंः वित्त वर्ष 24 बनाम वित्त वर्ष 23
कंसोलिडेटेड (मिलियन रुपये)

**विवरण**

| विवरण | एबिटा |
|---|---|
| 31.03.2024 | 1436 |
| 31.03.2023 | 1273 |
| वृद्धि | 12.8% |
| विवरण | एबिटा |
| 31.03.2024 | 5,298 |
| 31.03.2023 | 4,952 |
| वृद्धि | 6.99% |
| रेवेन्यू | पीएटी |
| 10789 | 1033 |
| 9794 | 824 |
| 10.2% | 25.4% |
| रेवेन्यू | पीएटी |
| 40,242 | 3545 |
| 37,826 | 3206 |
| 6.39% | 10.57% |

वित्तीय परिणाम की खास बातेंः चौथी तिमाही/वित्त वर्ष 2024 बनाम. चौथी तिमाही/वित्त वर्ष 2023
स्टैंडअलोन (मिलियन रुपये)
वित्तीय परिणाम की खास बातेंः वित्त वर्ष 2024 बनाम. वित्त वर्ष 2023
स्टैंडअलोन (मिलियन रुपये)
विवरण

**विवरण**

| | |
|---|---|
| 31.03.2024 | 1173 |
| 31.03.2023 | 1160 |
| वृद्धि | 1.1% |
| विवरण | एबिटा |
| 31.03.2024 | 4,890 |
| 31.03.2023 | 4,679 |
| वृद्धि | 4.51% |
| रेवेन्यू | पीएटी |
| 9539 | 820 |
| 8897 | 741 |
| 7.2% | 10.7% |
| रेवेन्यू | पीएटी |
| 36,138 | 3279 |
| 34,302 | 3035 |
| 5.35% | 8.04% |
| एबिटा | |

### वित्त वर्ष 24 के नतीजों पर टिप्पणी

वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के नतीजों पर अपनी बात रखते हुए ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विनीत अग्रवाल ने कहा, टीसीआई ने ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, टेम्परेचर-सेंसेटिव प्रोडक्ट्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ नए जमाने के वर्टिकल्स में मजबूत वृद्धि के दम पर जबरदस्त प्रदर्शन किया है।अधिकांश सेवाओं के लिए एक मजबूत पाइपलाइन के साथ नए वित्त वर्ष की शुरूआत हुई है, जिसमें 3पीएल, वेयरहाउसिंग, इनबाउंड-आउटबाउंड लॉजिस्टिक्स, क्रॉस-बॉर्डर, रेल और कोस्टल मल्टीमॉडल सॉल्यूशंस शामिल हैं। यह ग्राहकों द्वारा टीसीआई को अपना पसंदीदा लॉजिस्टिक्स सहभागी माने जाने का द्योतक है। हमने इलेक्ट्रिक वाहनों और एलएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधन को अपनाकर सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में सॉल्यूशन बनाना जारी रखा है। इसके अलावा, उद्योग जगत की भलाई के लिए ईएसजी प्रथाओं को बढ़ावा देने हेतु टीम के दृढ़ संकल्प को दशार्ते हुए, टीसीआई-आईआईएमबी सप्लाई चेन सस्टेनेबिलिटी लैब ने सफलतापूर्वक अपनी पहली वर्षगांठ मनाई। इनोवेशन और एक्सीलेंस को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता हमारी कस्टमाइज्ड सॉल्यूशन मुहैया कराने वाली डिजिटल पहलों में साफ देखी जा सकती है। इनमें वाट्सएप फॉर बिजनेस, कंट्रोल टावर, यूलिप, ओएनडीसी के साथ इंटीग्रेशन आदि शामिल हैं। हमने हाल ही में अपने सभी ग्राहकों और अन्य हितधारकों के साथ बेहतर संवाद के लिए अपनी नई वेबसाइट को भी लॉन्च किया है।

TCI
LEADERS IN LOGISTICS

## द्वारका सोसाइटी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का अभियान

- फेडरेशन की पहल पहले मतदान, फिर करेंगे जलपान
- पहले अपनी उंगली का करें इस्तेमाल, फिर उठाएं उंगली



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

द्वारका सबसीटी राजधानी दिल्ली की सबसे सुसज्जित और शिक्षित सोसाइटी माना जाता है। लेकिन यहां होने वाले मतदान प्रतिशत को लेकर चिंता बनी रहती है। इस बार 45 डिग्री से ज्यादा गर्मी के बीच द्वारका के लोग मतदान करेंगे। वोट प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा हो, इसके लिए यहां के फेडरेशन ऑफ कॉपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी ने पहल शुरू की है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के लिए। वोट के दिन 25 मई को पहले करें मतदान फिर करेंगे जलपान। फेडरेशन में 357 सोसायटी है, जिसमें वोटरों की संख्या भी काफी है।

सोसाइटी की महासचिव सुचित्रा सोलंकी ने कहा की सभी सोसाइटियों के बाहर बैनर भी लगाए गाएं हैं और जहां रह गए हैं वह भी लगाया जा रहा है। हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हमारा वोट है। हमारे द्वारा चुना गया नेता ही हमारे भविष्य का मार्गदर्शन करेगा। इसलिए हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का सही उपयोग सही समय वोट आने पर जरूर करे, चूके नहीं। द्वारका में यह नारा दिया गया है,,,पहले मतदान,,फिर करें जलपान यह एक महत्वपूर्ण नारा है। जो हमें याद दिलाता है कि हमारे कर्तव्यों का पालन पहले आना चाहिए। वोट डालना एक जिम्मेदारी है, जिसे हमें प्राथमिकता देनी चाहिए। पहले अपनी उंगली का प्रयोग वोट डालने के लिए करें, वरना किसी पर उंगली उठाने का हक नहीं है। यह बात सच है कि अगर हम खुद वोट डालने नहीं जाते हैं, तो हमें बाद में किसी नेता या सरकार की आलोचना करने का भी अधिकार नहीं होता। फेडरेशन ने सभी से अनुरोध है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आखिरकार यह आपका निर्णय है कि आप किसे अपना नेता बनाना चाहते हैं। आपका वोट ही आपकी आवाज है, इसे अनसुना न करें। सब मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने छापेमारी कर 90 ग्राम गांजा के साथ पिता और पुत्र को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) थाना क्षेत्र के टिकुलिया बाजार स्थित जयदीप इलेक्ट्रॉनिक दुकान में गुप्त सूचना पर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार छापेमारी कर 90 ग्राम गांजा के साथ दुकान मालिक और उनके पिता को गिरफ्तार कर पुलिस अभीरक्षा में सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया गुप्त सूचना मिली कि टिकुलिया बाजार में मादक पदार्थ का कारोबार चोरी छिपे किया जा रहा है। उन्होंने बताया जयदीप इलेक्ट्रॉनिक दुकान में छापामारी दुकान सेट पूरब भाग एक कमरा में छापामारी किया तो दुकान के कमरा में रखे काठ के बक्सा से 90 ग्राम गांजा और एक तराजू, नगद नौ सौ दस रूपया कुमारखंड पुलिस ने बरामद कर दुकानदार जयदीप यादव और उनके पिता विनय कुमार यादव को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# अभाविप ने कुलपति को सौंपा 16 सूत्री ज्ञापन पत्र, मांगे पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की दी चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बीएनएमयू के समग्र शैक्षणिक विकास के मद्देनजर छात्रहित में कुलपति प्रो. बी. एस. झा को सोलह सूत्री ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के द्वारा बताया गया कि शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था हो। ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में सीबीएसई बोर्ड के बारहवीं का रिजल्ट आया है। लेकिन बीएनएमयू में स्नातक पार्ट वन के नामांकन में आवेदन की तिथि समाप्त हो गई है। इसके कारण सीबीएसई बोर्ड वाले छात्र आवेदन से वंचित हो गए हैं। इसलिए उन छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल पुनः खुलवाया जाए। बीएनएमयू के सभी विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों तथा अंगीभूत महाविद्यालयों में शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाए। सभी जगहों पर छात्राओं के लिए अलग वासरूम बनबाया जाए। सुदूर ग्रामीण एवं दूर- दराज से आए छात्रों के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय में मूलभूत सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय का अभिलंब निर्माण करवाया जाए। इसके साथ ही अंगीभूत व संबद्ध महाविद्यालय में सभी तरह का फीस एक समान हो तथा महाविद्यालयों की मनमानी पर रोक लगाने, निजी व संबद्ध महाविद्यालय में नामांकन के समय छात्राओं की मनमानी फीस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। साथ ही विश्वविद्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम प्रारंभ करने का मांग की गई है, ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बेवजह कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। यह भी मांग की गई है कि मूल प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र को निकलवाने में भारी पैमाने पर हो रही उगाही पर रोक लगाई जाए। विद्यार्थियों को ससमय बिना परेशानी के सभी प्रमाण पत्र समय पर दिए जाए। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु छात्र दरबार का आयोजन किया जाए। वित्त विभाग में संबद्ध महाविद्यालयों को मिलने वाले अनुदान और सेवानिवृत्ति शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान आदि के मामले में होने वाली उगाही रोकी जाए। पेंशन दरबार का आयोजन कर पेंशनभोगियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाया जाए

ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की जरूरत है। इस निमित्त सभी तरह के परीक्षाओं का संचालन कदाचार मुक्त हो और परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के निर्धारित में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। इसमें बड़े पैमाने पर हो रहे लेन-देन को रोका जाए। अधिकतर पीजी डिपार्टमेंट में छात्रों को नामांकन व फॉर्म भरने के समय रसीद नहीं दिया जाता है, अतः छात्रों तत्क्षण रशीद विभाग द्वारा दिया जाए। पीएटी 2022 एवं पीएटी 2023 की प्रवेश परीक्षा अविलंब ली जाय। कोर्स वर्क का रिजल्ट जल्द से जल्द जारी करवा डीआरसी की तिथि जारी करें। विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था की जाए।

यूएमआईएस पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग

ज्ञापन में मांग की गई है कि विश्वविद्यालय यूएमआईएस यूएमआईएस कंपनी आईटीआई द्वारा अब तक किए गए कार्यों और उसको हुए भुगतान पर श्वेत पत्र जारी किया जाए। यूएमआईएस कार्यालय में कांट्रेक्ट के अनुरूप प्रशिक्षित एवं योग्य कर्मियों को रखा जाए और कार्यालय को बिचौलियों से मुक्त किया जाए। वहां पर विद्यार्थियों से होने वाली वसूली रोकी जाए। माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा अधिषद् की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में विश्वविद्यालय अविलंब अपना आनलाइन सिस्टम एवं डेटा सेंटर बनाए और निजी कंपनी को बाहर का रास्ता दिखाए। चतुर्थ एवं पंचम दीक्षांत समारोह और अधिषद् अधिवेशन -2024 में हुए खर्च को सार्वजनिक किया जाए। अधिवेशन -2024 में सड़े हुए भोजन की आपूर्ति करके विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी निर्माण-कार्य नियम-परिनियम को ताक पर रख कर हो रहा है। विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में एक ही संवेदक से सभी कार्य कराया जा रहा है। इसके दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के 86 कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति को स्पष्ट किया जाए। इनकी समस्याओं के समाधान और इन्हें वेतन भुगतान की दिशा में ठोस पहल की जाए। इन कर्मचारियों के मामलों को उलझाने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

राज्यपाल को भी भेजी गई है मांग-पत्र की प्रति

प्रतिनिधि मंडल में जिला संयोजक नवनीत सम्राट, विभाग संयोजक सौरभ यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आमोद आनंद, नगर मंत्री अंकित आनंद, संजीव सोनू आदि शामिल थे। परिषद् के नेताओं ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन से सभी सोलह बिंदुओं पर अविलंब सकारात्मक पहल की अपेक्षा है। अन्यथा लोकसभा चुनाव के निमित्त लागू आदर्श आचार संहिता की समाप्ति के बाद परिषद् चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। नेताओं ने बताया कि मांग पत्र की प्रति राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को भी भेजा गया है।

# पुरानी रंजिश में एक महिला की गला रेत कर कर दी हत्या

## मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के सुखासन गांव में एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सुखासन वार्ड संख्या 8 निवासी पांडव यादव की 40 वर्षीय पत्नी रीता देवी के रूप में हुई। मृतका रीता देवी के भतीजे नीतीश कुमार ने बताया कि बीते देर रात रीता देवी अपने बगल के खेत से काम कर वापस घर लौट रही थी ।

कि रास्ते में बदमाशों ने उसे पकड़ कर गला रेत कर झाड़ी में फेंक दिया, वहीं परिजनों को घटना की जानकारी अहले सुबह में हुई इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस को घटना स्थल से कुछ दूरी पर सुखासन पुलिया के समीप मृतिका के चप्पल और कान की बाली भी मिली है, तथा वहीं पास में ही पुलिया के नीचे महिला का शव भी बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलते हीं लोगों की भीड़ जमा हो गई, इस मामले को लेकर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है।

वहीं एएसपी प्रवेंद्र भारती, थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच-पड़ताल की, साथ हीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# आलमनगर विधानसभा में नही लग सकी लघु कुटीर आधारित उद्योग



प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर विधानसभा विकास को लेकर अब भी उपेक्षित है। घोषणाएं के बाद भी क्षेत्र में औद्योगिक केंद्र स्थापित नहीं हो पाया है। जबकि उद्योग लगने से लोगों में समृद्धि आती। जबकि इस अनुमंडल के तीन विधायक उद्योग मंत्री बने किंतु आज तक यहां किसी प्रकार का कल-कारखाना नहीं लग सके। इस वजह से आज भी क्षेत्र के ग्रामीण किसान, मजदूर रोजी रोटी की तलाश में अन्य प्रदेश पलायन करने को विवश रहते हैं। जबकि यहां एनडीए-1 सरकार में यहां चीनी मील खोलने का प्रयास किया गया था। किंतु आज तक इसको सरजमीं पर उतरते लोगों को देखना एक दिवास्वप्न बना हुआ है। नहीं लग सकी चीनी मिल उदाकिशुनगंज में वर्ष 2006 में नीतीश कुमार की सरकार में चीनी मिल लगने की कवायद शुरू हुई थी। लेकिन, अब मिल का अतापता भी नहीं रह गया। जबकि चीनी मिल लगने से इलाके के लोगों को बड़े फायदे होता। बताया जाता है कि अनुमंडल क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में गन्ने की खेती होती है। जबकि चीनी मिल लगने से क्षेत्र के लोग समृद्ध होते। इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर नहीं हो सका स्थापित उदाकिशुनगंज में पूर्ववर्ती सरकार में 2004 ई. में इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर की नींव रखी गई थी। लेकिन, ग्रोथ सेंटर स्थापित नहीं हो पाया। वस्तुतः लघु कुटीर आधारित उद्योग लगना था। उद्योग लगने से किसानों और व्यापारियों को फायदा होता। ज्ञात हो कि उदाकिशुनगंज अनुमंडल के इस क्षेत्र में सुगर केन (गन्ना) मक्का तथा हल्दी किसानों द्वारा हजारों मिलियन टन में उत्पादन किया जाता है। किंतु बाजार नहीं मिलने के कारण यहां के किसान व्यापारियों तथा दलालों के हाथों आर्थिक शोषण का शिकार होते आ रहे हैं। मक्का आधारित उद्योग की धरी रह गई आस अनुमंडल के चौसा प्रखंड क्षेत्र के कलासन में मक्का आधारित उद्योग नहीं लग पाया। जबकि उदाकिशुनगंज अनुमंडल में बड़े पैमाने पर मक्के की खेती होती है। जहाँ इस क्षेत्र में उद्योग लगने से लोगों को फायदा होता। वही अब भी सरकार से लोगों की उम्मीद बंधी हुई है। इतना ही नही अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक स्टेट ट्यूबेल पूर्व से लगे हैं तथा एक भी स्टेट ट्यूबेल से एक बूंद पानी नहीं निकलता है। नई योजना के तहत एक दर्जन स्टेट ट्यूबेल जो डीजल एवं बिजली से किसानों द्वारा समिति बनाकर चलाया जाना है। लेकिन कर्मचारी के पदस्थापित नहीं होने से जंग की भेंट चढ़ रहा है।

# बच्चों के सेहत के लिए फायदेमंद है फोर्टिफाइड चावल



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाले फोर्टिफाइड चावल बच्चों के सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। इसके सेवन से कुपोषण और एनीमिया को खत्म किया जा सकता है। यही वजह है कि आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। सोमवार को सदर प्रखंड के साहुगढ़ पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 94, 92, 99 एवं 98 के निरीक्षण क्रम में यूनिसेफ की सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट वृंदा, बाल विकास परियोजना की डीपीओ रश्मि कुमारी, सीडीपीओ विनीता कुमारी ने सेविकाओं से कही। इस दौरान सेविकाओं से अधिकारियों ने कहा कि निश्चित रूप से बच्चों को फोर्टिफाइट चावल का सेवन करना चाहिए। इसके लिए सेविकाओं के द्वारा बच्चों के माता पिता को भी जागरूक करने की जरूरत है। सीडीपीओ विनिता ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और आयरन जैसे महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व को मिलाकर तैयार किया जाता है। उन्होंने उससे मिलने वाले महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के बारे में सेविका तथा उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को वितस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सेविकाओं के द्वारा केंद्र पर अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# प्रो. एस. आर. भट्ट के निधन पर ऑनलाइन श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन, दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा दर्शन परिषद्, बिहार द्वारा सुप्रसिद्ध दार्शनिक एवं संस्कृतिविद् प्रोफेसर एस. आर. भट्ट (नई दिल्ली) के निधन पर ऑनलाइन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आर. सी. सिन्हा ने बताया कि प्रो. भट्ट दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. एवं अध्यक्ष तथा यूजीसी विशेष सहायता कार्यक्रम के समन्वयक थे। वे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली के अध्यक्ष भी रहे थे। सभा की अध्यक्षता करते हुए दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना की पूर्व अध्यक्षा सह परिषद् की अध्यक्षा प्रो. पूनम सिंह ने बताया कि प्रो. भट्ट एशियन फिलॉस्फी कांग्रेस एवं इंडियन फिलॉस्फिकल कांग्रेस के अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के सामान्य अध्यक्ष रहे थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दर्शनशास्त्र विभाग, टी. पी. एस. कॉलेज, मधेपुरा के अध्यक्ष सह परिषद् के महासचिव डॉ. श्यामल किशोर ने बताया कि प्रो. भट्ट का दर्शन परिषद्, बिहार से भी गहरा लगाव था। वे परिषद् के कई अधिवेशनों में शामिल हुए और उन्होंने परिषद् को आईसीपीआर से अनुदान दिलाने में भी महती भूमिका निभाई थी। परिषद् के संयुक्त मंत्री सह ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में कई बार प्रो. भट्ट का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। उनकी सहजता, सरलता एवं मृदुलता लोगों को उनकी ओर आकर्षित करती थीं और वैचारिक प्रौढ़ता अपना एक विशिष्ट प्रभाव छोड़ती थीं। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी, संयुक्त मंत्री प्रो. पूर्णेन्दु शेखर,

डॉ. आलोक टंडन, डॉ. विजयकांत दुबे, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. आभास कुमार, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. नीति सिंह, डॉ. राहुल मनहर, डॉ. नीरज प्रकाश, डॉ. हिमांशु शेखर सिंह, मनीष चौधरी, श्याम प्रिया, ललित कुमार एवं सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव में मतदान में भाग लेने के लिए सोमवार को प्रखंड कार्यालय नौबतपुर के खेल मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया ' जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी नौबतपुर श्री राहुल राज ने किया साथ ही नगर पंचायत नौबतपुर के नेतृत्व श्री रौशन कुमार कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत के द्वारा किया गया ' यह क्रिकेट मैच प्रखंड प्रशासन बनाम नगर पंचायत नौबतपुर के बीच खेला गया ' इसके विजेता प्रखंड प्रशासन नौबतपुर रही ' मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल राज ने कहा कि कि आप अपने एक वोट का महत्व पहचानिए ' एक वोट से सरकार बनती है और बिगड़ती है ' इस एक वोट से एक नया लोकतंत्र की स्थापना होता है ' यह लोकतंत्र का महापर्व है 5 वर्ष में एक ही बार आता है ' जितना ज्यादा से ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना ही सुंदर बनेगा ' इसके लिए स्वयं तो वोट दीजिए ही दूसरों को भी वोट देने के लिए प्रेरित कीजिए एवं उनको बूथ तक ले जाइए उन्होंने 18 वर्ष के युवा मतदाताओं से अपील की कि आप सभी अपने मतदान केंद्र पर जाकर के अपने मताधिकार का प्रयोग करें साथ ही अपने मतदान केंद्र के सभी मतदाताओं को को प्रेरित करें कि इस लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान दें मताधिकार का प्रयोग करके ' मौके पर मौजूद सभी दर्शकों ने नारा लगाया कि पहले मतदान फिर जलपान. । प्रखंड प्रशासन की टीम से श्री राहुल राज प्रखंड विकास पदाधिकारी नौबतपुर, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार, एवं नगर पंचायत की टीम से श्री रोशन कुमार कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, श्री जितेंद्र प्रसाद, श्री अरविंद कुमार आर्य, श्री धर्मेंद्र दुबे ,रेवती रंजन आदि खेल में उपस्थित थे ' कंट्री में श्री नरेंद्र कुमार साथी अंपायरिंग में श्री रुंजय कुमार एवम शैलेश कुमार पूर्व पैक्स अध्यक्ष ने किया ' कार्यक्रम का संचालक श्री सुरेंद्र पासवान एवं श्री विमलेंदु के द्वारा किया गया।

# जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त स्वीप सचिव संतोष कुमार ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक तथा वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग-सह-उप विकास आयुक्त, पटना श्री तनय सुल्तानिया से भेंटवार्ता की तथा जिला प्रशासन, पटना द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में चलाए जा रहे स्वीप अभियान के बारे में वृहद चर्चा की। जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचकों के साथ किए जा रहे अंतर्वैयक्तिक संचार (इंटरपर्सनल कम्युनिकेशन) के सभी माध्यमों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि इसके तहत नॉक-द-डोर, नो योर बूथ, कास्ट योर वोट, खत अभियान मतदान सभा, मार्च टू बूथ, सेल्फी विथ बूथ, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, मेंहदी, वृक्षारोपण, मानव श्रृंखला, पदयात्रा सहित पारंपरिक एवं आधुनिक माध्यमों से आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जाती है। उप विकास आयुक्त द्वारा स्वीप सचिव के संज्ञान में डेडिकेटेड ऑल-वीमेन स्वीप कंट्रोल रूम के बारे में विभिन्न तथ्यों को लाया गया। उन्होंने कहा कि यह अपने तरह का एक अद्वितीय कंट्रोल रूम है जिससे स्वीप गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। स्वीप सचिव श्री संतोष कुमार ने डेडिकेटेड ऑल-वीमेन स्वीप कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा इसकी कार्य प्रणाली पर हर्ष व्यक्त किया। स्वीप सचिव ने जिलाधिकारी के साथ गाँधी मैदान में 75 ई-रिक्शा को भी फ्लैग-ऑफ किया। इसके बाद उन्होंने डीआरसीसी में मतदाता हेल्पलाईन 1950 का भी निरीक्षण किया। स्वीप सचिव श्री संतोष कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन, पटना द्वारा वीटीआर में उन्नयन हेतु गंभीर प्रयास किया जा रहा है। यह प्रसन्नता का विषय है। इसके सार्थक परिणाम आने की उम्मीद है। मतदाताओं से अपील है कि वे अपने परिवार के सदस्यों, सगे-संबंधियों तथा परिचित लोगों के साथ 01 जून को जरूर वोट डालें।

# गोदरेज लॉक्स को सात असाधारण उत्पादों के लिए इंडिया डिजाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स, गोदरेज एंड बॉयस की एक व्यावसायिक इकाई, नवीन सुरक्षा समाधानों में एक अग्रणी नाम है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसके सात उत्पादों को प्रतिष्ठित इंडिया डिजाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि डिजाइन, कार्यक्षमता और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स के बिजनेस हेड, श्याम मोटवानी ने कहा, ह्लगोदरेज लॉक्स में, हम असाधारण डिजाइन की परिवर्तनकारी शक्ति (ट्रांसफॉर्मेटिव पावर) में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। यह सिर्फ कलात्मकता के बारे में नहीं है; यह इस बारे में है कि डिजाइन कैसे लोगों के रोजमर्रा जीवन के अनुभवों को बढ़ाता है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। नवाचार के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता हमारे हर काम में अंतर्निहित है, जो हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों की गहरी समझ से प्रेरित है। गोदरेज लॉक्स में हमारी अत्याधुनिक इनहाउस डिजाइन लैब द्वारा डिजाइन पर मजबूती से ध्यान दिया जाता है। यह प्रयोगशाला रचनात्मकता और मौलिकता के केंद्र के रूप में कार्य करती है, कुशल डिजाइनरों के बीच ऐसे उत्पादों को तैयार करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देती है, जो कलात्मक अपील के साथ कार्यक्षमता को सहजता से मिश्रित करते हैं। साल-दर-साल प्रतिष्ठित इंडिया डिजाइन मार्क अवार्ड जीतना उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति हमारे अटूट समर्पण का ही प्रमाण है। यह मान्यता हमें सीमाओं को और भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि हम ऐसे उत्पाद बनाना जारी रखते हैं, जो अपेक्षाओं से परे हों और हमारे ग्राहकों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड ने एसबीआई ऑटोमोटिव ऑपर्च्युनिटीज फंड लॉन्च किया

## नया फंड ऑफर शुक्रवार, 17 मई, 2024 को खुला और शुक्रवार, 31 मई, 2024 को बंद होगा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना, 17 मई, 2024: भारत के सबसे बड़े फंड हाउस, एसबीआई म्यूचुअल फंड ने ऑटोमोटिव और इससे जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों की थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम, एसबीआई ऑटोमोटिव ऑपर्च्युनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। निवेश का उद्देश्य घरेलू और वैश्विक स्तर पर ऑटोमोटिव और इससे जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से जुड़े उपकरणों में निवेश किए गए पोर्टफोलियो से यूनिट धारकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि उत्पन्न करना होगा। हालांकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि योजना का निवेश उद्देश्य पूरा होगा। भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र एक आकर्षक अवसर प्रस्तुत करता है

क्योंकि घरेलू मांग और ऑटो निर्यात विकास के चालक रहे हैं। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स और यात्री परिवहन का उदय उद्योग के लिए विभक्ति बिंदु प्रदान करता है। एसबीआई ऑटोमोटिव अवसर निधि उन निवेशकों के लिए एक शानदार अवसर है जो संपूर्ण ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र के विकास से लाभ उठाना चाहते हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के डिप्टी एमडी और संयुक्त सीईओ श्री डी पी सिंह ने कहा, मुझे उन निवेशकों को एसबीआई ऑटोमोटिव अवसर निधि प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है जो अपने पोर्टफोलियो के सैटेलाइट हिस्से में एक विषयगत पेशकश जोड़ने के इच्छुक हैं। भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग शीर्ष गियर में चल रहा है क्योंकि हमारा देश वाहनों के उत्पादन और ऑटो निर्यात के मामले में एक ताकत है जबकि हमारा बढ़ता घरेलू बाजार सुरक्षित और प्रीमियम वाहनों की मांग करता है।

इसके अलावा, ऑटो पार्ट्स और सहायक उपकरणों का निर्माण विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देता है जो निवेशकों को दीर्घकालिक रूप से धन सृजन के अवसर प्रदान करता है। मेरा मानना है कि नीतिगत सुधार और उद्योग के साथ एक परिभाषित रोडमैप निवेशकों को भारत के बढ़ते ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र से लाभ उठाने के लिए गति और अवसर प्रदान करता है। फंड मुख्य रूप से अपनी संपत्ति का 80 प्रतिशत-100 प्रतिशत ऑटोमोटिव और संबद्ध व्यावसायिक गतिविधियों (इक्विटी डेरिवेटिव सहित) में लगी कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी-संबंधित उपकरणों में निवेश करेगा, शेष संपत्ति निम्नलिखित आवंटन के अनुसार होगीः`) 0 झ 20 प्रतिशत उपरोक्त के अलावा अन्य कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी-संबंधित उपकरणों में (इक्विटी डेरिवेटिव सहित)॒) 0 झ 20 प्रतिशत ऋण और ऋण-संबंधित उपकरणों (प्रतिभूतिकृत ऋण ल20 प्रतिशत तकल और ऋण डेरिवेटिव सहित) और ट्राई-पार्टी रेपो सहित मनी मार्केट उपकरणों में ॒0 झ 10 प्रतिशत फ्एक्ळ२ और क्लल५क्ळ२ द्वारा जारी इकाइयों में, समय-समय पर निर्दिष्ट सेबी सीमाओं के अनुरूप एक्सपोजर के साथ। फंड एडीआर/जीडीआर/विदेशी इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों और विनियमों के अधीन विदेशी ईटीएफ सहित विदेशी प्रतिभूतियों में निवेश के अवसर तलाश सकता है। ऐसा निवेश योजना की शुद्ध संपत्ति के 35 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता है और समय-समय पर उपलब्ध अधिकतम सीमाओं के अनुरूप होगा। एसबीआई ऑटोमोटिव ऑपर्च्युनिटीज फंड के फंड मैनेजर श्री तन्मय देसाई और श्री प्रदीप केसवन (विदेशी प्रतिभूतियों के लिए समर्पित फंड मैनेजर) होंगे।

सम्पादकीय

## चीनी-रूसी भाई-भाई

चीनी-रूसी भाई-भाई के नारे एक बार फिर गूंजने लगे हैं, तो क्या हिंदी-रूसी भाई-भाई के परंपरागत और दोस्ती के नारों पर पुनर्विचार करना चाहिए? यह सवाल अहम और अनिवार्य है, क्योंकि रूस भारत का दशकों पुराना और आजमाया हुआ रणनीतिक मित्र है और चीन हमारा घोषित दुश्मन है। यदि दुश्मन जैसा कड़ा शब्द छोड़ दिया जाए, तो चीन हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। घुसपैठिया और अतिक्रमणवादी है। आज भी लद्दाख के मोर्चे पर दोनों देशों के हजारों सैनिक तैनात हैं। हर पल युद्ध के हालात बने रहते हैं। कई दौर की बातचीत की गई है, लेकिन वे नाटक लगती हैं, क्योंकि तनाव और अडिलपन जस का तस बरकरार है। यह बेहद अजीब स्थिति है कि चीन और भारत शत्रुवत हैं और रूस-भारत घनिष्ठ मित्र हैं। तीसरा समीकरण रूस-चीन का है, जिसे अंतरंग दोस्ती का नाम दिया गया है। राष्ट्रपति पद की नई शपथ लेने के बाद ब्लादिमीर पुतिन हाल ही में चीन गए थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी मुलाकात हुई, शिखर संवाद हुआ और दोनों राष्ट्रपतियों ने साझा बयान भी जारी किया। बेशक चीन-रूस के अंतरंग रिश्तों और रणनीतिक साझेदारी पर शी-पुतिन ने एक बार फिर मुहर लगाई, लिहाजा हुंकार गूंजने लगी-रूसी चीनी भाई-भाई। यह कोई सामान्य और औपचारिक मुलाकात नहीं थी। इसके कई अंतरराष्ट्रीय अर्थ और आयाम हैं। शी-पुतिन संवाद तथा बयान पर अमरीका खूब तिलमिलाया है, जबकि दोनों राष्ट्र भाई दुनिया में टकराव और युद्ध के हालात के लिए अमरीका को ही दोषी करार देते हैं। रूस और चीन के रिश्ते रणनीतिक तो हैं, लेकिन विचारात्मक संबंध भी ऐसे हैं, जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता।

हालांकि अब उनका साम्यवाद और वामपंथ मात्र सतही रह गए हैं। वे भी पूंजीवाद के रास्ते पर हैं और देश के विभिन्न वर्गों में गहरी असमानता है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वीटोधारक सदस्य हैं, लिहाजा एक-दूसरे के हितों और रणनीति की सुरक्षा करते हैं। सुरक्षा परिषद में पेश किए गए प्रस्तावों पर अपनी ही कूटनीति के मुताबिक वीटो करते रहे हैं। रूस-चीन की दोस्ती हथियारों और युद्ध तक ही सीमित नहीं है। वे दुनिया में अमरीका-विरोधी ब्लॉक माने जाते हैं। जिस तरह अमरीका ने प्रशांत महासागर क्षेत्र में जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड संगठन बना रखा है, उसी तर्ज पर रूस-चीन संबंध हैं। रूस और चीन दुनिया में शीत युद्ध की मानसिकता और वैश्विक सुरक्षा में अस्थिरता के लिए अमरीका को ही कसूरवार और जिम्मेदार मानते हैं। भारत के संदर्भ में चीन और अमरीका दोनों ही दोगले हैं।

## गजब का सामंजस्य

राजेश मणि

लोकसभा चुनाव में मोदी-योगी की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। इतना ही नहीं, दोनों नेता अपने-अपने भाषण में एक-दूसरे का खूब बखान भी कर रहे हैं। गजब का सामंजस्य चल रहा है। इसके पीछे की पूरी पटकथा लिखी हुई है। यह सभी जानते हैं कि दिल्ली तक पहुंचने में उत्तर प्रदेश का योगदान सबसे महत्त्वपूर्ण और सर्वाधिक होता है। इस नाते लोक सभा चुनाव 2024 की पहली सभा मोदी ने उत्तर प्रदेश में ही की और शायद अंतिम सभा भी उत्तर प्रदेश में ही होगी। चुनावी सभा के दौरान मोदी योगी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं, और उससे भी अधिक योगी मोदी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं। यह सामंजस्य देखने को खूब मिल रहा है। चुनावी सभा, रोड शो, रैली में जहां दोनों पहुंच रहे हैं, वहां विशाल भीड़ इकट्ठा हो रही है। मोदी बार-बार कहते नजर आ रहे हैं कि योगी जी मेरे भी मुख्यमंत्री हैं। इन्होंने माफिया राज को खत्म कर दिया है और योगी यह कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी की गारंटी, अबकी बार 400 पार। यहां तक ही नहीं, जब राम मंदिर की बात आ रही है तो योगी बार-बार मोदी को श्रेय दे रहे हैं जबकि यह भी सभी जानते हैं कि योगी ने राम मंदिर निर्माण के लिए रात-दिन एक कर दिया था। बार-बार अयोध्या जा कर मॉनिटरिंग करना, आत्मबल बढ़ाना, विरासत और विकास की बातें खूब हो रही हैं। लोक सभा की 80 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं, और गिनी-चुनी सीटों को छोड़ दिया जाए तो कयास ये लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की 65 से ऊपर सीटें भाजपा के पास रहेंगी और इसका श्रेय सीधे तौर पर योगी को जाता है। केंद्र की योजनाओं और प्रदेश की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे मुलाकात और बूथ लेवल कार्यकताओं का लाभार्थियों से सीधा संपर्क बना हुआ है। इसी नाते मोदी भी योगी की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। पूरे देश में चुनावी सभा में जिस तरह से योगी की डिमांड हो रही है, वह अपने आप में एक उदाहरण है। स्टार प्रचारक के रूप में उन्हें जनता हर जगह चाह रही है। उत्तर प्रदेश के बदलाव को बखूबी लोग अपनी जुबां से बयां कर रहे हैं। गोरखपुर का बदलाव भी योगी के कद को बढ़ा ही नहीं रहा है, बल्कि आसपास की लोक सभा सीटों को एक संदेश भी दे रहा है। कानून व्यवस्था तो जैसी यूपी की है, शायद ही किसी अन्य प्रदेश की हो। अपराध और अपराधी यूपी से गायब हो गए हैं। अब उत्तर प्रदेश में कहीं गुंडा टैक्स नहीं चलता। दंगों, कर्फ्यू, रंगदारी, अपहरण, डराना-धमकाना उत्तर प्रदेश से सब समाप्त हो चुका है। इन सभी मुद्दों को लेकर दोनों नेता चर्चा करते नजर आ रहे हैं। प्रथम चरण के चुनाव के बाद जिस तरह से पूरी भाजपा टीम को और मजबूती से लगाया गया है, पूरी तरह से उत्तर प्रदेश में एक नया संदेश देना चाहती है भाजपा। चार जून को लोक सभा चुनाव के परिणाम आने के बाद योगी का कद और बढ़ेगा। योगी विरासत और विकास की बातों के साथ-साथ अपनी पुरानी छवि, फायर ब्रांड हिन्दूवादी नेता की, को कायम रखे हुए हैं। उसी तौरतरीके से उनका चुनावी भाषण भी हो रहा है। बल्कि चुनावी भाषण को छोड़ दिया जाए तो योगी ने अपने नियमित भाषण में बड़ा ही परिवर्तन किया था, तकनीकी और विकास की बारे अधिक होती रहती थीं। लोक सभा चुनाव के ऐलान के बाद राज्यवार स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी योगी को वरीयता दी गई। यह अपने आप में संदेश पहले ही दे दिया गया कि केंद्र के पांच शीर्ष नेताओं के बाद छठे नम्बर पर योगी का ही नाम है। कानून व्यवस्था सख्त रखने के चलते दूसरे राज्यों में योगी की खूब चर्चा होती है। हार्डकोर हिन्दुत्व वाली छवि भी उनके कद को बढ़ाती है। जुगलबंदी इस तरह हो गई है कि योगी गोरखपुर आएंगे तो बाबा गोरखनाथ की पूजा करने के बाद ही अपने कमरे में जाते हैं। मोदी ने काशी में जिस तरह से कल रोड शो किया वह देखने लायक था। भगवामय कशी नजर आ रही थी। बाबा विनाथ, गंगा मइया, बनारस हिन्दू विविद्यालय सभी जगह पूजन-अर्चना, माल्यार्पण मोदी ने किया। रोड शो के दौरान जिस तरह दोनों नेता अभिवादन करते चल रहे थे, सब की जुबान पर मोदी-योगी चल रहा था। योगी भगवाधारी हैं ही मोदी भी भगवा कुर्ता और भगवा गमछा के साथ रोड शो कर रहे थे। लोगों को यह जुगलबंदी खूब भा रही है।

कल मोदी ने अपने नामांकन के दौरान भी योगी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि जो लोग योगी जी को केवल बुलडोजर के नाम से बदनाम करते हैं, वे कान खोल कर सुन लें। जिस तरह से योगी ने यूपी में औद्योगिक विकास किया है, आजादी के बाद विपक्षी सरकारें इतने वर्षो में नहीं कर पाई। मैं काशी का सांसद भी हूं, और मेरे भी मुख्यमंत्री हैं। मैं गर्व महसूस कर रहा हूं कि योगी जैसे व्यक्ति मेरी टीम में हैं। चुनावी सभा के दौरान योगी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पादझ का मिशन पूरे देश में नया सम्मान पैदा कर रहा है। यह निरंतर दोनों नेताओं में देखने को मिल रहा है एक-दूसरे की तारीफ करना। योगी चुनावी सभा में कह रहे हैं कि मोदी का साथ है तो आज गन्ने के मूल्य से लेकर सुरक्षा, विकास, समृद्धि की बातें हो रही हैं। जिस तरह से दोनों नेता अयोध्या में राम मंदिर बनाने को लेकर आर्थिक विकास से जोड़ रहे हैं, निश्चित रूप से इसे धर्म में आस्था के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि के रूप में भी देखा जा रहा है। लाखों श्रद्धालुओं का प्रति दिन आना अपने आप में विकास को गति दे रहा है। रोजगार के अवसर बढ़े हैं। दोनों की जोड़ी अयोध्या के बारे में मंचों से बोल रही है। योगी कहते हैं कि वास्तविकता यह है कि अब उत्तर प्रदेश में अयोध्या-मथुरा-काशी सहित सभी हिन्दू तीर्थस्थलों में भक्तों की भारी भीड़ बढ़ रही है जिसके कारण निवेश बढ़ रहा है। योगी कहते हैं सबका साथ सबका विकासझ का जो मोदी का सपना है, वह मोदी की गारंटी के रूप में पूरा हो रहा है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया का नेतृत्व करने वाला नया भारत बन कर खड़ा हुआ है। अब देश वि की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दिशा में जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान है। उत्तर प्रदेश में गुंडों की मनमानी की जगह विकास की योजनाएं चल रही हैं। डबल इंजन की सरकार समस्याओं का समाधान दे रही है। मोदी के सशक्त नेतृत्व के कारण भारत ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। कहा जा सकता है कि लोक सभा चुनाव 2024 में मोदी-योगी की जुगलबंदी ही सबसे प्रभावी रही। दोनों का एक-दूसरे के साथ गजब का सामंजस्य दिख रहा है। जनता की भी मांग इसी जोड़ी की रही।

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसः जरूरी है आतंकवाद के फन को कुचलना

बच्चे अनाथ हुए हैं, बहुत सी माएं-बहनें विधवा हो गई तो कहीं बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी इसी आतंकवाद ने छीन ली। दरअसल आतंकवादी ऐसी वहशी घटनाओं को अंजाम देकर और किसी भी तरह का खूनखराबा करके आम लोगों के मन में भय पैदा करना चाहते हैं। उनके ऐसे घिनौने कृत्यों से न जाने कितने ही हंसते-खेलते परिवार एक ही झटके में बर्बाद हो जाते हैं। आतंकवाद रूपी इसी भयानक समस्या से निपटने के लिए भारत द्वारा 21 मई का दिन ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्न के रूप में मनाया जाने लगा। यह दिवस वास्तव में उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की आधिकारिक घोषणा 21 मई 1991 को भारत के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद की गई थी, जो लिट्टे के एक आतंकवादी अभियान के दौरान तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में मारे गए थे। राजीव गांधी श्रीपेरंबदूर में एक रैली को संबोधित करने गए थे, जहां लिट्टे से संबंधित एक महिला आतंकी अपने कपड़ों में विस्फोटक छिपाकर उनके पैर छूने के बहाने नीचे झुकी तो जबरदस्त बम धमाके में राजीव गांधी सहित करीब 25 लोगों की मौत हो गई थी।





**योगेश कुमार गोयल**

लेखक 34 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं

जम्मू कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है, देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी वाहन में आतंकी निदोर्षों के लहू से होली खेलकर आनंदित होते रहे हैं। पिछले कई वर्षों से देश आतंकवाद का यह खामियाजा भुगत रहा है, जिसके कारण अभी तक हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं, अनेक परिवार तबाह हो चुके हैं, बच्चे अनाथ हुए हैं, बहुत सी माएं-बहनें विधवा हो गई तो कहीं बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी इसी आतंकवाद ने छीन ली। दरअसल आतंकवादी ऐसी वहशी घटनाओं को अंजाम देकर और किसी भी तरह का खूनखराबा करके आम लोगों के मन में भय पैदा करना चाहते हैं। उनके ऐसे घिनौने कृत्यों से न जाने कितने ही हंसते-खेलते परिवार एक ही झटके में बर्बाद हो जाते हैं। आतंकवाद रूपी इसी भयानक समस्या से निपटने के लिए भारत द्वारा 21 मई का दिन ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्न के रूप में मनाया जाने लगा। यह दिवस वास्तव में उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की आधिकारिक घोषणा 21 मई 1991 को भारत के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद की गई थी, जो लिट्टे के एक आतंकवादी अभियान के दौरान तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में मारे गए थे। राजीव गांधी श्रीपेरंबदूर में एक रैली को संबोधित करने गए थे, जहां लिट्टे से संबंधित एक महिला आतंकी अपने कपड़ों में विस्फोटक छिपाकर उनके पैर छूने के बहाने नीचे झुकी तो जबरदस्त बम धमाके में राजीव गांधी सहित करीब 25 लोगों की मौत हो गई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन वी.पी. सिंह सरकार द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दिवस को मनाने का अहम उद्देश्य यही है कि देश में आतंकवाद, हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक असर के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। इस दिन सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों तथा अन्य संस्थानों में आतंकवाद विरोधी शपथ यही दिलाई जाती है कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम रखने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

देश में आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, उनके चलते देशभर में आतंकी घटनाओं में कमी दर्ज की जा रही है लेकिन विशेषकर जम्मू कश्मीर में अभी भी पाकिस्तान के पाले-पोसे भाड़े के टट्टू मासूम लोगों के खून से होली खेलने को लालायित रहते हैं। हालांकि बीते कुछ वर्षों में स्थिति में बड़ा बदलाव यही है कि सुरक्षा बलों के हमारे जांबाज लगभग आए दिन, शोपियां हो या कुपवाड़ा अथवा घाटी का अन्य कोई क्षेत्र, कहीं न कहीं मुठभेड़ों में दुर्दान्त आतंकियों को ढ़ेर कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ही सुरक्षा बलों द्वारा सैंकड़ों कुख्यात आतंकियों को कुत्ते की मौत मारा जा चुका है। आतंकियों के खिलाफ चल रहे सुरक्षा बलों के अभियान के चलते इस वर्ष भी अब तक दर्जनों आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें कुछ विदेशी आतंकी भी शामिल थे। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद से घाटी में सुरक्षा बलों के एनकाउंटर में सर्वाधिक आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा जैसे क्षेत्रों में आतंकी समूहों द्वारा स्थानीय युवकों की भर्ती के मामले भी सामने आते रहे हैं लेकिन सबसे ज्यादा मुठभेड़ें भी यहीं हुई। सीआरपीएफ के अनुसार जम्मू कश्मीर में इस समय 91 आतंकी सक्रिय हैं लेकिन सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के कारण पिछले कुछ समय में एनकाउंटर में कई आतंकियों का सफाया किया गया तथा एलओसी के पास घुसपैठ की दर्जनभर कोशिशें भी नाकाम की गईं।

जम्मू कश्मीर में युवाओं के आतंकी संगठनों में भर्ती का मुद्दा सुरक्षा बलों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना रहा है लेकिन राहत की बात यह है कि युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करने के चलते आतंकी संगठनों में स्थानीय स्तर पर अब भर्तियां काफी कम हो रही हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक आतंकी संगठनों में स्थानीय लोगों की भर्ती बीते वर्ष उससे पहले के वर्षों के मुकाबले बहुत कम हुई यानी घाटी में स्थानीय लोगों का झुकाव आतंकी संगठनों की ओर कम हो रहा है और इसका सीधा सा अर्थ है कि जम्मू कश्मीर में भी अब आतंकवादियों की कमर तोड़ने में सफलता मिल रही है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक दुश्मन की ओर से संघर्ष विराम के उल्लंघन, घुसपैठ की कोशिश या किसी अन्य दुस्साहसिक प्रयास का कड़ाई से जवाब दिया जा रहा है। वैसे सैन्य अधिकारियों का स्पष्ट तौर पर कहना है कि आतंकवाद रोधी सख्त अभियान तब तक पूरी ताकत से चलेगा, जब तक कि घाटी में सक्रिय तमाम आतंकवादी आत्मसमर्पण नहीं कर देते या मार नहीं दिए जाते। अधिकारियों के मुताबिक शांति के फायदे लोगों तक पहुंचने से वे अब शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। बहरहाल, देश के कोने-कोने में लोगों को इस दिशा में जागरूक करना ही समय की सबसे बड़ी मांग है कि आतंकवादी संगठनों के दुष्कृत्यों से लोगों के जान-माल तथा समाज का कितना बड़ा नुकसान होता है और अब आतंकवाद के फन को कुचलने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने ही होंगे।

## चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता पर उठते सवाल?

कम वोटिंग के लिए आयोग पहले ही आलोचना के दायरे में था। मतों के प्रतिशत की आधिकारिक जानकारी में विलंब और चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन के संदर्भ में की गई कार्यवाही ने उसे और भी निशाने पर ला दिया है। आयोग के पास मतदान के आंकड़े मतदान वाले दिन से लेकर अगले दिन तक आते हैं। पीठासीन अधिकारी अपने पोलिंग बूथ के मतदान की जानकारी सेक्टर ऑफिसर, जिसके अंतर्गत आमतौर पर 10 पोलिंग बूथ होते हैं, के जरिए रिटर्निंग ऑफिसर को भेजते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर अपने संसदीय क्षेत्र की जानकारी राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय को भेजता है और इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी इन आंकड़ों को चुनाव आयोग को भेजता है। प्रारंभिक तौर पर यह आंकड़े अनंतिम होते हैं और चुनाव आयोग सम्पूर्ण प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अंतिम जानकारी जारी करता है। 19 अप्रैल के पहले चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा था कि शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा 60% से अधिक था। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के बाद भी मतदान का प्रारंभिक अनुमान 60 .96% बताया गया। मगर इन दोनों चरणों के लिए अंतिम मतदान प्रतिशत जानकारी आयोग द्वारा 30 अप्रैल अर्थात पहले चरण के मतदान के 11 और दूसरे चरण के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित की गई।





**चैतन्य भट्ट**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चुनाव चल रहे हैं। प्रचार की गर्मी मौसमी गर्मी पर भारी है। आरोपों-प्रत्यारोपों और जुमले बाजी शवाब पर है। मतदाता हैरान है। जितनी तेजी से मुद्दे बदल रहे हैं वैसे तो मौसम भी नहीं बदलते। विडंबना यह है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग की भूमिका भी बहस का मुद्दा बन गई है। कम वोटिंग के लिए आयोग पहले ही आलोचना के दायरे में था। मतों के प्रतिशत की आधिकारिक जानकारी में विलंब और चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन के संदर्भ में की गई कार्यवाही ने उसे और भी निशाने पर ला दिया है।

आयोग के पास मतदान के आंकड़े मतदान वाले दिन से लेकर अगले दिन तक आते हैं। पीठासीन अधिकारी अपने पोलिंग बूथ के मतदान की जानकारी सेक्टर ऑफिसर, जिसके अंतर्गत आमतौर पर 10 पोलिंग बूथ होते हैं, के जरिए रिटनिंग ऑफिसर को भेजते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर अपने संसदीय क्षेत्र की जानकारी राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय को भेजता है और इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी इन आंकड़ों को चुनाव आयोग को भेजता है। प्रारंभिक तौर पर यह आंकड़े अनंतिम होते हैं और चुनाव आयोग सम्पूर्ण प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अंतिम जानकारी जारी करता है।

19 अप्रैल के पहले चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा था कि शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा 60% से अधिक था। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के बाद भी मतदान का प्रारंभिक अनुमान 60.96% बताया गया। मगर इन दोनों चरणों के लिए अंतिम मतदान प्रतिशत जानकारी आयोग द्वारा 30 अप्रैल अर्थात पहले चरण के मतदान के 11 और दूसरे चरण के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित की गई। इलेक्ट्रॉनिक मशीनों वाले चुनाव और पल पल में जानकारी अपडेट करने वाली इंटरनेट की दुनिया में इस विलंब को बहस का मौजू बनना ही था। उस पर कमाल यह हुआ कि मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्रारंभिक आंकड़ों से लगभग 6 प्रतिशत बढ़ कर आए। आयोग ने न तो मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े देर से जारी करने पर कुछ कहा न ही मतदान प्रतिशत के प्रारंभिक और अंतिम आंकड़ों के अंतर पर। सत्ता पक्ष ने भी इन दोनों पहलुओं पर खामोश रहना ही ठीक समझा। विपक्ष ने जरूर इस पर न सिर्फ गंभीर सवाल खड़े किए बल्कि फेर-बदल की आशंका भी जाहिर की। आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में आयोग के भेद-भाव पूर्ण रवैए ने अलग सवाल खड़े किए हैं।

2014 के लोकसभा चुनाव तक हर चुनावी चरण के बाद चुनाव आयोग में प्रेस कॉन्फ्रेंस की परंपरा थी। 2014 के बाद यह परिपाटी खत्म हो गई। इस परंपरा के चलते चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी मशीनरी में भी मतदान के आंकड़े जारी करने का दबाव रहता था। 2019 के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी चरण में चुनाव आयोग की तरफ से प्रेस वार्ता आयोजित नहीं की गई। इसके पहले के चुनावों में 24 से 48 घंटे के अंदर वोटिंग प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्रकाशित कर दिए जाते थे। उस आधार पर कहा जाए तो विलंब पर उठने वाले सवाल यकीनन जायज हैं।

इस मामले को लेकर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उच्चतम न्यायालय की शरण ली है। उनके द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि 30 अप्रैल के चुनाव आयोग की अंतिम आधिकारिक जानकारी में 5 प्रतिशत से अधिक के असामान्य संशोधन, अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र के आंकड़ों की जानकारी की अनुपस्थिति और अंतिम आंकड़े जारी करने में अत्यधिक विलंब ने गंभीर आशंकाएं पैदा की हैं जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। अदालत से आग्रह किया गया है कि वह चुनाव आयोग को मौजूदा लोकसभा चुनावों में प्रत्येक चरण के मतदान के बाद मतदान केंद्रों पर दर्ज वोटों की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करके मतदान के प्रमाणित रिकॉर्ड का खुलासा करने का निर्देश दे। याचिकाकताओं ने निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र के अनुसार मतदाता और मतदान के आंकड़ों को पूर्ण संख्या और प्रतिशत के रूप में प्रकाशित करने की भी मांग की है। चुनाव आयोग को यह निर्देश देने का भी आग्रह किया गया है कि वह परिणामों के संकलन के बाद उम्मीदवार वार मतगणना परिणाम का खुलासा करे। उच्चतम न्यायालय मामले पर 17 मई को सुनवाई करेगा।

पारदर्शिता और तकनीक के इस्तेमाल की बात करने वाले चुनाव आयोग के लिए ढीलम ढाली के यह आरोप दुर्भाग्य पूर्ण हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में होने वाले चुनावों की सारे विश्व में प्रतिष्ठा है। कितने ही देश इन चुनावों के अध्ययन के लिए प्रतिनिधि मंडल भेजते रहे हैं ताकि ऐसी ही पारदर्शिता और निष्पक्षता अपना सकें। पिछले कुछ घटनाक्रमों ने इस प्रतिष्ठा पर सवाल खड़े किए हैं। आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सरकार के बहुमत से निष्पक्षता प्रभावित हुई है। एक चुनाव आयुक्त के अचानक इस्तीफे और उसके बाद दो चुनाव आयुक्तों की ताबड़तोड़ नियुक्ति ने और भी सवाल खड़े किए हैं। राजनीतिक दलों से चर्चा से परहेज और प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस से किनाराकशी से आशंकाएं और भी बलवती हुई हैं।

सूरत और इंदौर लोकसभा क्षेत्रों में जिस बेशर्मी से मतदाता के मताधिकार द्वारा प्रतिनिधि के चुनाव का गला घोंटा गया है, वह तकनीकी आधार पर भले ही उचित हो, लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के समुचित प्रयास वक्त की जरूरत हैं। चुनाव आयोग की आशंकाओं और विवादों में घिरी निष्पक्षता और पारदर्शिता तो उम्मीद नहीं जगाती। अंतिम परिणाम ही निश्चित करेंगे कि आने वाला तंत्र लोक का रहेगा या ह्न माई वे या हाई वे ह्न वाली शैली का। बहरहाल, उम्मीद पे दुनिया कायम है।

## महिला सुरक्षा जरूरी है राजनीती नहीं

संजय गोस्वामी

आए दिनों खबरों में स्वाति मालीवाल की चर्चा खूब हो रही है और आम आदमी पार्टी के लिए किसी सदमे से कम नहीं क्योंकि अभी तो दो ही पार्टी सुर्खियों में है एक इंडि गठबंधन और बीजेपी जब से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से निकले नहीं की इंडि गठबंधन की कमान ले लिए और जब सोनियाजी को लगा कोई अगला प्रधानमंत्री का दावेदार ना हो जाए उसने रायबरेली की चुनावी सभा में अपने सुपुत्र श्री राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री के बनाने का एक इसारा कर दी ताकि जगह अब पक्की कर दें बीजेपी को एक अच्छा मुद्दा मिला जिसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी दिल्ली में राम लीला हमेशा बड़े धूमधाम से होता है एक बार दोनों में से कोई देख तो लिया होता कि नारी का भगवान श्री राम कितना सम्मान करते हैं नारी शक्ति ही असल में पार्टी की बुनियाद रखेगी क्योंकि नारी की रक्षा करना सभी का दायित्व है उसके साथ सही में बुरा हुआ ऐ टीवी में देखने को मिला और यही बाद में एक एक अलग ही मुद्दा साबित होगा जो सब को हैरान कर देगा महिलाओ के अपमान के कारण हीं भगवान राम ने रावण का वध किया महाभारत में भगवान श्री कृष्ण ने कौरवो का नाश करवाया अतः यदि सही है तो सीसीटीवी फुटेज देने में क्या परेशानी है केजरीवाल जी अखिलेश जी के साथ उस प्रश्न पर क्यों सहम गए मै किसी पार्टी को पक्ष या विपक्ष में नहीं कह रहा बल्कि आगे की राजनीती में महिलाओ की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है बीजेपी ने जब बृजभूषण सरण सिंह पर चुप थी तो कर्नाटका हाथ से फिसल गया और बाद में जब समझ आया तो उससे दुरी बनाई अब इसमें राजनीती है या नहीं ऐ तो कोर्ट के फैसला से मालूम होगा लेकिन यदि स्वाति मालीवाल के साथ सही में ऐसी घटना घटी है तो दोषी को अवश्य हीं सजा देनी चाहिए देश के विकास में महिलाओं का महत्त्व और अधिकार के बारे में समाज में जागरुकता लाने के लिये मातृ दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि जैसे कई सारे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। महिलाओं को कई क्षेत्र में विकास की जरुरत है। बहुत पहले हमारे स्कूल मारवाड़ी हाई स्कूल जिला लेवल से पास करते हुए दिल्ली राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली में 1984 में तुलसी जयंती के अवसर पर एक भव्य नाटक का आयोजन किया गया जिसमें तत्कालीन शिक्षा मंत्री भी आए थे उसका भाग था राम केवट संबाद जिसमें मुझे राम का रोल मिला और एक मित्र को केवट का हालांकि सभी हमारे मित्र थे जब श्री राम जी अयोध्या से जाते हैं तो मंत्री सुमंत उन्हें मना करते हैं तभी राम कहते हैं रघुकुल रित सदा चली आयी प्राण जाए पर, बचन ना जाए इस तरह नदी पार कराने केवट आते हैं जो सदियों से इंतजार कर रहें थे उसके बाद जो लिखा है उसीतरह का बोल प्रस्तुत होते हैं, उस समय नाटक कराने वाले स्व सुकदेव जी ने एक ऐसे दृश्य को पटल। पर रखा जो बहुत कठिन था पूर्व जन्म में भगवान विष्णु और कछुए का समुद्र में दृश्य उसे बनाने में अच्छा रकम भी खर्च हुआ और उस सेट को सजाने में कई लोग बाहर से बुलाये गए सभी ने पूछा सर ऐ तो सिर्फ 1मिनट का है इसमें इतना टाइम क्यों दिया जा रहा है उन्होंने कहा फिल्मों में एक सेट को बनाने पर भी बहुत खर्च होता है और जब केवट पुराना याद राम को दिलाता है पर्दा बंद होता है और भगवान विष्णु का कछुए का रूप सामने आता है दर्शक तालियों से पूरा ऑडिटोरियम गूंज जाता है और कछुए को भी बहुत ही छोटे बच्चे ने गजब का करतब दिखाया और भगवान विष्णु के रूप में वही उनकी दो उभरी हुई भुजाओं में एक गदा या गदा और एक चक्र है। उनके निचले हाथों में शंख और बीज तथा अजगर पर लेटे हुए जैसे जैसे कछुवा उनके चरणों के समीप जाता है वैसे वैसे भगवान विष्णु अपना पाँव ऊपर कर लेते (उसमें पैर दबाते हुए माता लक्ष्मी ) इस दृश्य को देखकर दर्शक ने खूब ताली बजाया और कछुए को प्रथम पुरस्कार मिला केवट जो यहाँ पाँव धोने से हिचकिचाहट होती थी उसने पूरा धो डाला नाटक गजब का रहा और सुबह ही पेपर में मेन पृष्ठ पर छपा मिला मुझे व केवट को द्वितीय पुरस्कार मिला अभी भी वो पल याद है जब केवट भगवान श्री राम का सबसे बड़ा स्नेही था जय श्री राम केवट संबाद उसमें अवश्य ही भगवान श्री राम केवट की धर्म पत्नी व भारत में, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है

## संक्षिप्त खबरें

### देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ सैलून से बदमाश गिरफ्तार

घोड़ासहन पुलिस ने कदमवा गोला चौक स्थित एक सैलून से एक बदमाश को गिरफ्तार देसी कट्टा एवं कारतूस के साथ पकड़ा है। उक्त बदमाश के पास तलाशी लेने के क्रम में एक देसी कट्टा सहित एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उक्त कारवाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुष्टि करते थानाध्यक्ष शम्भू मांझी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान थानाक्षेत्र के कदमवा भलुआही गांव निवासी लोचन सहनी का पुत्र धनंजय कुमार सहनी के रूप में किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक हथियार लेकर बाल कटवाने के लिए सैलून में पहुंचा है। सूचना पर तत्वरित करवाई कर पुलिस ने उक्त बदमाश को हथियार के साथ दबोच लिया। इधर पुलिस गिरफ्तार बदमाश के आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है। छापेमारी टीम में पुअनि अभय कुमार, पुअनि मधुकर कुमार, पुअनि नवल किशोर पसवान व पुलिस बल शामिल थी।

### छठे चरण के मतदान को लेकर राजनीति हुई तेज



बेतिया।छठे चरण में 25 मई को 01 वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में होनें वाले मतदान को लेकर राजनीती तेज हो गईं है। जदयू औरआरजेडी की सीधी लड़ाई के बीच नेताओं का एक दूसरे पर वार प्रत्यारोप जारी है। इसी बीच बगहा पहुँचे जेडीयू एमएलसी गुलाम गौस ने शहर में चौपाल लगाया। बतादें की अल्पसंख्यक बहुल्य रत्नमाला और अंसारी टोला में समुदाय विशेष के लोगों में नीतीश सरकार की उपलब्धियां गिनाकर एमएलसी गुलाम गौस नें जेडीयू के पक्ष में मतदान करने का लोगों से वादा कराया

### वोटरों को साधने के लिए करेंगे भाजयुमो प्रभातफेरी

पटना सिटी (प्राकि)। सोमवार को भाजपा गायघाट मंडल युवा मोर्चा की बैठक कांटाही घाट के पास हुआ। इसकी अध्यक्षता मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने किया। बैठक में पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर हुई। इसमें युवा मोर्चा के द्वारा एक सप्ताह तक प्रभातफेरी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी चुनाव में जनसंपर्क कर लोगों को कमल छाप पर वोट करने की अपील भी की गई। बैठक में प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य राकेश कुमार बबलू, पटना महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक कुमार जायसवाल, जिला युवा मोर्चा मंत्री गुंजन कुमार, मंडल युवा मोर्चा महामंत्री प्रह्लाद कुमार, अंजीत शर्मा, मनीष कुमार चौधरी, प्रीतम अभिषेक, पंकज पंडित, विप्रो दास, राकेश नवरंग आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

# माल महाराज के मिर्जा खेले होली : शहनवाज

## यहां दो धरा की लड़ाई एक तरफ परिवारवाद तो दुसरे तरफ विकास वाद

- डबल इंजन की सरकार होगी तो चहुओर विकास की गंगा बहेगी

प्रात : किरण संवाददाता



ढाका, संवाददाता (पुर्वी चम्पारण)---कुंडवा चैनपुर हाई स्कूल के खेल मैदान में सोमवार को आयोजित शिवहर लोकसभा के जेडीयू प्रत्याशी लवली आनंद के लिए चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा की माल महाराज के मिर्जा खेले होली। एनडीए की डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के नेतृत्व में फ्री अनाज, इलाज किसान सम्मान निधि योजना सहित युवाओं को नौकरी देकर चौतरफा विकास करने का काम किया है।जबकि राजद के लोग परिवार वाद को बढ़ावा देने के साथ साथ घपले घोटाले में लगे हुए हैं।राजद के लोग खिलाने के बाद दात घिसाई का भी पैसा लेते हैं।पुरे देश में मोदी की लहर है। लवली आनंद के तीर छाप पर बटन दबाकर मोदी की हाथ को मजबूत करने की अपील की।के नाम पर वोट करे। परिवारवाद को देश से भगाए। कहा की पहले मक्का का दर एक हजार रुपए क्यूंटल था लेकिन मोदी सरकार में उसका दर बढ़ाकर बाइस सौ रुपए क्विंटल किया। एनडीए की सरकार अगरा पिछड़ा और सभी वर्गो के लिए काम किया है। साथ ही राशन, किसान सम्मान निधि योजना को भी घर घर पहुंचाया है। उक्त कार्यक्रम में शामिल जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, खालिद अनवर, ढाका विधायक पवन जायसवाल, नेहाल अख्तर, रामपुकार सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी सहित कई नेताओं ने एनडीए को वोट करने की अपील किया। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा की यहां दो धरा की लड़ाई है।एक तरफ राजद परिवारवाद को बढ़ावा तो दुसरे तरफ एनडीए पुरे देश को परिवार मानकर देश को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं।तो नितिश की सरकार सबका साथ न्याय के साथ सबका विकास में लगे हुए हैं। विधायक पवन जायसवाल ने भी भाजपा जदयू सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए जद यु प्रत्याशी लवली आनंद के पक्ष में लोगों को बटन दबाकर जिता कर मोदी के हाथ को मजबूत करने की अपील की।जदयु एम एल सी खालिद अनवर ने सायराना अंदाज में कहा की सर फरोसी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।वक्त आने दे तमन्ना हम दिखा देंगे अब हमारे दिल में क्या है।जद यु प्रत्याशी लवली आनंद ने कहा की लालु जी के राज में महिलाओं को नंगा घुमाया जाता था।अपराध का बोल बाला था।जिसको भाजपा जदयू की सरकार ने शुसासन की सरकार में चौतरफा विकास किया। जंगल राज को कानुन की राज में कायम किया।लोगों से तीर छाप पर बटन दबाकर मोदी जी के हाथ को मजबूत करने की अपील की।सभा की अध्यक्षता जदयु प्रखंड अध्यक्ष नेहाल अख्तर तो संचालन वकील चौधरी ने किया।मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष मंजु देवी, अंशुमान आनंद,चंचल ठाकुर,हिमराज राम,राम पुकार सिन्हा, मुन्ना शाही,वसीम आलम,प्रभुनरायण जायसवाल, संजय सिंह पटेल, राजेश तिवारी,नागमणी सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 23 मई को तेजस्वी यादव व मुकेश सहनी का बनकटवा में चुनावी सभा प्रस्तवित

प्रात : किरण संवाददाता

बनकटवाः पश्चिमी चम्पारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के राममनोहर लोहिया खेल मैदान बनकटवा में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जानकारी युवा राजद के बनकटवा प्रखण्ड अध्यक्ष शिवशंकर यादव तथा युवा नेता निप्पु सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि आगामी 23 मई को 2.15 बजे अपराह्न में चुनावी सभा प्रस्तावित है।कार्यक्रम को लेकर तीन चार दिन पहले से तैयारी जोर शोर से चल रहा है।सभा मे होने वाले भीड़ को देखते हुए पक्कीकरण कर स्थायी मंच बनने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।साथ ही नए हेलिपैड का भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है।वही हेलिपैड से मंच तक आने में नेता को कोई परेशानी नही हो इसके लिए हेलीपैड से मंच तक पक्का सड़क निर्माण कराया जा रहा है।फील्ड में बैरिकेटिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

## शत प्रतिशत मतदान कों लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चलाया मततदाता जागरूक अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

सुगौलीः सुगौली के चैंबर ऑफ कॉमर्स सामाजिक संगठन के तरफ से मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया। बिहार में इस बार लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत कम होने से ऐसा प्रतीत होता है की लोगो में वोट देने में जागरूकता में कुछ कमी हुई है। इसी को लेकर सुगौली चैंबर ऑफ कॉमर्स सामाजिक संगठन ने मतदाता मतदान में शत प्रतिशत वोट हो इसी को लेकर नगर पंचायत के सभी वार्डो डोर टू डोर और सभी दुकानदारों के बीच मतदाता जागरूक अभियान चलाया। वही चैंबर ऑफ कॉमर्स के सुगौली के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा की पूरे बिहार में इस बार वोट प्रतिशत घटने की स्थिति को देखते हुए मतदान जागरूक अभियान चलाया गया है। आम मतदाताओं से शत प्रतिशत वोट करने की अपील की गई है। वही चैंबर ऑफ कॉमर्स के सुगौली के सचिव प्रियांशु सर्राफ ने कहा है की हम सभी लोग सभी आम मतदाताओं से मिलकर उनसे शत प्रतिशत वोट देने और अपने अपने परिवारों में परिवार जनों में भी वोट पहले दे और बाकी सभी कार्य वोट देने के बाद करे इसी पर हम व्यवसाई लोगो से भी यही पहल कर रहे है की पहले मतदान फिर दुकान मौके पर संजय मोदी मिथलेश कुमार कुणाल कुमार गुप्ता सहित चैंबर ऑफ कॉमर्स के कई सदस्य मतदाता जागरूक अभियान शामिल थे।

## प्रधानमंत्री मोतिहारी में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

### एक साथ पश्चिमी व पूर्वी चंपारण तथा शिवहर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को साधने का करेंगे प्रयास



प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी चंपारण : मोतिहारी की ऐतिहासिक गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को पांचवी बार आ रहे है। जहां से चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरा कर लिया गया है। एसपीजी गांधी मैदान को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षा व्यवस्था को संभाले हुए है। सभा स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये गये हैं।गांधी मैदान को पूरी तरह से सील कर दिया गया है और कड़ी पहरेदारी की जा रही है।लगातार जिला व पुलिस प्रशासन विधि-व्यवस्था को ले सभी बिन्दुओं की समीक्षा कर रहा है। कार्यक्रम को ले गांधी मैदान के मेन गेट पर अस्थायी थाना खोलकर अन्य पांच प्रवेश द्वार पर पुलिस सख्त पहरेदारी कर रही है। गांधी मैदान के सभी द्वार की निगरानी पुलिस जवानों के अलावा बाइकर्स टीम कर रही है।सुरक्षा को लेकर भारत-नेपाल के रक्सौल बॉर्डर पर हाई अलर्ट जारी किया गया है।नेपाल की ओर से भारतीय सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगो की एसएसबी व पुलिस सघन चेकिंग कर रही है। इसके साथ नेपाल से जुड़ी सभी बॉर्डर व संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि पीएम की सभा को ले हर स्तर से चौकसी बरती जा रही है। सुरक्षा को लेकर प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा गया है।अबतक प्रधानमंत्री का जिला में तीसरा कार्यक्रम है।पीएम के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यक्रम मोतिहारी में होगा. प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ष-2018 के अप्रैल माह में आयोजित चंपारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष समारोह के समापन के अवसर पर आये थे।उसके बाद नवंबर-2020 में गांधी मैदान में ही एक सभा को संबोधित किया था। उसके बाद फिर यह तीसरा कार्यक्रम है।

## 21 मई को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर एसएसबी ने बॉर्डर पर बढ़ायी सख्ती



प्रात : किरण संवाददाता

बनकटवा पु च,21 मई को पीएम का सभा मोतिहारी गांधी मैदान में होना है, जिसको लेकर पिपरा कोठी कमांडेट प्रफुल कुमार के निर्देश पर इंडो-नेपाल अठमोहान, जमुनिया, बरहरवा बार्डर पर एसएसबी द्वारा सख्ती बढ़ा दी गयी है। एफ कम्पनी के इंस्पेक्टर मुकुट दास राजनंदन सिंह ने बताया 21 मई को पीएम का सभा मोतीहारी गांधी मैदान में होना है जिसको लेकर इंडो नेपाल बॉर्डर पर पूरी तरह से हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं नेपाल से आने जाने वाले पर एसएसबी और नेपाल एपीएफ जवानों की पैनी निगाह बनी हुई है। रात में नाइट विजन से एसएसबी और नेपाल पुलिस जवान सीमा पर गश्त कर रहे हैं। इधर इंस्पेक्टर मुकुट दास और राजनंदन सिंह के नेतृत्व में जवानों के द्वारा भी इंडो-नेपाल बॉर्डर पर लगातार गश्त की जा रही है। इंस्पेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जितना पुलिस,झरौखर पुलिस नेपाल पुलिस और एसएसबी से भी समन्वय बनाकर ड्यूटी की जा रही है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल बॉर्डर तीन दिनों रहेगा सील





प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल।छठे चरण में भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र पूर्वी चंपारण व पश्चिम चंपारण में 25 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर तीन दिनों तक भारत व नेपाल की सीमा बंद रहेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सीमा पर सुरक्षाबलों द्वारा चौकसी बढ़ा दी गई है। नेपाल से आने वाले टमटम, ई रिक्शा व चार पहिया वाहनों को बारीकी से जांच कर तभी भारत में प्रवेश करने दिया जा रहा है। खुला सीमा होने के चलते सुरक्षाबलों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना चुनौती बन गया है। वही पंटोका, धुपवाटोला, महदेवा, सहदेवा, मुशहरवा, भेलाही सहित कई बॉर्डर पर एसएसबी जवानों द्वारा 24 घंटे निगरानी की जा रही है। 60 घंटा पहले बॉर्डर होगा सील 25 मई को पूर्वी चंपारण व पश्चिम चंपारण लोकसभा का चुनाव है। इसको लेकर 60 घंटे पूर्व भारत-नेपाल का बॉर्डर सील कर दिया जाएगा। बॉर्डर पर दोनों देशों के जवान चुनाव संपन्न होने तक तैनात रहेंगे। वही नेपाल में भारी संख्या में भारतीय कामगार काम करते है। अगर उन्हें मतदान करने जाना होगा तो उन्हें अपना पहचान पत्र दिखा कर ही भारत में प्रवेश करने दिया जाएगा। वही नेपाल के जिलाधिकारी दिनेश सागर भूसाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 23 मई के सुबह 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक बॉर्डर सील रहेगी।

## झमाझम बारिश से वीटीआर हुआ गुलजार प्रचंड गर्मी से मिली राहत



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया।प्रचंड गर्मी से सुलगता वीटीआर सोमवार को अचानक मौसम के करवट लेते ही झमाझम बारिश से राहत की सांस ली ।इस बदले मौसम से वीटीआर गुलजार हो गया। वीटीआर घूमने आए पर्यटकों को इस बदले मौसम से खूब राहत मिली और बारिश का खूब लुफ्त उठाया। बतादें की लगातार हीट वेव की मार झेल रही वीटीआर को गरज के साथ बारिश से लोगों ने प्रचंड गर्मी से राहत ली । पिछले तीन दिनों से शाम के समय बारिश के आसार बनते रहे लेकिन बारिश नहीं हुई।लेकिन सोमवार को मौसम ने करवट लेते हुए स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों को भी खूब राहत दी और बदले हुए मौसम का खूब लुफ्त उठाया। बारिश के रुकते ही पर्यटक बाहर निकले और वीटीआर के पर्यटन डिस्टिनेशन पर्यटकों से गुलजार हो उठे।

## रामगढ़वा के भैसड़ा गांव में यादव समुदाय के दर्जनों लोग भाजपा को छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल।पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र के सुगौली विधानसभा के भैंसड़ा गांव में राजद से नाराज दर्जनों की संख्या में भजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस की सदस्यता को ग्रहण किया है। सोमवार को यह कार्यक्रम रामगढ़वा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहां जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह की भी मौजूदगी रही। मौके पर महागठबंधन के रामबाबू यादव, राजू सिंह, प्रेमचंद यादव, जेपी यादव, तेजी लाल कुशवाहा,सुनील कुशवाहा इत्यादि कई नेता मौजूद रहे। महागठबंधन के नेताओं के द्वारा चुनाव कैम्पन के अंतर्गत वैसे कार्यकताओं को गोलबंद करने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिनमें किसी कारण वश नाराजगी है।प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बताया कि भैंसड़ा गांव के दर्जनों लोगों में किसी कारण से नाराजगी थी और इन लोगों ने भाजपा कि सदस्यता को ग्रहण कर लिया था। हालांकि दिल से यह सभी लोग राष्ट्रीय जनता दल के ही है। इसलिए इन्होंने कांग्रेस की सदस्यता को फिर से ग्रहण किया है। मौके पर हरि नारायण यादव, विनय यादव, संजीत यादव, विपिन यादव, अशोक यादव, लालबाबू यादव, लखन यादव,सुकेश्वर यादव, नितेश यादव, अखिलेश यादव इत्यादि कई लोगों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता को ग्रहण किया है।

# एम्स में प्र्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा फेटोमीट नाम से सीएमई का आयोजन






प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने पटना चैप्टर पेरिनेटोलॉजी एंड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी साइंटिफिक सोसाइटी के सहयोग से रविवार को फेटोमीट नाम से एक सीएमई का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। सीएमई का प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न स्क्रीनिंग परीक्षणों और सोनोग्राफी के साथ समय पर अजन्मे बच्चे में जन्मजात दोषों, चयापचय विकारों और गुणसूत्र विसंगतियों का निदान करने पर गहन चर्चा करना था, ताकि मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग बच्चे पैदा न हों। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रोफेसर डॉ गोपाल कृष्ण पाल ने भाग लिया। एम्स पटना के चिकित्सा अधीक्षक और डीन (परीक्षा) प्रोफेसर अनूप कुमार; आईएसओपीएबी की पूर्व अध्यक्ष डॉ मंजू गीता मिश्रा ,आईएसओपीएबी की पूर्व अध्यक्ष डॉ वरँ रँ१ें,प्रोफेसर डॉ हेमाली हेदी सिन्हा, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष एम्स पटना और पटना पीएआरबी की अध्यक्ष, डॉ मुक्ता अग्रवाल, प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग एम्स पटना, डॉ इंदिरा प्रसाद, र्प्१ङ्मल्लंह्म प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, एम्स पटना, डॉ पूजा कुमारी, भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ, पटना, डॉ अनीता पासवान, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, एम्स पटना, डॉ सुद्विता सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग एम्स पटना, डॉ ज्योति कुमारी, सचिव, पटना पीएआरबी, डॉ पूनम लाल, कोषाध्यक्ष, पटना पीएआरबी भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थीं। यह कि एम्स पटना में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ भ्रूण सुनिश्चित करने तथा बांझ दंपतियों को संतान प्राप्ति की खुशी दिलाने के उद्देश्य से सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को पूरा करेगा। सीएमई कार्यक्रम, फेटोमीट में पूरे देश से उत्कृष्ट वक्ताओं और भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ. हेमाली हेदी सिन्हा ने प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और पीएआरबी की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया। डॉ. एमिली भट्टाचार्यजी चटर्जी ने आनुवंशिक असामान्यताओं का पता लगाने में प्रसव पूर्व निदान के महत्व पर चर्चा की। प्रोफेसर डॉ. दीपिका डेका ने अंतर्गर्भाशयी आधान में नवीनतम प्रगति का वर्णन किया। प्रोफेसर डॉ. देबास्मिता मंडल, कोलकाता ने भ्रूण इकोकार्डियोग्राफी और न्यूरोस्क्रीनिंग प्रोटोकॉल पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. पूजा कुमारी, पटना ने प्रसव पूर्व देखभाल में पहली तिमाही की जांच और इसकी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. साक्षी यादव, चंडीगढ़ ने अपने व्याख्यान में बताया कि क्या अल्ट्रासाउंड सॉफ्ट मार्कर वास्तव में सॉफ्ट हैं।

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा ने विसंगति सोनोग्राफी के महत्व का वर्णन किया और कहा कि इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डॉ. इंदिरा प्रसाद ने समापन भाषण में बताया कि मातृ-भ्रूण चिकित्सा के क्षेत्र में कौशल और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की ओर ध्यान आकर्षित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार की विसंगतियों का शीघ्र पता लगाया जा सके और उचित प्रबंधन किया जा सके और सीएमई कार्यक्रम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक छोटी सी पहल है।

## भाषण के दौरान बारिश से बदले मौसम पर तेजस्वी ने चुटकी ली कहा मौसम की तरह सरकार भी बदल जाएगी



- मोदी ने हिन्दू मुस्लिम को लड़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया:तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दीपक यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने मुकेश सहनी के साथ तेजस्वी यादव रामनगर पहुंचे। रामनगर के अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम में बारिश के बावजूद लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और अपने नेता तेजस्वी यादव को सुनने के लिए लोग बारिश में भीगते दिखे। दरअसल सभा 12 बजे होनी थी लेकिन बारिश के कारण 3 बजे के बाद सभा हुई। इसी बीच दुबारा बारिश आने लगी। लिहाजा मौसम पर चुटकी लेते हुए तेजस्वी यादव ने कहा की मौसम बदल गया है सरकार भी बदल जाएगी। देश में महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए तेजस्वी ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की मोदी ने हिंदू मुस्लिमो को लड़ाने के अलावा कोई कार्य नहीं किया है। बीजेपी को बड़का झूठा पार्टी बताते हुए कहा की मोदी सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने रोजगार और नौकरी देने का वादा किया और सरकारी चीजों को निजी हाथों में सौंप दिया। ऐसे में कैसे रोजगार मिलेगा। इतना ही नहीं 10 साल में सिलेंडर का दाम 1000 से ज्यादा बढ़ा दिया ।बिहार में एक भी चीनी मिल नहीं शुरू करा पाए और सिर्फ झूठ बोलते रहे। उन्होंने दीपक यादव को जिताने के लिए लोगों से अपील की और कहा की इंडिया की सरकार बनी तो वे एक करोड़ लोगों को नौकरी देंगे और 10,10 किलो राशन दिया जाएगा।

## स्वस्थ मतदान, ज्ञान व जीवन के विकास का आधार : राजीव रंजन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जिलाधिकारी के आदेशानुसार सोमवार को मारवाड़ी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। लगभग 600 छात्र रैली में शामिल हुए। जागरुकता अभियान विद्यालय के प्रवेश द्वार से शुरू होकर भगत सिंह चौक, मंगल तालाब, मलिन बस्तियों तक लोगों के बीच पहुंच कर उन्हें एक जून को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने नमस्कार करते हुए कहा कि एक वोट देश का ही नहीं, आने वाली नस्लों के लिए अति महत्वपूर्ण है। मेरे चाचा, चाची, दादा, दादी, भाई, बहनों आपसे शीश झुका कर निवेदन है कि मतदान अवश्य कीजिए.... एक-एक वोट कीमती है। रैली विद्यालय में आकर सभा में तब्दील हो गई। प्रधानाध्यापक ने कहा कि स्वस्थ मतदान से स्वस्थ सरकार बनेगी, जिससे ज्ञान का विस्तार होगा और जीवन का विकास होगा कछात्र घर जाकर अपने परिवार को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, यह शपथ लिया। मौके पर सुधीर कुमार चौधरी, जितेंद्र कुमार पाल, राकेश रंजन, विक्रम कुमार सिंह, संजय कुमार, विनीता कुमारी सहित विद्यालय परिवार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वरीय अधिकारियों का आदेश भी साबित हो रहा हवा हवाई

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में वरीय अधिकारियों का आदेश भी हवा - हवाई साबित हो रहा है। फलस्वरूप जिला व्यवहार न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अरबिंद सिंह (चकबंदी कार्यालय, कल्ब रोड) ने अपने भूमि का मापी कराने हेतु वर्षों से चक्कर काट रहे हैं लेकिन अभी तक भूमि का मापी नहीं कराया जा सका है।इस संबंध में अधिवक्ता अरविंद सिंह ने बताया कि भूमि का मापी कराने के लिए अनन्यसंख्या534210105081600499/1ए में आयुक्त महोदय द्वारा पारित आदेश के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया जिसके आलोक में अंचल अधिकारी औरंगाबाद द्वारा अंचल में मापी शुल्क 4000/=जमा कराकर मापी वाद संख्या 7/23,24 दर्ज कर पत्रांक 1964 दिनांक 25/04/24 द्वारा नापी का तिथि 30/04/24 निर्धारित कर बिना सूचना के अभी तक मापी नहीं कराया जा सका है। फलस्वरूप स्थानीय स्तर पर विवाद गहरा गया है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित होने की प्रबल संभावना बनी हुई है।

### आज से शुरू होगी इंदिरा गांधी महिला कॉलेज में 12वीं की मासिक परीक्षा

औरंगाबाद। दाउदनगर प्रखंड के विश्व रत्न इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय द्वारा इंटरमीडिएट सत्र 2023- 25 की 12वीं की मासिक परीक्षा 21 मई से आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्या पुष्पा कुमारी ने बताया कि मासिक परीक्षा 21 मई से शुरू होकर 3 जून तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। सभी संकायों में सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होना अति आवश्यक है।परीक्षा का परिणाम 6 जून तक तैयार किए जाने की संभावना है। यह भी बताया कि दाउदनगर अनुमंडल में इंदिरा गांधी महिला कॉलेज एकमात्र ऐसा कॉलेज है जहां समुचित अध्ययन की व्यवस्था है एवं पुस्तकालय छात्रवृत्ति की सुविधा भी मुहैया कराई जाती है।

### पदोन्नति सह स्थानांतरण में हुई सम्मानित



औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल के एसीजेएम सह सब जज में पदोन्नति और जिला बक्सर स्थानांतरण पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव, सहायक सचिव सतीश कुमार स्नेही, कार्यसमिति सदस्य विनय कुमार मिश्रा, अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह, न्यायिक कर्मचारी अरूण कुमार, सुरेश कुमार, यमुना,पवन कुमार, गौरव कुमार,पिंटू,सुनील ने साल बुके मेमेंटो और डायरी देकर सम्मानित किया और पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल के दो साल के कार्यकाल में की गई न्यायिक कार्यो की सराहना किया।

### छापेमारी में पुलिस ने बरामद की आग्नेयास्त्र

दावथ (रोहतास) दावथ थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को आग्नेयास्त्र के साथ किया गिरफ्तार। गिरफ्तार व्यक्ति के संबंध में थाना अध्यक्ष कृपाल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नागेंद्र सिंह, पिता स्व केशो सिंह, ग्राम गिधा, थाना दावथ के घर पर विधिवत छापामारी कर उसके घर से एक उइइछ ऋ्पठ एवम तीन 12 बोर का जिंदा गोली बरामद किया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना छापामारी अभियान चलाया गया ।थाना पुलिस के द्वारा इस मामले में नागेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई की जा रही है।

### विद्युत विपत्र सुधार हेतु शिविर आयोजित

बिक्रमगंज(रोहतास) : विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी प्रशाखा में विद्युत विपत्र सुधार एवं मीटर सम्बंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु शिविर आयोजित की गई ।जिसमें मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से संबंधित विद्युत विपत्र सुधार कराने हेतु उपभोक्ता पहुंचे । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया । जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे उनका आवेदन पत्र ले लिया गया तथा सात कार्यदिवस में सुधार कर दिया जाएगा । विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए ।जिसमें कैंप स्थल पर ही 10 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा आगे बताया गया कि कुल प्राप्त 28 आवेदनों में प्रशाखा बिक्रमगंज में 5, दिनारा 4, दावथ 4, सूर्यपुरा 12 एवं संझौली मे 3 आवेदन आये ।

# लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदान अवस्य करें: डीएम

## परदेस गए देवरानी,जेठानी,पति और बेटों को मतदान के दिन जरूर बुलाए

प्रात : किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास)। प्रखंड के उदयपुर गांव में स्थित रामलीला मैदान के प्रांगण में जिला प्रशासन द्वारा संध्या रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम नवीन कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को सभी कार्य छोड़कर आगामी एक जून को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने महिलाओं से आग्रह किया कि परदेस गए जेठानी,देवरानी,पति और बेटों को मतदान के दिन जरूर बुलाएं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पांच सौ मीटर के दायरे के अंदर सभी मतदाताओं को वाहन ले जाने की अनुमति दी गई है।

अगर किसी मतदाताओं की मतदान करने वाली पर्ची गुम हो गई हो तो, घबराने की कोई जरूरत नही है। वैसे मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर अलग से मतदान करने की व्यवस्थाएं की गई है। मतदाताओं के लिए वेटिंग रूम,पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था है। मतदान केंद्र पर महिलाओं,पुरुषों की अलग कतारें, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है। डीएम ने ग्रामीणों से मतदान केंद्र पर सपरिवार पहुचने और मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह किया। मतदाता जागरूकता अभियान में डीडीसी विजय कुमार पांडेय,एडीएम चंद्रशेखर सिंह, डीइओ मदन राय,बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक,डीएसपी कुमार संजय,डीपीआरओ धर्मवीर सिंह सहित कई अधिकारी शामिल थे। डीडीसी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज,सुगम,पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ मतदाताओं,दिव्यांग मतदाताओं,गर्भवती महिलाओं या वैसे मतदाता जो कतार में खड़ा होने में असमर्थ है वैसे मतदाताओं को पहली प्राथमिकता देते हुए मतदान कर्मियों द्वारा जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को अलग से मतदान करने की सुविधा दी गयी है। एसडीएम अनिल बसाक ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर छाया,पीने के लिए ठंडा पानी, मतदाताओं के लिए वेटिंग रूम,पुरुष व महिला मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर,मेडिकल की टीम आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। एसडीएम ने " दस का दम " के तहत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगो को बताया। और नए युवा वोटर व कई महिला मतदाताओं से सवांद भी किया। डीपीआरओ धर्मवीर सिंह ने कहा कि यहां इतिहास रहा है कि यहां के लोगों ने बहुत कम समय में संझौली प्रखंड को ओडीएफ घोषित करने में अहम भूमिका निभाई थी। जो देश व प्रदेश में इस प्रखंड का नाम है। इसी प्रकार मेरा पूरा विश्वास है कि इस लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर मतदान केंद्र पर पहुँचकर अपना भागदारी जरूर निभाएंगे। वही टीम द्वारा चुनाव गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीण सहित जीविका दीदी,आंगनबाड़ी सेविका,सहायिका,आशा कर्मी सहित सभी लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजुद्दीन अहमद,सीओ किशोर पासवान,बीसीओ मनोज कुमार,प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपांकर,कृषि समन्यवक नवनीत कुमार,बीपीआरओ श्वेता कुमारी,सीडीपीओ सुषमा भलेरिया टोपो,ऑडिटर खुशबू कुमारी,आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी इसके अलावा जनप्रतिनिधि में संझौली प्रखंड प्रमुख समीरचन्द चौधरी,बीडीसी सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेंद्र सिंह सहित कई अन्य प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद थे।

## कमालुचक गोलीकांड में वांछित हिस्ट्रीशीटर को कोइलवर पुलिस ने किया गिरफ्तार



आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक दियारे इलाके में विगत 1 मई को हुए बालू के वर्चस्व को लेकर गोलीबारी और उसमे दो की मौत के बाद उस कांड में संलिप्त सारण जिले के एक हिस्ट्रीशीटर शूटर को कोईलवर पुलिस ने धर दबोचा है।पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है। पकड़ा गया अपराधी सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया निवासी पुलिस राय का पुत्र सरोज राय है जो गुड्डू राय गिरोह का मुख्य शूटर है।उसपर पटना और भोजपुर जिले में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस सम्बंध में आयोजित प्रेस वार्ता में सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली कि कमालुचक दोहरे हत्याकांड का मुख्य शूटर सरोज राय बड़हरा थाना क्षेत्र के बिन्दगांवा पुल के पास छिपा हुआ है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन के बाद सदर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार, कोइलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र,एसआई सुभाष कुमार मंडल,एएसआई फिरोज आलम ने एसटीएफ व सशस्त्र बलों के साथ एक टीम बनाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए सत्यापित जगह की घेराबंदी की। पुलिस को देखने के बाद वह भागने का प्रयास करने लगा लेकिन उसकी एक न चली और उसे धर दबोचा गया। पकड़े जाने के बाद उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कमालुचक गदहिया बालू घाट से पूरब स्थित पानी लगे एक गड्ढे से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है।

## विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में किया जनसम्पर्क

प्रात : किरण संवाददाता



शाहपुर। आरा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने आज शाहपुर क्षेत्र के दामोदरपुर, बहोरनपुर, लछु टोला, गौरा चारघाट, खरौनी, बेलवनिया, कल्याणपुर, आम राई नवादा, दोघरा निरनपुर, कटेया, घाघा आदि गांवों में जनसम्पर्क किया।

जनसम्पर्क के दौरान शाहपुर विधायक राहुल तिवारी भी उनके साथ रहे। इस दौरान नौजवानों समेत हर उम्र और समुदाय के लोगों ने भारी तादाद में जुटकर जगह-जगह इन दोनों का फूल-मालाओं और जोशीले नारों के साथ उनका स्वागत किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने कहा कि भारी जनदबाव के बाद भाजपा-सांसद मंत्री द्वारा सोशल मिडिया पर जारी रिपोर्ट कार्ड झूठ का पुलिंदा है। झूठ बोलने के मामले में वे प्रधानमंत्री मोदी को भी पीछे छोड़ते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के दावों की हवा निकल जाने के बाद अब वे अब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और दुनिया में पहले स्थान पर पहुंचा देने के झूठे सपने दिखा रहे हैं। सुदामा प्रसाद ने कहा कि मोदी शासन के दस साल देश में तबाही व बबार्दी के साल रहे। देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी और उनके सांसद की विदाई तय कर दी है। भारी बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

जनसंपर्क में शामिल विधायक राहुल तिवारी ने 1 जून को ईवीएम के तीसरे नम्बर पर मौजूद झंडे पर तीन तारा पर बटन दबाकर सुदामा प्रसाद को विजयी बनाने का आह्वान किया।

जनसम्पर्क में राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के नेता मुराद हुसैन, मुखिया बीरबल सिंह और गंगासागर पांडेय समेत कई जनप्रतिनिधि, भाकपा(माले) केंद्रीय कमेटी के सदस्य अभ्युदय, विधान सभा प्रभारी अयोध्या सिंह, बिहिया प्रखंड सचिव हरेंद्र सिंह समेत कई नेता मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री व जदयू के वरीय नेता ने कहा वैसे लोगों को जनता वोट नहीं देगी जो जनता की संपत्ति लूटकर अपना संपत्ति बनाये हैं

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर पहुँचे पूर्व मंत्री और जदयू के वरीय नेता भगवान सिंह कुशवाहा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखण्ड के विभिन्न इलाकों में एनडीए के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे जिले के कोइलवर प्रखण्ड के पुराना हरिपुर पहुंचे और स्थानीय लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव अस्मिता की लड़ाई का चुनाव है। एक तरफ विकास पुरुष नरेंद्र मोदी और उनके सिपाही आरके सिंह हैं तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार और नरसंहार के समर्थक हैं। इस लड़ाई में हमे विकास का साथ देना है और आरके सिंह को जीताना है। उन्होंने एनडीए नीत केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि एक दौर था जब शाम ढलते ही लोग घरों में बन्द हो जाते थे। बिजनेस व्यापार सब चौपट हो गया था। जातीय उन्माद चरम पर था और आये दिन नरसंहार की खबरे आती थी फिर दौर बदला और नीतीश की सरकार में परिस्थितियां बदली और आज जो कुछ बदलाव बिहार में है वह सबके सामने है। आज हर टोले तक बिजली पानी सड़क है,सड़को पर साइकिल से फरार्टा भरती छात्राएं है तो युवा नौजवान छात्र वृद्ध सबके लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं। इसलिए मैं आप सबसे हाथ जोड़कर विनम्र प्रार्थना करता हूँ कि आप सभी एनडीए को वोट देकर आरके सिंह को एकबार पुनः सांसद के रूप में चुनिए और मोदी जी के हाथों को मजबूत करिये। मौके पर जदयू नेत्री पुष्पा कुशवाहा,सोनू कुशवाहा,अजय सिंह, विनोद सिंह,विजय सिंह,नंदकिशोर कुशवाहा,टुन्ना कुशवाहा,अनीस कुशवाहा,गुड्डू कुशवाहा,सुराज कुशवाहा आदि मैजूद रहे।

## शब्दाक्षर' द्वारा आयोजित काव्य-गोष्ठी में जमकर हुई कविता की बरसात

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। शहर के आदर्श कालोनी अवस्थित वरेण्य रचनाकार जयकृष्ण पाठक 'राही' के आवास पर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के तत्वावधान में साप्ताहिक काव्य-गोष्ठी का आयोजिन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने दूरभाष कर उक्त कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राही जी जबकि संचालन की जिम्मेवारी संस्था के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केसरी ने बखूबी निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ जिला संगठन मंत्री सुरेश विद्यार्थी ने किया एवं हजारी प्रसाद द्विवेदी के जीवन पर आधारित काव्य-पाठ किया। डॉ हेरम्ब कुमार मिश्र के गजल ने सबको गुदगुदाया तो अनिल अनल की कविता ने भाव विभोर कर दिया। विनय मामूली बुद्धि के व्यंग्यवाण ने जनसमूह को हंसने के लिए बाध्य कर दिया। अनुज बेचैन की भावप्रवण कविता ने उपस्थित लोगों को अंदर तक झकझोर कर रख दी। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी की छंदबद्ध काव्य पाठ ने सबको सराबोर कर दिया। समाजसेवी शिक्षक अशोक पांडेय ने भगवान भास्कर के द्वादश नाम से सुंदर काव्य प्रस्तुति दी। जनार्दन जलज की बौद्धिक कविता सुनकर लोगों में बौद्धिक चेतना का संचार हुआ। प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह ने जब दोहा का पाठ किया तो लोगों की करतल ध्वनि से पूरा सभा गुंजायमान हो गया। राज पाठक, दुर्गा पाठक , बैजु पाठक सहित अन्य लोगों ने भी विशेष सहभागिता निभाई। विदित हो कि 'शब्दाक्षर' औरंगाबाद द्वारा अनवरत प्रति रविवार को काव्य-गोष्ठी सह कार्यशाला आयोजित की जाती है फलस्वरूप नई पीढ़ी के रचनाकारों में इस क्षेत्र में काफी प्रगति देखी जा रही है।

## 1 जून को मनाई जाएगी पृथ्वीराज चौहान की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की अहम बैठक आयोजित की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह,उपाध्यक्ष प्रो ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह एवं डॉ संजीव रंजन के आह्वान पर बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया जबकि संचालन वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह द्वारा किया गया। सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 1 जून को भव्य एवं दिव्य रूप से पृथ्वीराज चौहान जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया इसके लिए एक उप समिति बनाई गई।समिति के संयोजक जगदीश सिंह को बनाया गया जिसमें रामप्रवेश सिंह,शिवनारायण सिंह,प्रो ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह,डॉ संजीव रंजन,भीम सिंह,सुरेश विद्यार्थी को सदस्य बनाया गया।उपसमिति अगले बैठक में कार्यक्रम की तैयारी की प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह द्वारा मासिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत की गई जिसमें ट्रस्ट के विकास के लिए चर्चा की गई।समाजसेवी डॉ ब्रजकिशोर सिंह द्वारा ट्रस्ट के प्रांगण में ठंडा पानी का आर ओ लगाने पर सभी सदस्यों ने उन्हें करतल ध्वनि के साथ बधाई दी।मौके पर वरीय सदस्य कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह,चंद्र प्रकाश विकास, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह,सरपंच संघ के प्रांतीय अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह,संजय सिंह कमलेश सिंह,रणजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने किया एनडीए के पक्ष में जनसंपर्क, मृतकों के परिजनों से मिल किया मातमपुर्सी

काराकाट(रोहतास) : भाजपा नेता सह बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो .बलराम मिश्रा काराकाट लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में एनडीए के प्रत्याशी के पक्ष में जनसम्पर्क किया। इस दौरान क्षेत्र में तुर्क बिगहा में अलग-अलग घटनाओं में मरे दो लोगों के परिजनों से मुलाकात कर मातमपुर्सी भी किया। श्री मिश्रा काराकाट लोकसभा क्षेत्र के खीरीआँव, तुर्क बिगहा, सबारी में लोगों से संपर्क कर उपेन्द्र कुशवाहा को गैस सिलिंडर पर बटन दबाने का आग्रह किया ।साथ में मण्डल अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय, नासरीगंज नगर प्रभारी रघुनाथ शरण, मनोज कुमार सिंह, सूर्यदेव गुप्ता, एन्जु कुमार, उमा प्रसाद आदि कार्यकर्ता थे। वे कार्यकताओं के साथ तुर्क बिगहा पहुंच कर मृतक गुफरान खान पिता का नाम गयासुद्दीन खान से मिलकर मातमपुर्सी किये। बारात से वापसी आते समय गया आसपास पेशाब करने उतरे और पेशाब करके खड़ा हुए गिर पड़े अस्पताल जाते क्रम में उनकी मौत हो गई थी। मृतक तस्वीर खान पिता मोईज खान से मिल कर ढ़ाढस बंधाया।

## रकसियां गांव के लोगों ने किया वोट बहिष्कार करने का ऐलान

प्रात : किरण संवाददाता




बिक्रमगंज(रोहतास)। रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत मानपुर के बड़कागांव रकसियां ग्राम वासियों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है । गांव के लोगों का कहना है कि बिक्रमगंज प्रखंड में उनका गांव पड़ता है । यहां पर आजादी के बाद से ही गांव को जोड़ने के लिए मुख्य सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है । सड़क नहीं होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है । ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में गांव से निकलना किसी युद्ध से कम नहीं होता है । इसके कारण बच्चों की पढ़ाई तक बाधित हो जाती है । इस दौरान गांव में अगर कोई बीमार पड़ जाता है तो तड़प-तड़प कर मरने के सिवा कोई उपाय नहीं बचता है । यहां से जिस भी जनप्रतिनिधि को वोट देकर जिताया गया वह कभी लौट कर गांव में सड़क बनाने नहीं आया । जब भी चुनाव का समय आता है तो नेता वोट मांगने पहुंच जाते है । समस्या को सुनते है, लेकिन जीत कर कुछ नहीं करते है । इस गांव की आबादी 1200 के करीब है । इतने लोगों की परेशानी का समाधान नहीं होने से इस चुनाव में रोड नहीं तो वोट नहीं करने का निर्णय लिया गया है । इस गांव से कोई भी व्यक्ति लोकसभा चुनाव में वोट देने नहीं जाएगा । अब वोट बहिष्कार से ही गांव की समस्या को प्रशासन और नेताओं तक पहुंचाया जाएगा । बता दे कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे है । ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को मतदान केंद्र पर जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है । इस बीच रकसियां गांव के लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान किया है । वोट बहिष्कार प्रदर्शन में श्रीराम सिंह, सुरेश सिंह, श्री भगवान सिंह, कामेश्वर साह, लीलावती देवी, मंटू पांडेय, कृष्णा पांडेय, प्रमोद साह, सोनी महिवाल, सुबा राजभर, भोला राजभर, प्रेम राज,विजेंद्र पांडेय,मुन्ना कुमार,योगेंद्र पांडेय,भजन साह, सिगासन सिंह,गोलू पांडेय,सिगासन सिंह,जयराम सिंह सहित कई लोग शामिल थे ।

## सासाराम लोकसभा क्षेत्र में डॉ. भीम सिंह ने किया कई गावों में जनसंपर्क



सासाराम (रोहतास) सोमवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री राज्य सभा के सांसद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.भीम सिंह ने दरीगांव, नाद, नीव, मोरीकप, कझाव,किरहिंडी, मोकर, समेत दर्जनों गांवोमें जनसंपर्क कर एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। उन्होने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा मोदी जी की चार ही जाती है गरीब , युवा,महिला, किसान, यही चार जाती है। मोदी जी ने देश के विकाश में एक दिन भी बिना छूटी लिए बिना थके लगातार भारत माता की सेवा के लिए लगे रहते है। उन्होने कहा की मोदी जी ने कोविड के समय फ्री राशन दिया, मुफ्त में कोविड का टिका दिया, महिलाओ को गैस सिलेंडर दिया, किसी भी समुदाय के 70 पार के उम्र वाले को फ्री में 5 लाख का मुफ्त इलाज दिया। मोदी जी हमेशा देश और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहते है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा की विपक्ष के पास ना कोई नेता है ना कोई नीति है। उन्होने कहा की शिवेश जी के पिता जी स्व. मुनिलाल राम जी को जिस तरह से आशिर्वाद देकर सांसद बनाया था वैसे ही उन्ही के सुपुत्र मृदीभाषी शिवेश राम को रिकॉर्ड मतो से विजई बनाकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनके हाथ को मजबूत करे। मौके पर महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजकुमारी देवी, जिला मीडिया प्रभारी ई पुलकित सिंह, सुधीर चंद्रवंशी, राई पासवान, संजय सिंह, अक्षयलाल चौरसिया,केदार पासवान समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## दुगार्डीह के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 69 पर अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास) : ग्राम पंचायत मोरौना के निज ग्राम दुगार्डीह गांव में सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 69 पर अन्नप्राशन कार्यक्रम मनाया गया । जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों एवं उनके माताओं को बुलाया गया । जिसमें कुल चार बच्चे इस अन्नप्राशन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । जो 6 माह से लेकर 9 माह तक के आयु वर्ग वाले बच्चे शामिल हुए । इस कार्यक्रम को आंगनबाड़ी सेविका रेखा देवी तथा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार के द्वारा आए हुए बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया । साथ ही साथ बच्चों का आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा वजन लिया गया । साथ ही अन्नप्राशन दिवस क्यों मनाया जाता है इसके ऊपर विस्तार पूर्वक सभी माताओं को बताया गया और बोला गया कि इससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक वृद्धि में विकास होता है । स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार के द्वारा बताया गया कि ऊपरी आहार के साथ-साथ बच्चों को मां का दूध पिलाना जारी रखें । मौके पर पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीडर कुश कुमार , प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार , जीविका के सीएनआरपी मंजू कुमारी , आशा दीदी पूनम , देवंती कुमारी ,मुन्नी कुमारी, रेखा कुमारी ,निधि कुमारी , राखी कुमारी एवं गांव के अन्य लोग उपस्थित थे ।

## पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर प्रभाव पर एक दिवसीय सेमिनार का किया गया आयोजन



आरा। सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज के रसायनशास्त्र विभाग द्वारा विषय रासायनिक प्रदूषकः पर्यावरण एवम स्वास्थ्य पर प्रभाव पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी, मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता डॉ कुमार कौशलेंद्र, सेमिनार की संयोजक डॉ अर्चना कुमारी, सह संयोजक डॉ अरविन्द कुमार सिंह एवम एनएसएस समन्वयक डॉ साधना रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता डॉ कुमार कौशलेंद्र ने रासायनिक प्रदूषक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा खाने से लेकर पहनने तक में हर जगह केमिकल का इस्तेमाल होता है। कपड़ो को रंगीन बनाने केलिए डाई का इस्तेमाल होता है जो की केमिकल है। अलग अलग इंडस्ट्रीज से बनने वाले उत्पाद के दौरान बहुत सारे हानिकारक केमिकल उत्सर्जित होते है। इन केमिकल्स से हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। जिससे हमारे स्वास्थ्य पर भी बूरा प्रभाव पड़ रहा है। इन केमिकल्स के दुष्प्रभाव को जानने एवम समझने के लिए अभी भी रिसर्च की आवश्यकता है। इस सेमिनार में छात्र छात्राओं को पोस्टर प्रस्तुत करने का मौका मिला। जिसमे यूजी एवं कुछ शोधार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुत किया। पोस्टर का निरीक्षण डॉ कुमार कौशलेंद्र, डॉ अरविन्द कुमार सिंह, डॉक पूनम कुमारी एवम डॉ राधिका रमण सिंह द्वारा किया गया। प्रथम स्थान पर शोधार्थी पूजा कुमारी, द्वितीय स्थान पर शोधार्थी राजीव रंजन एवम तृतीय स्थान पर स्नातक भाग 3 के छात्र विशाल सिंह रहें। डॉ रामनारायण मिश्रा ने भी इस सेमिनार में अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अरविन्द कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। मौके पर कॉलेज के शिक्षक ऋषिराज ओझा, डॉ अनंत कुमार, डॉ पंकज, डॉ अनामिका, डॉ राजलक्ष्मी, डॉ आनंद, डॉ आशा रानी, डॉ पूजा, डॉ प्रेमलता, डॉक एस डी सिंह, डॉ अशोक कुमार तिवारी एवं जगजीवन कॉलेज के शिक्षक डॉ लक्ष्मी, डॉ किरण, डॉ शशि, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवम कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने आए फरियादीयो की समस्या सुनी

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।आज दोपहर को तपिस के साथ साथ उमस वाली गर्मी के बावजूद समाहरणालय में आए अनेकों फरियादी को देख जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम अपने कार्यालय कक्ष से निकलकर आये सभी फरियादियों से बारी बारी से सबकी फरियाद को सुना है। लगभग 20 लोगो की समस्याओं को सुना गया है।

डोभी से आये एक आवेदक रामजनम कुमार यादव ने बताया कि चतरा मोड़ डोभी जो एसबीआई बैंक के निकट पास बड़े नाला क्षतिग्रस्त रहने के कारण आम रास्ता पूरी तरह बाधित है। डीएम ने एनएच 02 के वरीय अधिकारी को दूरभाष से निर्देश देते हुए कहा कि अविलंब नाला को ठीक करवाये। बेला अंचल क्षेत्र से आये अनुज कुमार ने बताया कि बेला अंचल में जमीन का रसीद नही कट पा रहा है। डीएम ने अंचलाधिकारी बेला को निर्देश दिया कि ग्रामीणों के बेवजह दौड़ाए नही, जो भी उचित हो, जनहित में काम करे। हर हाल में आवेदकों से मिले एव उनकी बातों को सूने।मानपुर क्षेत्र से आये आवेदक ने बताया कि मानपुर गेरे पोखर आये दिन लगातार अतिक्रमण होते जा रहा है। डीएम ने अंचलाधिकारी मानपुर को निर्देश दिया कि आज ही उस पोखर का निरीक्षण करे, एव अतिक्रमण रहने पर उचित कार्रवाई करे। मानपुर मेहता पेट्रोल पंप के समीप बने ओवरब्रिज पर लाइट की व्यवस्था नही रहने से यात्रियों के आवागमन में दिक्कत हो रही है, डीएम ने कार्यपालक अभियंता आरसीडी एव अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया है कि लाइट लगवाने हेतु आवश्यक कार्य करवाये।



# कभी नहीं मिलेगा परफेक्शन, आप जो पाने की सोचते हैं वो सब भ्रम है

संजय लीला भंसाली को एक परफेक्शनिस्ट फिल्ममेकर रूप में जाना जाता है, हालांकि असल जिंदगी में वह काफी सिंपल हैं। एक रीसेंट इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि वह अपनी लाइफ में कुछ ठीक से नहीं कर पाते। संजय ने बताया कि वह टीवी ऑन करने तक में गड़बड़ी कर देते हैं। उन्होंने बताया कि उनके आस-पास कुछ ऐसी एनर्जीज हैं जिनकी वजह से वह जो भी करते हैं उसमें मुश्किल आ जाती है।

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर देखी जा रही है। सीरीज के कलाकार भी सीरीज के शूट और संजय के साथ काम करने के अनुभव साझा कर रहे हैं। बातचीत के दौरान संजय ने बताया कि उन्हें साधारण काम करने में भी दिक्कत आती है। वह बोले, मेरी जिंदगी हर दिन कठिनाइयों से भरी है। यहां तक कि मेरे लिए टीवी खोलना भी मुश्किल है। यह इतना कठिन है कि कोई आकर मेरे लिए टीवी खोलता है, लेकिन मुझसे ये ऑन नहीं होता। मैं लाइट जलाता हूं तो बल्ब चला जाता है। मैं किसी कमरे में घुसता हूं तो कंप्यूटर क्रैश हो जाता है। मेरी पास कुछ एनर्जीज हैं जिन्होंने मेरी जिंदगी को मुश्किल बना रखा है।

हीरामंडी में काम करने वाले कई एक्टर्स बता चुके हैं कि कुछ सीन करने में उन्हें कई रीटेक देने पड़े। संजय को लोग परफेक्शनिस्ट मानते हैं। इस पर वह बोले, परफेक्शन आपको कभी नहीं मिल सकता। आप परफेक्ट रिलेशनशिप चाहते हैं, आपको कभी नहीं मिलेगा। आप जो पाने का सोचते हैं वो सब भ्रम है।

संजय लीला भंसाली के सेट्स काफी शानदार होते हैं लेकिन असल जिंदगी में वह लग्जरी जिंदगी नहीं जीते। वह भी सलमान खान की तरह छोटे से घर में रहना चाहते हैं। उन्होंने एक पुरानी घटना बताई, उस वक्त देवदास देखकर रेखा उनसे मिलना चाहती थीं। संजय ने बताया, मैं मैट्रेस पर सोता था। एक दिन रेखाजी देवदास देखकर बोलीं कि वह फिल्ममेकर से मिलना चाहती हैं। मैंने कहा, आपको निराशा होगी, वह फिर भी आ गईं। उन्होंने दरवाजा खोला तो यह छोटी सी जगह दिखी, मैंने उनसे कहा, मैं यहां सोता हूं और यहीं फिल्में बनाता हूं। मुझे कभी नहीं लगा कि मुझे बेडरूम या लग्जरी चाहिए।





# पर्दे पर तीनों खान के साथ जमी इन अभिनेत्रियों की जोड़ी

बॉलीवुड में कुछ अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अपने अभिनय के दम पर ऊंचा मुकाम हासिल किया है और आज वे फिल्म जगत में शीर्ष पर हैं। फिल्म इंडस्ट्री में आने वाली हर अभिनेत्री सपना देखती है कि उन्हें बॉलीवुड के तीनों खानों खान यानी सलमान, शाहरुख और आमिर के साथ काम करने का मौका मिले, लेकिन कुछ ही हसीनाएं ऐसी हैं, जिनका यह सपना पूरा हो पाता है। इस बीच कुछ ऐसी भी अभिनेत्रियां रही हैं, जिन्होंने तीनों खान के साथ फिल्म कर मिसाल कायम की है।

## करीना कपूर

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है करीना कपूर का, जिन्होंने इंडस्ट्री के तीनों खानों के साथ काम किया और सफलता भी पाई। सलमान के साथ उन्होंने बजरंगी भाईजान, बॉडीगार्ड, क्योंकि, मैं और मिसेज खन्ना जैसी फिल्में कीं। वहीं शाहरुख के साथ वो बिल्लू, डॉन, रा वन, कभी खुशी कभी गम और अशोका जैसी फिल्मों में नजर आईं, लेकिन आमिर के साथ उनकी बस दो ही फिल्में आईं, 3 इडियट्स और तलाश। इन सभी फिल्मों में करीना की ज्यादातर फिल्में जो हिट रहीं, वो आमिर, सलमान और शाहरुख के साथ रहीं।

## अनुष्का शर्मा

अनुष्का शर्मा ने भी इंडस्ट्री के तीनों खान के साथ काम किया है। डेब्यू फिल्म में उन्हें शाहरुख खान के साथ काम करने का मौका मिला, वहीं आमिर के साथ उन्होंने पीके में काम किया। सलमान के साथ वे फिल्म सुल्तान में नजर आईं यानी अपने करियर के शुरुआती दौर में ही अनुष्का ने सलमान, शाहरुख और आमिर के साथ काम किया और उनकी किस्मत खुल गई। बेबो की तरह ही अनुष्का की ज्यादातर हिट फिल्में इन तीनों खानों के साथ ही रही हैं।

## कैटरीना कैफ



सलमान, शाहरुख और आमिर के नाम से कैटरीना कैफ को भी फायदा हुआ। कैटरीना वैसे तो बॉलीवुड में पहले से ही काम कर रही थीं, लेकिन उन्हें सही ब्रेक सलमान ने दिया। उन्होंने कैटरीना के साथ एक दो नहीं, बल्कि कई फिल्में कीं और उनके करियर को पटरी पर ले आए। शाहरुख के साथ भी कैटरीना को काम करने का मौका मिला और दोनों फिल्म जब तक है जान में नजर आए। वहीं आमिर के साथ भी कैटरीना का खूब जलवा फिल्म धूम 3 में दिखा।

## प्रीति जिंटा



प्रीति जिंटा का बॉलीवुड करियर कमाल का रहा। अपने छोटे से फिल्मी करियर में वे तीनों खान के साथ काम कर गईं। उन्होंने फिल्म दिल से और कल हो ना हो में शाहरुख के साथ काम किया। वहीं, आमिर के साथ उन्होंने फिल्म दिल चाहता है की थी। बात करें सलमान खान की तो वह उनके साथ फिल्म चोरी चोरी चुपके-चुपके और हर दिल जो प्यार करेगा में देखी गई थीं।



# तब्बू के हाथ से निकली ओजी

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म ओजी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उन्हें और दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। यह फिल्म गैंगस्टर पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसका निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। सुजीत इस बात का भी खुलासा कर चुके हैं कि वे खुद पवन कल्याण के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। वहीं अब इस फिल्म से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों का खुलासा हुआ है।

## तब्बू के लिए लिखे गए किरदार झको पाकर खुश हुई श्रिया

इस फिल्म में पवन कल्याण के साथ मुख्य नायिका के तौर पर अभिनेत्री श्रिया रेड्डी को चुना गया है। वे इस फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। वहीं अब उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में फिल्म और अपने किरदार के बारे में दिलचस्प खुलासे किए। श्रिया रेड्डी ने कहा कि वे तब्बू की प्रशंसक हैं और तब्बू ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्हें वे खुद अपने जीवन में देखती हैं। वहीं साथ ही उन्होंने बताया कि वह अब एक ऐसी भूमिका निभा रही हैं, जो मूल रूप से तब्बू के लिए थी। श्रिया रेड्डी ने कहा, मुझे एक तेलुगु फिल्म में रोल मिला, जो असल में तब्बू के लिए लिखा गया था। उनका नाम स्क्रिप्ट पर लिखा गया था। मुझे वह विशेष भूमिका मिली, लेकिन मैं यह नहीं बताना चाहता कि यह कौन सी फिल्म है। निर्माताओं ने मुझे बताया कि उन्होंने उस किरदार के लिए तब्बू को लेने की योजना बनाई है, लेकिन मुझे वह मौका पाकर खुशी हुई। यह मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## ओजी के अलावा हाथ में नहीं कोई और तेलुगु फिल्म

हालांकि, अभिनेत्री ने फिल्म का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान से अब ऐसा लगा रहा है कि वे पवन कल्याण की फिल्म ओजी का जिक्र कर रही थीं, क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में पवन कल्याण अभिनीत फिल्म के अलावा कोई अन्य तेलुगु फिल्म साइन नहीं की है। ऐसे में प्रशंसकों का भी यही मानना है कि ओजी में तब्बू के लिए किरदार लिखा गया था, लेकिन किसी कारण से वे फिल्म में शामिल नहीं हो पाईं और अब वह भूमिका अभिनेत्री श्रिया रेड्डी निभा रही हैं।



# सलमान नहीं चाहते की भांजी अलीजेह उनपर किताब लिखें

**सलमान खान उन एक्टर्स में से हैं, जो अपनी फैमिली को सबसे ज्यादा प्रायोरिटी देते हैं। इतना ही नहीं वो अपने भांजे और भांजियों के भी चहेते हैं। सलमान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री के साथ सलमान की खास बॉन्डिंग दिखाई देती है।**

अलीजेह ने पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। ये फिल्म सलमान खान प्रोडक्शन से बनाई गई थी। ओटीटी पर रिलीज होने के बाद लोगों ने फिल्म को काफी सराहा। अलीजेह का डेब्यू सक्सेसफुल होने पर दुबई में एक इवेंट होस्ट किया गया। इवेंट के दौरान होस्ट सोफी चौधरी ने अलीजेह से पूछा कि अगर उन्हें अपने मामा सलमान पर किताब लिखनी हो, तो वो कौन सा टॉपिक चुनेंगी। अलीजेह ने जैसे ही इस पर जवाब देने की कोशिश की। इससे पहले सलमान ने उनकी बात को काटते हुए कहा- मैं इन्हें अपने ऊपर किताब लिखने ही नहीं दूंगा। इसके पीछे का कारण बताते हुए सलमान ने कहा- वह मेरे बारे में जानती ही कितना हैं। इतना कहने के बाद सलमान हंसने लगते हैं। सलमान खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इवेंट से अलीजेह के साथ एक तस्वीर भी शेयर की। इसके अलावा इवेंट का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें सलमान को नीले ब्लेजर के साथ काली शर्ट में देखा जा सकता है। बता दें, अलीजेह, सलमान खान की बड़ी बहन अलवीरा अग्निहोत्री की बेटी हैं।

## सलमान खान के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

सलमान खान ने ईद के मौके पर अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर' की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास डायरेक्ट करेंगे, जो इससे पहले गजनी, हॉलिडे और अकीरा जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर होंगे। अनाउंसमेंट के साथ ही सलमान ने ये भी बताया था कि फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी।

# विश्वंभरा के बाद अपनी अगली फिल्म का एलान करने को तैयार चिरंजीवी!

मेगास्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विश्वंभरा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में तृषा कृष्णन भी अभिनेता के साथ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं इस बीच अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर कुछ चर्चाएं सोशल मीडिया पर तेजी से हो रही हैं। खबर है कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म को लेकर कुछ योजनाएं बना ली हैं। चिरंजीवी अब वशिष्ठ द्वारा निर्देशित अपनी नई फिल्म विश्वंभरा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के अलावा आधिकारिक तौर पर चिरंजीवी ने अभी तक किसी अन्य प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं की है, लेकिन अब चर्चा है कि उन्होंने तमिल निर्देशक मोहन राजा के साथ अपनी अगली फिल्म तय कर ली है। वहीं कहा जा रहा है कि उनकी बेटी सुष्मिता इस फिल्म का निर्माण करेंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, लेखक बीवीएस रवि ने निर्देशक मोहन राजा के साथ एक पटकथा लिखी और इसे चिरंजीवी को सुनाई। चिरंजीवी को स्क्रिप्ट पसंद आई। हालांकि, उन्होंने बदलाव के लिए कहा। स्क्रिप्ट पर दोबारा काम करने के बाद बीवीएस रवि स्क्रिप्ट को फाइनल करने के बाद चिरंजीवी के पास ले गए। चिरंजीवी ने भी इस स्क्रिप्ट पर हां कर दी। वहीं मोहन राजा ने फिल्म पर आगे का काम शुरू करने की योजना बना ली। दोनों की आगामी फिल्म तय हो चुकी है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसकी घोषणा की जाएगी।





# खुशी कपूर के साथ तीसरी फिल्म पर काम कर रहे जुनैद

सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने खुशी कपूर के साथ अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। जुनैद अपनी डेब्यू फिल्म महाराज और साई पल्लवी के साथ बिना शीर्षक वाली फिल्म पर काम पूरा कर चुके हैं। अपनी दो बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं को पूरा करने के बाद जुनैद अपनी अगली फिल्म में कदम रखने के लिए तैयार हैं। जुनैद पहली बार खुशी कपूर के साथ आगामी फिल्म में काम करेंगे। वहीं, अब दर्शक भी पहली बार दोनों को साथ पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

## तीसरी फिल्म के लिए कसी कमर

रिपोर्ट्स के अनुसार, जुनैद ने अपनी दो फिल्में पूरी कर ली हैं और अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। चर्चा है कि अपनी दोनों फिल्में खत्म करने के बाद अब जुनैद अपने तीसरे प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए तैयार हैं। उनकी यह फिल्म पहले की दोनों फिल्मों से अलग होगी। इस बिना शीर्षक वाली फिल्म में वे खुशी के साथ रोमांस करते नजर आएंगे।

## महाराज से डेब्यू करेंगे जुनैद

जुनैद खान महाराज से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, आगामी फिल्म कथित तौर पर 1862 के महाराज लिबेल केस पर आधारित है, जो एक धार्मिक व्यक्ति की कहानी बताएगी, जो अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों पर एक अखबार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करता है। आगामी फिल्म में अभिनेता जयदीप अहलावत और शारवरी वाघ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में जुनैद एक रिपोर्टर की भूमिका निभा रहे हैं।

# खतरों के खिलाड़ी 14 से बाहर हुए समर्थ जुरेल

खतरों के खिलाड़ी का सीजन 14 जल्द ही शुरू होने वाला है। हर बार की तरह इस बार भी शो के प्रतिभागी खतरनाक स्टंट करने के लिए तैयार है। लोग इस शो को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही इस नए सीजन के प्रतिभागियों का एलान किया गया था। इसी बीच शो के एक प्रतिभागी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के 14वें सीजन में दर्शकों को समर्थ जुरेल के स्टंट देखने को नहीं मिलेंगे। दरअसल, उनके घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से उन्होंने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। उनके चाहने वालों के लिए निश्चित तौर पर यह एक बुरी खबर है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शो के बाकी प्रतिभागी 22 मई को मुंबई से रोमानिया के लिए रवाना होंगे।

## वाइल्ड कार्ड से हो सकती है एंट्री

समर्थ जुरेल के शो से बाहर होने की पुष्टि शो के एक अन्य प्रतिभागी अभिषेक कुमार ने की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिषेक ने समर्थ की सेहत की जानकारी देते हुए बताया कि चोटिल होने के कारण समर्थ के लिए स्टंट करना सही नहीं था। इसलिए, अब वो अगले साल इस शो में भाग ले सकते हैं। हालांकि, एक चर्चा यह भी है कि समर्थ शो के बीच में वाइल्ड कार्ड के जरिए भी शो में एंट्री मार सकते हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों से आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय ने जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स को अपनी अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में डाल दिया और कहा कि उसने ताइवान को हथियार बेचे। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को अब चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उनके वर्क परमिट को उनके आगंतुक और आवासीय स्थिति के साथ रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने घोषणा की कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित आवेदनों को भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। चीन ने यह कदम बाइडन प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, कंप्यूटर चिप्स और चिकित्सा उत्पादों सहित कई चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के बाद उठाया है।

### 1650 के पार जाएगा जीना सिखो लाइफकेयर का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीना सिखो लाइफकेयर के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग के दिन 1,175 रुपये पर बंद हुए थे। मार्केट एक्सपर्ट के मुताबिक, कंपनी के शेयरों में आने वाले दिनों में तेजी देखी जा सकती है। घरेलू ब्रोकरेज नुवामा प्रोफेशनल क्लाइंट्स ग्रुप ने स्टॉक पर बाय रेटिंग दिया है और इस शेयर पर 1,650 के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया। ब्रोकरेज के मुताबिक इसमें 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है और लंबी अवधि के नजरिए से स्टॉक खरीदा जा सकता है। आपको बता दें जीना सिखो लाइफकेयर पिछले एक साल से तगड़ा मुनाफा दे रहा है। जीना सिखो लाइफकेयर के शेयर की कीमत 2024 में अब तक लगभग 88 प्रतिशत बढ़ गई है। ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के अनुसार, 19 अप्रैल, 2022 को लिस्ट होने के बाद से स्टॉक में 1,315.52 प्रतिशत और पिछले एक साल में 539.22 प्रतिशत की तेजी आई है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 1,226.80 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 175 रुपये है। इसका मार्केट कैप 2,921.07 करोड़ रुपये है। भारत के टॉप आयुर्वेदिक हेल्थकेयर संगठनों में से एक जीना सिखो लाइफकेयर की स्थापना 2017 में मनीष ग्रोवर द्वारा की गई थी। इसे आचार्य मनीषजी के नाम से भी जाना जाता है।

# नए प्रोडक्ट्स और टेक्नोलॉजी पर खर्च करेगी टाटा मोटर्स

**▶▶ अगले वित्त वर्ष में करेगी 43 हजार करोड़ रुपये का निवेश ▶▶ ज्यादातर खर्च जगुआर लैंड रोवर पर किया जाएगा**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स नए प्रोटक्ट्स और टेक्नोलॉजी पर बड़ा निवेश करेगी। कंपनी अगले वित्तीय वर्ष (2024-25) में नई गाड़ियों और टेक्नोलॉजी पर 43,000 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। ये रकम पिछले साल के 41,200 करोड़ रुपये से थोड़ी ज्यादा है। इस रकम का ज्यादातर हिस्सा, करीब 35,000 करोड़ रुपये, टाटा मोटर्स की ब्रिटिश कंपनी जगुआर लैंड रोवर पर खर्च किया जाएगा। पिछले साल जेएलआर पर 33,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। टाटा मोटर्स ग्रुप ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाया है। इस निवेश में सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में टाटा मोटर्स समूह ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (लगभग 30,000 करोड़ रुपये) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। इस तरह यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ रुपये बैठता है।

### बीते वित्त वर्ष इतना किया था निवेश

टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पी बी बालाजी ने तिमाही नतीजों के बाद कहा, 'बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 3.3 अरब पाउंड (33,000 करोड़ रुपये से अधिक) रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस तरह बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था।' बालाजी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की बात करें, तो जेएलआर के लिए निवेश 3.5 अरब पाउंड (35,000 करोड़ रुपये) रहेगा। इसकी वजह यह है कि हम कई उत्पादों के लिए योजनाएं लेकर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा। जेएलआर के लिए निवेश में करीब छह प्रतिशत की वृद्धि होगी, जबकि टाटा मोटर्स के लिए यह स्थिर रहेगा।' बालाजी ने स्पष्ट किया कि यह सारा निवेश उत्पादों और प्रौद्योगिकी में होगा। जगुआर लैंड रोवर के सीएफओ रिसर्च मॉलिनेक्स ने कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 वह वर्ष है जब हमारे नए उत्पाद बाजार में आएंगे। तबतक हमारे पास बाजार में रेंज रोवर बीईवी और अन्य उत्पाद भी होंगे। उस समय तक हम कुछ ऐसे वाहनों को बदलना शुरू कर देंगे, जिनसे हमारी कमाई कम है। इनको नए वाहनों से बदला जाएगा।' रेंज रोवर बीईवी पर उन्होंने कहा, 'हम इसे अलग तरीके से कर रहे हैं। यह कोई बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) नहीं है जिसे रेंज रोवर के रूप में बेचा जाएगा।

# ईकोलिंक ने शक्तिशाली पंखे लॉन्च किए जो बेहतर परफॉर्मेंस और एनर्जी एफिशियंसी प्रदान करेंगे




**मुंबई, एजेंसी।** लाईटिंग में ग्लोबल लीडर, सिग्निफाई ने गर्मियों में ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए आज अपने अत्याधुनिक एनर्जी-एफिशियंट पंखों का लॉन्च करने की घोषणा की। इन इनोवेटिव पंखों में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो ग्राहकों को किसी भी जगह पर ताजा हवा प्रदान करती है। इन पंखों के पाँच नए इनोवेटिव मॉडलों - एयरोज्योमेट्री, एयरोज्वेल, एयरोजेफिर, एयरोसेरेनेड, और एयरोस्लीक का मूल्य 3000 रुपये से 5000 रुपये के बीच है। ये सभी पंखे बेहतर हवा फेंकने, प्रभावशाली परफॉर्मेंस देने और बिजली में भारी बचत करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। सुमित जोशी, सीईओ, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा भारत में ग्राहकों को एनर्जी एफिशियंट समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप हम अपने पॉवर-पैक्ड ईकोलिंग पंखों की नई श्रृंखला पेश करने के लिए उत्साहित हैं। सिग्निफाई में हम ऐसे उत्पाद बनाने में यकीन रखते हैं, जो केवल ग्राहकों की जरूरत को पूरा ही न करें, बल्कि उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर काम करें। हम अपने लेटेस्ट एनर्जी एफिशियंट फैंस की नई श्रृंखला पेश करके उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और डिज़ाईन के मामले में एक बड़ी पहल हैं। हमने अनुसंधान की मदद से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है, और ऐसे पंखे बनाए हैं।

# ट्रूटॉक्स दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के बीच संपर्क स्थापित करने का प्लैटफॉर्म

**ट्रूटॉक्स पूरे विश्व के ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ताओं के बीच संपर्क स्थापित करने का एक सूत्र**

बेंगलूरु, एजेंसी। दुनिया का एक प्रमुख विश्वस्तरीय दूरसंचार मंच, ट्रूकॉलर, दुनिया भर के लोगों से जुड़ने और संबद्ध होने के लिए ट्रूटॉक समुदाय की पेशकश की घोषणा करता है। यह समुदाय ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ताओं को एक-दूसरे के साथ बात-चीत करने, फीडबैक प्रदान करने, नई सुविधाओं के लिए सुझाव डालने, नए से नए घोटालों के बारे में सूचित रहने, अपनी समस्याओं के लिए तुरंत सहयोग प्राप्त करने, ट्रूकॉलर के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने और अपने व्यक्तिगत अनुभवों के बारे में बताने के लिए एक प्लैटफॉर्म के रूप में भी कार्य करता है। कोई भी व्यक्ति एक वैध ईमेल एड्रेस और प्रदर्शित किए जाने वाले नाम के साथ साइन अप करके इस समुदाय का सदस्य बन सकता है। ट्रूटॉक से जुड़ने के लिए यह आवश्यक नहीं किआप ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ता हों, यद्यपि हमारे 383 मिलियन से अधिक ट्रूकॉलर उपयोगकर्ता ऐप के भीतर एक शॉर्टकट से तुरंत ट्रूटॉक तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। अन्य बातों के अतिरिक्त, समुदाय से संबंधित विषय-सामग्री को इस ब्रांड की प्रस्तुतियों के बारे में जागरूकता फैलाने, अनचाहे दूर-संचार से स्वयं को बचाने के सबसे अच्छे तरीके के बारे में बात करने या आपको कई ट्रूकॉलर के अधिकारियों से सीधे जोड़ने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। इस समुदाय को तैयार और विकसित करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के तौर पर, ट्रूकॉलर के कम्युनिटी मैनेजर, रोहित घालससी ने कहा- हम कुछ हज़ार सदस्यों के साथ ट्रूटॉक का परीक्षण करते रहे हैं और मैं बात-चीत के पहले से ही मौजूद स्तर को देख कर रोमांचित हूँ।

# फ्लाइट में केबिन बैगेज से चुराए एक करोड़ रुपये से ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एक शख्स ने फ्लाइट में यात्रियों के सामान से एक करोड़ से भी ज्यादा रुपयों की चोरी की है। यह शख्स चोरी के खासतौर पर ऐसे बुजुर्गों को निशाना बनाता था, जिन्हें चलने में परेशानी होती थी और फ्लाइट में पहले चढ़ने की परमीशन दी जाती थी। इस शख्स का नाम राजेश कपूर है। पहाड़गंज निवासी राजेश कपूर अलग-अलग भारतीय फ्लाइट्स में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। राजेश चोरी करने के लिए ऐसे बुजुर्गों के साथ विमान में चढ़ जाता था, जिन्हें चलने में परेशानी होती थी और उन्हें पहले चढ़ने की अनुमति मिली होती थी। राजेश फ्लाइट में चढ़ जाता और जब वह अपनी सीट पर सामान रखने में लगे होते थे, तभी वह जल्दी से उनका सामान खोलकर कीमती चीजें चुरा लेता था। ऐसा उसने कई बार किया और लाखों रुपयों का सामान चुरा लिया। अब वह पकड़ में आया है। दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि वह करीब 200 फ्लाइट्स में यात्रा कर चुका है। चोरी के लिए उसने कई बार अपने मृत भाइयों के पहचान पत्र और फोन नंबर का इस्तेमाल किया था। राजेश कपूर 11 अप्रैल तक अलग-अलग उड़ानों में ऐसे ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस दौरान हैदराबाद से दिल्ली जा रही एक महिला ने पुलिस से शिकायत की कि उसके हैंडबैग से 7 लाख रुपये के गहने चोरी हो गए हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले की जांच की। इससे पहले 2 फरवरी को एक दूसरे यात्री ने भी पुलिस में शिकायत की थी कि उसका 20 लाख रुपये के कीमती सामान गायब हो गए हैं। पुलिस ने जांच के बाद उसे 13 मई को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस एयरपोर्ट सुरक्षा कैमरों, एयरलाइन डेटा और कॉल रिकॉर्ड की मदद से उसे पकड़ने में कामयाब रही है।

### ऐसे हुआ शक

रिपोर्ट के मुताबिक, राजेश ने अकेले एक साल में कम से कम 200 से ज्यादा उड़ानें भरी थीं। उसने कई बार अपने मृत भाइयों के क्रेडेंशियल और फ़ोन नंबर का इस्तेमाल करके एक दिन में कई बार सफर किया था। वह अपना फ़ोन बंद रखता था, कभी-कभार ही उसे चालू करता था। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, अगर राजेश ने अपने टिकट के लिए औसतन 7,500 रुपये का भुगतान किया है, तो उसने इन 200 उड़ानों पर करीब 15 लाख रुपये खर्च किए होंगे, लेकिन चोरी के सिर्फ़ चार मामलों में उसे जो रिटर्न मिला है, वह लगभग 1 करोड़ रुपये है।

# ऐपल के आईफोन की बिक्री काफी बढ़ी

**ऐपल ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट पब्लिश की है**

### कंपनी ने साइबर फ्रॉड से करीब 584 अरब रुपये बचाए हैं





**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में ऐपल के आईफोन की बिक्री काफी बढ़ी है। आईफोन सभी खरीदना चाहते हैं, लेकिन इनकी कीमत काफी ज्यादा होती है। आईफोन के दाम भले ही ज्यादा हों, लेकिन इसे खरीदने के कई फायदे भी हैं। आईफोन अपनी इन्हीं खासियतों की वजह से काफी महंगा भी बिकता है। हाल ही में कंपनी की एक रिपोर्ट सामने आई है। इसमें कंपनी की ओर से बताया गया है कि उसने साइबर फ्रॉड को रोका है। इस तरह से कंपनी ने करीब 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की रकम बचाने में मदद की है। ये रकम भारतीय करेंसी में करीब 584 अरब रुपये होती है। साइबर फ्रॉड कंपनी की स्ट्रांग पॉलिसी की वजह से रुक पाया है। साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगने की पूरी कोशिश कर रहे थे। लेकिन वो सफल नहीं हो पाए। कंपनी की ओर से ये जानकारी चौथा एनुअल फ्रॉड- प्रिवेन्शन एनालिसिस में दी गई है। इसे कंपनी ने हाल ही में पब्लिश किया है।

ऐपल की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने साल 2020 से लेकर 2023 के बीच धोखाधड़ी से जुड़े करीब 584 अरब रुपये से ज्यादा ट्रांजेक्शन रोकने में सफलता पाई है। ऐपल के मुताबिक, साल 2023 में 1.8 बिलियन डॉलर से ज्यादा के ट्रांजेक्शन फ्रॉड से जुड़े थे। इन्हें रोकने में कामयाबी मिली थी। वहीं ऐपल ने साल 2023 में 1.7 मिलियन ऐप सबमिशन को रिजेक्ट किया। दरअसल, ये वे ऐप्स थे जो एपल द्वारा सेट की गई गाइडलाइन्स को मीट कर पाने में असफल रहे थे। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ऐपल स्टोर के रूल्स यूजर्स को फ्रॉड ऐप्स से बचाते हैं। ऐपल ऐप स्टोर की पॉलिसी के स्टैंडर्ड को मैच नहीं कर पाने वाले ऐप के सब्मिशन को रिजेक्ट किया गया है। साल 2023 में ऐसे 1.7 मिलियन से ज्यादा ऐप थे जिनका सब्मिशन रिजेक्ट किया गया था। कंपनी ने इस दौरान 374 मिलियन डेवलपर्स एंड कस्टमर अकाउंट को टर्मिनेट किया था। पिछले साल कंपनी ने फ्रॉड ऐप्स तैयार न हो पाएं इसके लिए 1,18,000 डेवलपर्स अकाउंट को ब्लॉक किया था।

ऐपल ने फ्रॉड से जुड़े ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए चुराए हुए क्रेडिट कार्ड्स को ब्लॉक किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने 14 मिलियन क्रेडिट कार्ड और 3.33 मिलियन अकाउंट को ब्लॉक किया गया। कंपनी ने बताया कि वह सिर्फ साल 2023 में ही ऐपल ने 3.5 मिलियन चोरी के क्रेडिट कार्ड से होने वाली फर्जी शॉपिंग को रोका है। कंपनी ने इस दौरान करीब 1.1 मिलियन अकाउंट्स को बैन किया। ये वो अकाउंट्स थे जो चोरी के कार्ड से खरीदारी करने की कोशिश कर रहे थे।

# सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड करेगी पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद स्थित सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी पटेल कंटेनर में 36 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में 51 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। सेलविन ट्रेडर्स के निवेश का उपयोग गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों के लिए एक नई विनिर्माण इकाई की स्थापना में सहायता के लिए किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पटेल कंटेनर ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, 2024 में गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों की सुविधा स्थापित करने के लिए भावनगर में विनिर्माण सुविधा के लिए 45 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौता किया था। इस परियोजना से 100 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने का अनुमान है और वर्ष 2025 में परियोजना शुरू होने की उम्मीद है। इस इकाई के लिए भावनगर रणनीतिक लाभ प्रदान करता है, जिसमें प्रमुख बंदरगाहों और व्यापार मार्गों से निकटता शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, कंपनी ने अपने व्यवसाय संचालन में बदलाव किया एवं वित्त वर्ष 2023 में अर्जित 39.60 करोड़ रुपए के मुकाबले में 56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 61.7 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वेदांत पंचाल ने कहा कि पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के लिए एमओयू 15 मई 2024 को किया गया था। यह उद्यम न केवल सेलविन ट्रेडर्स के पोर्टफोलियो में विविधता लाता है, बल्कि इसे लॉजिस्टिक एवं मेटल उद्योग में लाभप्रद उद्योग के रूप से उच्च स्थान पर रखता है। उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर और कुशल परिचालन सेटअप स्थापित करके, सेलविन ट्रेडर्स का प्रबंधन पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से फलदायी परिणामों की उम्मीद करता है। कंपनी ने दीर्घकालिक विकास रणनीति के अनुरूप अगले दो वर्षों में शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड (बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध कंपनी) में 200 मिलियन रुपए निवेश की योजना की भी घोषणा की है। कंपनी का निवेश मेटल उद्योग में आशाजनक अवसरों को हासिल करने का लक्ष्य है। निवेश का उपयोग शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड की विस्तार पहलों का समर्थन करने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने, अनुसंधान और विकास क्षमताओं को मजबूत करने और नए बाजार क्षेत्रों का पता लगाने के लिए किया जाएगा।

# गोदरेज लॉक्स को सात असाधारण उत्पादों के लिए इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया



**मुंबई , एजेंसी।** गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स, गोदरेज एंड बॉयस की एक व्यावसायिक इकाई, नवीन सुरक्षा समाधानों में एक अग्रणी नाम है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसके सात उत्पादों को प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि डिजाइन, कार्यक्षमता और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स के बिजनेस हेड, श्याम मोटवानी ने कहा, गोदरेज लॉक्स में, हम असाधारण डिजाइन की परिवर्तनकारी शक्ति (ट्रांसफॉर्मेटिव पावर) में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। यह सिर्फ कलात्मकता के बारे में नहीं है; यह इस बारे में है कि डिज़ाइन कैसे लोगों के रोजमर्रा जीवन के अनुभवों को बढ़ाता है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। नवाचार के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता हमारे हर काम में अंतर्निहित है, जो हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों की गहरी समझ से प्रेरित है। गोदरेज लॉक्स में हमारी अत्याधुनिक इनहाउस डिज़ाइन लैब द्वारा डिज़ाइन पर मजबूती से ध्यान दिया जाता है। यह प्रयोगशाला रचनात्मकता और मौलिकता के केंद्र के रूप में कार्य करती है, कुशल डिजाइनरों के बीच ऐसे उत्पादों को तैयार करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देती है, जो कलात्मक अपील के साथ कार्यक्षमता को सहजता से मिश्रित करते हैं। साल-दर-साल प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड जीतना उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति हमारे अटूट समर्पण का ही प्रमाण है। यह मान्यता हमें सीमाओं को और भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि हम ऐसे उत्पाद बनाना जारी रखते हैं, जो अपेक्षाओं से परे हों और हमारे ग्राहकों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं। इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड गोदरेज लॉक्स की अपनी उत्पाद श्रृंखला में बेहतर डिज़ाइन और गुणवत्ता की निरंतर खोज का एक प्रमाण है। हमारे मान्यता प्राप्त उत्पादों में शामिल हैं- मुख्य दरवाज़ा लॉक सेंटूर, मोर्टिज़ हैंडल एनईएच 19 और एनईएच 20 और सुपर कॉर्नर सॉल्यूशन, सुपर स्विंग कॉर्नर, सुपर स्लाइड आउट पेंट्री और परफेक्ट ग्रेन स्टोरेज जैसी नवीन किचन फिटिंग्स। इनमें से प्रत्येक उत्पाद ऐसे समाधान प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जो न केवल ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, बल्कि उनसे भी बेहतर होते हैं। प्रयोज्यता, स्थायित्व और कलात्मकता पर ध्यान देने के साथ, कंपनी ने लगातार उद्योग में अपने स्तर को बढ़ाया है। आगे बढ़ते रहने के दृढ़ विश्वास के साथ, गोदरेज लॉक्स उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी कौशल में लगातार निवेश करता है। इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने वाले बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करने के प्रति कंपनी के अटूट समर्पण का प्रमाण है।

# मैं कलर्स के साथ दोबारा सहयोग करके बेहद रोमांचित हूं : निया शर्मा

**मुंबई एजेंसी।** सभी को अपने प्रियजनों की रक्षा करने की चेतावनी देने के बाद, कलर्स ने अपने आगामी फैंटसी-थ्रिलर-रोमांस 'सुहागन चुड़ैल' का एक और प्रोमो रिलीज़ किया गया है, जो सच्चे प्यार और दूसरी दुनिया की ताकत के बीच आसन्न युद्ध का संकेत देता है। इस मंत्रमुग्ध करने वाली कहानी में, सोलह श्रृंगार एक दोधारी ताबीज़ बन जाता है - जब इसे एक दुष्ट चुड़ैल, निशिगंधा पहनती है तो यह एक खतरनाक हथियार के रूप में कार्य करता है, लेकिन दीया के पहनने पर यह एक सुरक्षात्मक पवित्र आकर्षण के रूप में काम करता है। हर महिला का प्रिय 'सोलह श्रृंगार' दोनों के बीच एक महायुद्ध को जन्म देगा। निशिगंधा के रूप में निया शर्मा, दीया की भूमिका में देबचंद्रिमा सिंघा रॉय, और मोक्ष के रूप में ज़ैन इबाद खान अभिनीत, यह आगामी शो एक चुडैल की प्यास के खिलाफ प्यार की ताकत को दिखाएगा। 'सुहागन चुड़ैल' की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निया शर्मा ने कहा, मैं 'नागिन' के शानदार सफर के बाद फैंटसी थ्रिलर 'सुहागन चुड़ैल' के लिए कलर्स के साथ दोबारा सहयोग करके बेहद रोमांचित हूं। निशिगंधा की बहुस्तरीय भूमिका में कदम रखना रोमांचक चुनौती है, जो अल्टीमेट ताकत की खोज पर निकली है।

## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी पीवी सिंधू

**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** ब्रेक से लौटी पी वी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले यहां मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करके अपना मनोबल ऊंचा करने के इरादे से उतरेगी। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया।



अब वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन करने का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है। ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई करीबी मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पर्धाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं।

पिछली बार वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं। सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी।

पुरूष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरूष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

**यह कितना मजेदार था....**

### चमत्कारी तरीके से प्लेऑफ में पहुंचने पर बोले फॉफ डु प्लेसिस

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत के साथ चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंतिम प्लेऑफ स्थान हासिल करने के लिए अपनी टीम की वापसी पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में फ्रैंचाइजी का बदलाव 'मजेदार' था।



आरसीबी ने आईपीएल 2024 के पहले हाफ में खराब प्रदर्शन से उल्लेखनीय वापसी की जिसमें उन्होंने आठ मैचों में से सिर्फ एक जीता था। जब उम्मीदें खत्म होती दिखाई दे रही थी तो आरसीबी ने लगातार 6 मैच जीतकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। आरसीबी ने सात जीत, सात हार और कुल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर लीग चरण समाप्त किया। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की तुलना में अधिक नेट-रन-रेट था जिनके भी 14 अंक थे।



# आज केकेआर और एसआरएच के बीच रनों के अंबार की उम्मीद

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।



लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेऑफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिए अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है।

सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था। बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरूआत दी है।

मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। रॉयल्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने के कारण साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को अभ्यास नहीं मिल सका जिससे केकेआर खेमा चिंतित होगा। केकेआर के लिये नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है। कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है।

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। ऑस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं।

सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आए हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप फाइनल में देखा गया था कि अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती है। छह में से चार बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम कामयाब रही है। केकेआर के पास मिचेल स्टार्क की अगुवाई में तेज गेंदबाजों के साथ बेहतरीन स्पिनर हैं तो सनराइजर्स की गेंदबाजी की अगुवाई कप्तान पैट कमिंस कर रहे हैं। इस सत्र में उनके पिछले मैच में केकेआर ने सनराइजर्स को चार रन से हराया था।

**संभावित प्लेइंग इलेवन**

**कोलकाता नाइट राइडर्स** – ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेट कीपर), अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, संवीर सिंह, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे

**सनराइजर्स हैदराबाद**– रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नितीश राणा, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती

**समय – शाम 7.30 बजे से।**

**विराट कोहली की आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच तो गई, लेकिन...**

## 5 वजहों से फिर टूट सकता है खिताबी सपना



**बेंगलूर (एजेंसी)।** विराट कोहली की आरसीबी गिरते पड़ते प्लेऑफ तक तो पहुंच गई है, लेकिन अब उसका रास्ता आसान नहीं है। आईपीएल 2024 की धाकड़ टीमों के खिलाफ अब उसे खेलना है। पहले उसकी भिड़ंत राजस्थान से होगी। अगर वह यहां जीत गई तो आगे क्वलीफायर-2 में कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदाबाद की विजेता से भिड़ना होगा। यहां के बाद नंबर आएगा फाइनल का, जिसमें कोलकाता नाइटराइडर्स या सनराइजर्स हैदराबाद टीम होगी। हालांकि, यहां तक पहुंचने के लिए उसे पहले राजस्थान को हराना होगा।

आखिर कौन-सी वजहें हैं, जो उसके और पहले खिताब के बीच रोड़ा हैं...।

**लगातार टॉप की 3 टीमों से 3 मैच जीतना आसान नहीं**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अब पॉइंट्स टेबल की टॉप-3 टीमों से भिड़ना है, जिनके खिलाफ जीत आसान नहीं होगी। दरअसल, लीग मैचों में सिर्फ सनराइजर्स हैदराबाद को एक बार हरा पाई है, जबकि एक बार हारी है। इसके अलावा कोलकाता नाइटराइडर्स से आरसीबी दो बार हारी है, जबकि राजस्थान के खिलाफ एक बार। दूसरी ओर, लीग मैचों में आखिरी 5 मैच उन टीमों के खिलाफ जीती है, जो संघर्ष कर रही थीं। सीएसके की प्रमुख प्लेइंग-11 के कई खिलाड़ी नहीं थे।

**एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स ही सबसे बड़ा कांटा**

इस सीजन राजस्थान रॉयल्स से आरसीबी ने एक मैच खेला, जिसमें विराट कोहली ने शतक जड़ा था। हालांकि, आरआर के लिए जोस बटलर ने शतक ठोका और कप्तान संजू सैमसन ने तूफानी अंदाज में हाफ सेंचुरी जड़ते हुए मैच छीन लिया था। यहां जोस बटलर तो नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद राजस्थान कमजोर नहीं दिख रही। उसके पास प्रेशर को हैंडल करने वाले प्लेयर्स की कमी नहीं हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि आर. अश्विन और युजवेंद्र चहल के रूप में दो धाकड़ स्पिनर हैं, जिनके खिलाफ कोई भी बल्लेबाज संघर्ष करता है।

**आरसीबी टॉप ऑर्डर पर अधिक निर्भर, फेल हुए तो क्या?**

बेंगलुरु की बैटिंग काफी हद तक विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस पर निर्भर है। कोहली ने 708, जबकि डु प्लेसिस ने 421 रन बनाए हैं। ये दोनों सबसे अधिक रन बनाने वाली 15 खिलाड़ियों की लिस्ट में क्रमशः पहले और 14वें नंबर पर हैं। रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने कुछ मौकों पर जरूर टीम का साथ दिया है, लेकिन ऐसा हर बार हो यह कहना मुश्किल है। ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला पूरी तरह से जाम है तो दूसरी ओर राजस्थान के पास पेस और स्पिन खेलने वाले मास्टर खिलाड़ी हैं।

**गेंदबाजी में लप्पा रोज नहीं चलेगा, सिराज सफेद हाथी**

चेन्नई के खिलाफ आखिरी ओवर में जरूरत जीत मिली, लेकिन दिनेश कार्तिक ने खुद स्वीकार किया कि अगर धोनी के 110 मीटर के छक्के के बाद गेंद नहीं बदली जाती तो शायद आरसीबी के हाथ से मैच निकल गया होता। यश दयाल किस्मत वाले थे, क्योंकि पहली ही गेंद पर गेंद 6 रनों के लिए हवाई यात्रा कर चुकी थी। दूसरी ओर, सिराज पूरी तरह सफेद हाथी साबित हुए हैं। अब समय आ गया है कि वह फॉर्म में आएं, वर्ना टीम का बैंड बजना तय है।

## प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल आया सामने, कब किस टीम का और कहां और किससे होगा सामना

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ के लिए मंच तैयार है और चारों स्थान पक्के हो चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम थी, उसके बाद राजस्थान रॉयल्स का स्थान है, जो अच्छी शुरुआत के बाद खराब दौर से गुजर रही है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने भी इस सप्ताह की शुरुआत में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने खेल में एक अंक हासिल करने के बाद प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को नाटकीय ढंग से चौथा और अंतिम स्थान हासिल किया, जिससे मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की दौड़ से बाहर हो गई।



**आईपीएल 2024 प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल**

क्वालीफायर 1 - प्लेऑफ का पहला मैच दो बार की चैंपियन केकेआर और 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा।

तारीख - 21 मई, समय= शाम 7=30 बजे, स्थान= नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

एलिमिनेटर = अंक तालिका में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस दौरान आरसीबी का सामना एक बार की चैंपियन रह चुकी राजस्थान से होगा, जिसकी अगुआई संजू सैमसन कर रहे हैं।

तारीख = 22 मई, समय= शाम 7=30 बजे, स्थान= नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

क्वालीफायर 2 = क्वालीफायर एक में जीतने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी जबकि हारने वाली टीम को क्वालीफायर 2 के जरिए फाइनल में जाने का एक और मौका मिलेगा।

## 'अब आपको फील्डिंग करने की जरूरत नहीं है'

**विराट कोहली ने क्रिस गेल से आईपीएल में वापसी करने को कहा**



**बेंगलूर (एजेंसी)।** विराट कोहली ने क्रिस गेल से अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर वापसी करने को कहा। शनिवार 18 मई को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच में जब आरसीबी और सीएसके के बीच मुकाबला हुआ, तब गेल, स्मृति मंधाना और अनुष्का शर्मा जैसे अन्य बड़े नामों के साथ स्टैंड में मौजूद थे। आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने के बाद गेल क्रिकेटरों को बधाई देने के लिए उनके ड्रेसिंग रूम में गए। आरसीबी खिलाड़ी यूनिवर्स बॉस को देखकर बहुत खुश हुए। खुशनुमा माहौल में थोड़ा हास्य जोड़ते हुए कोहली ने गेल से इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आईपीएल में खेलने का अनुरोध किया।

# टी-20 वर्ल्ड कप: यह है भारतीय टीम की ताकत और कमजोरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 26 मई को खत्म हो जाएगा और इसके बाद सभी क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के नौवें संस्करण पर जाएगा जो 1-29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाला है। बदलाव के तौर पर पुरुष टी20 विश्व कप का आगामी संस्करण 20 टीमों का होगा जबकि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2022 के टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। यह पहली बार है जब अमेरिका, कनाडा और युगांडा पुरुष टी20 विश्व कप में भाग ले रहे हैं। आगामी विश्व कप से पहले भारतीय टीम की मजबूती और कमजोरियों पर नजर डालते हैं।



रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम 2007 की जीत के बाद एक और टी20 विश्व कप रजत पदक जीतने की अपनी कोशिश शुरू करेगी। टीम अपना पहला मैच 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी और फिर 9, 12 और 15 जून को क्रमशः पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से भिड़ेगी।

ताकत - भारत इस टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग वाली पुरुष टी20 टीम के रूप में प्रवेश कर रहा है, जिसमें खेल के सभी पहलुओं में युवाओं की भरमार के साथ-साथ भरपूर अनुभव भी है। अमेरिका की अज्ञात परिस्थितियों और वेस्टइंडीज की धीमी पिचों पर विराट कोहली, संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों की मौजूदगी भारत के लिए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की कुंजी साबित होगी।

कमजोरी - कप्तान रोहित शर्मा और उनके उप-कप्तान हार्दिक पांड्या के हालिया फॉर्म को लेकर चिंता है, क्योंकि दोनों ने आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के साथ खराब प्रदर्शन किया था। फिनिशर भी चिंता का विषय हैं क्योंकि हार्दिक और रवींद्र जडेजा आईपीएल 2024 में इस पहलू में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं रहे हैं।

**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

रिजर्व - शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान

**भारतीय टीम का शेड्यूल**

05-जून-24 - भारत बनाम आयरलैंड, नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

09-जून-24 - भारत बनाम पाकिस्तान, नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

12-जून-24 - यूएसए बनाम भारत, नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

15-जून-24 भारत बनाम कनाडा सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क और ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल

## संक्षिप्त समाचार

### आपने भी लगवाई है कोवैक्सीन, तो अब डरने की जरूरत नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना की वैक्सीन को लेकर हाल ही में कई डराने वाले दावे सामने आए थे। अब इन दावों को आईसीएमआर ने गलत बताया है। कोवैक्सीन के साइड इफेक्ट पर बीएचयू अध्ययन पर आईसीएमआर ने एतराज जताया है। आईसीएमआर ने कहा कि हमें इस खराब डिजाइन वाले अध्ययन से नहीं जोड़ा जा सकता है, जिसका उद्देश्य कोवैक्सीन का सुरक्षा विश्लेषण प्रस्तुत करना है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने इस स्टडी के लेखकों और जर्नल के संपादक को एक पत्र लिखा है। सभी से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा गया है और इसके लिए एक शुद्धि-पत्र भी छापने को कहा है। उन्होंने अध्ययन की खराब कार्यप्रणाली और डिजाइन पर भी सवाल उठाए हैं।

### छत्तीसगढ़ में ड्रिल मशीन का ऊपरी हिस्सा चलती ट्रेन से टकराया

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक अप्रत्याशित घटना सामने आई है। यहां एक एक बड़ी ड्रिलिंग मशीन का ऊपरी हिस्सा चलती ट्रेन से टकरा गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में कोलकाता से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) जा रही शालीमार एक्सप्रेस से एक बड़ी ड्रिल मशीन का ऊपरी हिस्सा टकरा गया। इस हादसे में दो यात्री और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गया। रायपुर के रेलवे जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे हुई जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर स्टेशन से आगे उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पटरी के पास स्थित एक खंभा ट्रेन पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि बाद में जांच करने पर पाया गया कि वह खंभा नहीं था, बल्कि खंभे के जैसा दिखने वाला बड़ा ड्रिल मशीन था।अधिकारी ने बताया कि जैसे ही ट्रेन रायपुर स्टेशन पहुंची, डॉक्टरों सहित रेल कर्मी प्रभावित कोच में पहुंचे और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि घायल व्यक्तियों में ट्रेन यात्री देवारी धीवर (30), सोमिल मंडल (12) और एक सफाई कर्मचारी नारायण चंद्र बाग शामिल है, जिन्हें यहां के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांग्रेस झूठे दावों व फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने का सपना देख रही है

**कांगड़ा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के रण में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच हर रोज जुबानी जंग देखने को मिल रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। अनुराग ठाकुर ने देहरा विधानसभा के गुलेर और हरिपुर गांव में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि कांग्रेस पार्टी हार से डरी हुई है। कांग्रेस झूठे दावों और फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने के सपने देख रही है। कांग्रेस जमीन से पूरी तरह कट चुकी है और उसके पास वास्तविक मुद्दों की कमी है। इनके चेहरे भी फेक हैं, जो फेक न्यूज फैलाते हैं। यह कांग्रेस की स्तरहीन राजनीति की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने जा रहा है। कांग्रेस वाले झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा अगर चुनाव जीतकर आती है तो आरक्षण और संविधान को खत्म कर देगी। लेकिन, देश की जनता जानती है कि आपातकाल किसने लगाया था। देश के संविधान को 62 बार किसने बदला। एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीनकर मुसलमानों को किसने दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी कंगना रनौत के लिए मांगेंगे वोट




**मंडी, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए आखिरी चरण में पहली जून को होने वाले मतदान से पहले दिग्गजों के चुनाव प्रचार में उतरने से सियासी माहौल में गरमाहट पैदा होगी। भाजपा के चुनाव प्रचार को रफ्तार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मई को हिमाचल के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह प्रदेश में दो चुनावी रैलियों को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शिमला संसदीय सीट के अंतर्गत नाहन और मंडी संसदीय सीट के तहत मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मंडी से भाजपा प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत और शिमला से सुरेश कश्यप के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। मंडी में भाजपा की कंगना का मुकाबला कांग्रेस के युवा नेता व कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह से होगा। यह सीट वर्तमान में कांग्रेस के कब्जे में है। विक्रमादित्य सिंह की माता व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह यहां की वर्तमान सांसद है। कंगना के चुनाव मैदान में उतरने से यह सीट हाईप्रोफाइल बन गई है और यहां रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। वहीं, शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप को उतारा है। वहीं कांग्रेस ने युवा विधायक विनोद सुल्तानपुरी पर दांव खेला है। यह सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट है, लेकिन पिछले 15 वर्षों से यहां भाजपा का कब्ज़ा है। इस बीच प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रदेश भाजपा तैयारियों में जुट गई है। पीएम की रैलियों में भारी भीड़ जुटाकर भाजपा चुनाव में मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि पीएम मोदी 24 मई को नाहन और मंडी में रैलियों को संबोधित करेंगे। मोदी पूर्वान्ह 11 बजे नाहन के चौगान मैदान और दोपहर एक बजे मंडी के पड्डल मैदान में रैलियों को संबोधित करेंगे। बिंदल ने रविवार को नाहन भाजपा मंडल की बैठक में प्रधानमंत्री की रैली को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर हिमाचल प्रदेश की जनता हमेशा उत्साहित रहती है। जब भी वह प्रदेश की तरफ रुख करते हैं तो कार्यकर्ताओं और जनता के बीच एक नई ऊर्जा का संचालन होता है। बिंदल ने कहा कि हिमाचल में 57,11,969 मतदाता इस बार चुनाव में वोट डालेंगे। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी अंतिम सूची में 28,48,301 पुरुष व 27,97,209 महिला व 35 ट्रांस जेंडर मतदाता प्रदेश में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक-एक मतदाता का लगाव है। बिंदल ने कहा कि जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश को पिछड़ने और तोड़ने का काम किया है। अगरयूपीए सरकार की तुलना वर्तमान एनडीए सरकार के साथ करें तो फर्क साफ होगा कि एनडीए शासन में भारत ने 100 गुना तरक्की की है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस सरकार ने भारत को 100 साल पीछे कर दिया था उनका देश की प्रगति से किसी भी प्रकार का लगाव नहीं था।

## शिवपुरी में बिजली के केबल की ओवरहीटिंग से धुंआ निकलने की घटना हुई जिसका थिंक गैस के पीएनजी से कोई संबंध नहीं

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी में थिंक गैस की इमर्जेंसी टीम को टांगरापली रोड पर एक ड्रेनेज क्षेत्र से धुंआ निकलने के बारे में शिकायत मिली। टीम के घटनास्थल पर पहुंचने और जांच करने पर यह पुष्टि हुई कि घटनास्थल के आसपास थिंक गैस की कोई गैस पाइपलाइन नहीं है।

अन्य जनोपयोगी इकाइयों के अधिकारी, नगर पालिका, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने पुष्टि की कि एक बिजली के खंभे से बिजली लीक होने की वजह से यह धुंआ निकला। थिंक गैस सभी भागीदारों को यह स्पष्ट करना चाहेगी कि इस घटना के लिए वह किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं है।

यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि थिंक गैस सुरक्षा के बहुत उच्च मानकों का पालन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। एमडीपीई पाइपलाइनों को बिछाने सहित गैस वितरण नेटवर्क के विकास में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा तय नियमनों और अंतरराष्ट्रीय मानकों का कड़ाई से पालन किया जाता है। पाइपलाइन बिछाने की सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाती है और नियामक निकाय द्वारा मान्य थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसियों से इसका प्रमाण पत्र लिया जाता है। नेटवर्क के साथ रूट मार्कर स्थापित किए जाते हैं ताकि सभी बाहरी एजेंसियों को जमीन के नीचे डाली गई पाइपलाइन की जानकारी रहे और उन अनाधिकृत गतिविधियों से बचा जा सके जिनसे पाइपलाइन को नुकसान पहुंच सकता है। अत्याधुनिक स्कैडा सिस्टम से इस पाइपलाइन की चौबीसों घंटे और सातों दिन निगरानी की जाती है। थिंक गैस की टीम ने पारदर्शी तरीके से धुंआ निकलने की घटना की जांच में स्थानीय अधिकारियों की मदद की और इस घटना की जांच में अधिकारियों को हमारी तरफ से हर तरह का सहयोग जारी रहेगा। थिंक गैस प्राकृतिक गैस का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## केजरीवाल पर हो सकता है जानलेवा हमला, दी गई धमकी; आप का बड़ा दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले की आशंका जाहिर की है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर साजिश रचने के आरोप लगाते हुए सनसनीखेज दावे किए। संजय सिंह ने पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन और मेट्रो के भीतर धमकी लिखे जाने का दावा करते हुए कहा कि यदि केजरीवाल पर हमला हुआ तो भाजपा इसके लिए जिम्मेदार होगी। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेस कांफ्रेस कर आरोप लगाया है कि अंकित गोयल नाम के एक शख्स ने मेट्रो स्टेशन पर केजरीवाल पर हमले की धमकी लिखी है। उन्होंने कहा कि उसकी भाषा वही है जिसका इस्तेमाल भारतीय जनता पार्टी हर दिन करती है। संजय सिंह ने कहा, जब से अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं, लगातार यह प्रयास हो रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी गृहमंत्री ने सवाल उठा दिया। इतने बौखलाए हुए हैं कि अरविंद केजरीवाल को किसी तरह की हानि पहुंचाने को तैयार हैं। मैं यहां तक कहना चाहता हूं कि ऐसे हमले की योजना करने के लिए तैयार हैं जिसमें उनकी जान भी जा सकता है।

## राजस्थान बोर्ड ने जारी किया रिजल्ट, बेटियों ने मारी बाजी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कला, विज्ञान और वाणिज्य के नतीजे सोमवार को दोपहर 12.15 बजे जारी कर दिए गए है। बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा तीनों परिणाम एक साथ जारी किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान विषय का परिणाम 97.73 प्रतिशत, कला वर्ग का परिणाम 96.88 तो वहीं कॉमर्स का रिजल्ट 98 .95 फीसदी रहा। बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि साइंस, कला और कॉमर्स रिजल्ट में लड़कियों ने बाजी मारी है। बता दें कि पिछले वर्ष कॉमर्स रिजल्ट का 96.60 प्रतिशत, साइंस का रिजल्ट 95.65 प्रतिशत और आर्ट्स का रिजल्ट 92.32 प्रतिशत रहा था। सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि परीक्षाओं में 8 लाख 66 हजार 270 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। वरिष्ठ उपाध्याय में 3671 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

# बाबा केदार के दर्शन को जुटे सबसे ज्यादा भक्तजन, टूटे सारे रिकॉर्ड




**देहरादून, एजेंसी।**
चारधाम यात्रा में बाबा केदार के दर्शन को सबसे ज्यादा भक्तजन जुट रहे हैं। 10 मई से शुरू हुई यात्रा में अब तक आए श्रद्धालुओं में करीब 45 फीसदी केदारनाथ मंदिर में आए हैं। जबकि बाकी 55 फीसदी श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम, गंगोत्री, यमुनोत्री मंदिर के दर्शन किए हैं।

15 किमी के मुश्किल पर्वतीय रास्ते पर हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए हर दिन हजारों श्रद्धालु केदारनाथ पहुंच रहे हैं। रविवार देर शाम तक चारधाम में छह लाख 40 हजार 586 श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। इनमें अकेले केदारनाथ में 2.81 लाख श्रद्धालु आए हैं।

चारधाम की यात्रा शुरू होते ही तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। एमपी, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के अन्य राज्यों से तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से यात्रा रूट पर कभी-कभी जाम की स्थिति भी बन रही है। चारधाम यात्रा रूट पर पुलिस-प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर अन्य सुविधाएं दुरस्त हैं। ट्रैफिक को नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स भी तैनात किया है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल रही है।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यात्रा सुचारू और सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। रविवार को सुबह 8 बजे तक गंगोत्री धाम में दो हजार से अधिक और यमुनोत्री धाम में डेढ़ हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि तीन हजार श्रद्धालु अभी धाम में मौजूद हैं। इसी तरह जानकीचट्टी से लेकर यमुनोत्री धाम तक लगभग सात हजार यात्री अभी मौजूद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 8 बजे तक गंगोत्री मार्ग पर उत्तरकाशी में 40, हीना और नेताला में 10, हर्षिल में 6 और गंगोत्री में 350 वाहनों को होल्ड पर रखा गया है।

जबकि नगुण से 35, उत्तरकाशी से 35 हीना और नेताला से 80, गंगनानी से 150 वाहनों को गंगोत्री धाम की तरफ रवाना करवाया जा चुका है। यमुनोत्री रूट पर पालीगाड़ में 19, खरादी में 50 और खरसाली-जानकीचट्टी में लगभग 425 वाहन अभी होल्ड पर हैं।

इस मार्ग पर डामटा से 70, बड़कोट-दोबाटा से 200 से वाहनों को आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करवाया गया है। इस समय तक जानकीचट्टी-खरसाली से 95 वाहनों को वापसी यात्रा के लिए रवाना करवाया जा चुका है।

यात्रा प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मुस्तदी से जुटे है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रा मार्गो पेयजल, टॉयलेट्स व साफ-सफाई की अतिरिक्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सफाई की नियमित व्यवस्था करने के साथ ही यात्रियों के सहारे और सुविधा के लिए पहाड़ी की तरफ वाले हिस्सों में भी रेलिंग लगाई गई है।

# लाई चिंग ते ने ली ताइवान के राष्ट्रपति पद की शपथ, बोले- राष्ट्र की सुरक्षा पर देंगे जोर



**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग ते ने सोमवार को लोकप्रिय नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पदभार ग्रहण करने के बाद, लाई ताइवान के राष्ट्रपति बनने वाले तीसरे निवर्तमान उपराष्ट्रपति होंगे। ताइवान में 1996 में पहला प्रत्यक्ष राष्ट्रपति चुनाव हुआ था। लाई ने ताइवान की राजधानी ताइपे में राष्ट्रपति कार्यालय भवन के बाहर उद्घाटन भाषण दिया। सुबह के समारोह में ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में अपना चार साल का कार्यकाल शुरू किया।

उन्होंने कहा है कि वह बीजिंग की धमकियों का विरोध करते हुए और ताइवान की सुरक्षा को बढ़ाएंगे। वे वाशिंगटन और अन्य पश्चिमी भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे। वह बीजिंग में एक अस्थायी जैतून शाखा का विस्तार कर सकते हैं। उन्होंने कहा ÷हम राष्ट्रीय सुरक्षा, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दों और विदेश नीति में निरंतरता पर जोर देखेंगे।÷ लाई के आसपास के अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन के लिए अमेरिका के निरंतर समर्थन से वाशिंगटन के साथ ताइवान की सुरक्षा जीवनरेखा को कोई खतरा नहीं है।

लाई के उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले मेहमानों में अमेरिकी अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति ताइवान के वाशिंगटन के समर्थन का प्रदर्शन करते नजर आए। राष्ट्र की महान मुहर कुओमितांग (केएमटी) के विधान अध्यक्ष हान कुओ-यू ने लाई चिंग ते को सौंपी। यह राज्य के प्रमुख के रूप में पद संभालने का प्रतीक था। राष्ट्रपति के रूप में लाई चिंग-ते के उद्घाटन में सुबह ताइपे पर सैन्य प्रदर्शन हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान राष्ट्रपति त्साई इंग वेन भी मौजूद रहे।

ताइवान में लाई के विरोधियों का कहना है कि वह द्वीप को सुरक्षा गतिरोध में डालने का जोखिम उठा रहे हैं।

बीजिंग के साथ बात करने में असमर्थ हैं और फिर भी किसी भी टकराव के लिए तैयार नहीं हैं। ताइवान की विधायिका में राष्ट्रवादी पार्टी के सदस्य फू कुन-ची, जिन्होंने हाल ही में चीन का दौरा किया, उन्होंने चेतावनी के रूप में यूक्रेन की ओर इशारा किया।

## यूक्रेन ने रूस पर किया बड़ा हमला, 62 ड्रोन दागे; अटैक के बाद ऑयल रिफाइनरी हुई बंद



**मॉस्को , एजेंसी।** रूस ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने रूसी क्षेत्रों पर 62-ड्रोन से बड़ा हमला किया है, जिससे दक्षिणी रूस में एक तेल रिफाइनरी को परिचालन रोकना पड़ा और कीव की सेना ने रूसी-आधिपत्य वाले क्षेत्र में अमेरिकी, फ्रांसीसी और यूक्रेनी मिसाइलें दागीं। रूस ने कम से कम 103 ड्रोन मार गिराए, जिनमें 62 रूसी क्षेत्रों में साथ ही क्रीमिया पर आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस), फ्रांसीसी निर्देशित हैमर बम और यूएस हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) शामिल थे। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र के स्लावयांस्क में एक तेल रिफाइनरी के क्षेत्र में छह ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इंटरफैक्स समाचार एजेंसी ने कहा कि हमले के बाद रिफाइनरी ने काम रोक दिया। टीएएसएस ने रिफाइनरी के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि यूक्रेन द्वारा प्रक्षेपित ड्रोन द्वारा किए गए हमले पिछले हमलों से बड़े थे और उनमें स्टील की गेंदें भी शामिल थीं। स्लावयांस्क रिफाइनरी एक निजी संयंत्र है जिसकी क्षमता प्रति वर्ष 4 मिलियन मीट्रिक टन तेल, लगभग 80,000 बैरल प्रति दिन है। एक यूक्रेनी खुफिया सूत्र ने कीव में रॉयटर्स को बताया कि यूक्रेन की सुरक्षा सेवा एसबीयू और सैन्य ड्रोन ने रातभर के हमलों में रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में स्लावयांस्क रिफाइनरी और एक सैन्य हवाई क्षेत्र पर हमला किया।

# कनाडा में शवों को नहीं ले रहे लोग, दफनाने में हो रहे हजारों डॉलर खर्च

### लावारिश शवों की बढ़ रही संख्या, बनाए जा रहे नए स्टोरेज



**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है यहां लावारिश शवों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि उसके लिए सरकार को नई स्टोरेज फैसिलिटी बना पड़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के कई राज्यों में कुछ सालों में लावारिस शवों की संख्या बढ़ती जा रही है और मरने वालों के परिजन उनके शवों को लेने से इनकार कर रहे हैं। इसका कारण अंतिम संस्कार में आने वाले खर्चों में बढ़ोतरी माना जा रहा है। शवों को न लेने का ट्रेंड बढ़ गया है। यहां लावारिश शवों की संख्या को देखते हुए एक प्रांत को नई स्टोरेज फैसिलिटी बनाना पड़ गई। अंतिम संस्कार के लिए रुपए इकट्ठा करने का भी ट्रेंड यहां दिखाई देने लगा है। उद्योग व्यापार समूह का कहना है कि कनाडा में शव के अंतिम संस्कार का खर्च 1998 में करीब 6000 डॉलर था, जो अब बढ़कर 8,800 डॉलर हो गया है। कनाडा की सबसे घनी आबादी वाला प्रांत ओंटारियो के प्रमुख कोरोनर डिर्क ह्यूयर का कहना है कि ओंटारियो में लावारिस शवों की संख्या 2013 में 242 थी, जो बढ़कर 2023 में 1,183 हो गई। ज्यादातर मामलों में रिश्तेदारों की पहचान कर ली गई थी, लेकिन कई कारणों से शवों पर दावा नहीं करते, जिनमें सबसे आम कारण पैसा होता है।

साल 2022 में कुल लावारिस शवों में से 20 फीसदी को न लेने का कारण पैसा ही था, जो 2023 में 24 फीसदी हो गया। उन्होंने कहा कि यह दुखद है क्योंकि जो व्यक्ति मर चुका है, उसके लिए उसके परिवार का कोई भी सदस्य या दोस्त खड़ा नहीं होता है। आधिकारिक तौर पर 24 घंटे बाद शव को लावारिस मान लिया जाता है। उन्होंने बताया लेकिन परिवार के सदस्यों का पता लगाने में कई सप्ताह लग जाते हैं। अगर रिश्तेदार सूचना मिलने के बाद भी शवों को ले जाने नहीं आते तो नगर पालिका कुछ संस्थाओं के साथ उस शव को साधारण तरीके से दफना देती है।

जब तक शवों को कोई नहीं लेता तब तक उसे तापमान नियंत्रित स्टोरेज फैसिलिटी में रखा जाता है। टोरंटो में फ्यूनरल होम मैकिनॉन और बोवेस चलाने वाले मालिक एलन कोल ने कहा, हमेशा ऐसे परिवार रहे हैं, जिन्हें मदद की जरूरत होती है। लेकिन मैंने अभी की तरह लावारिस शवों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं देखी। विपक्षी पार्टी के नेता जिम डिन के मुताबिक लोगों को अहसास है कि वे दफनाने का खर्च नहीं उठा सकते। इसके अलावा रिपोर्ट्स कहती हैं कि लोकेशन के हिसाब से महंगी जमीनें भी लोगों के लिए शवों को दफनाने में मुश्किल पैदा करती हैं। ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में माउंट प्लेजेंट ग्रुप के साथ वयस्क कब्र की औसतन कीमत 2800 डॉलर है। लेकिन मिडटाउन टोरंटो में यह 34000 डॉलर (32 लाख रुपए) हो जाती है। इसके अतिरिक्त कब्र खोदना, फ्यूनरल, कब्र का पत्थर और अन्य वस्तुएं अंतिम संस्कार को और भी खर्चीला बना देती हैं। सरकार की ओर से भी कोई मदद नहीं मिलती है।

## पाकिस्तान का फिर छलका दर्द, डिप्टी पीएम डार बोले- भारत ने हम पर लगा दिए थे 200 फीसदी शुल्क

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** खस्ताहाल पाकिस्तान का भारत के साथ कारोबारी संबंध न होने का दर्द फिर से छलका है। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा कि पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान से आयात पर भारत ने भारी शुल्क लगा दिया, जिसके कारण दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध 2019 से निलंबित हैं।

शनिवार को नेशनल असेंबली में कहा, पुलवामा के बाद भारत ने पाकिस्तान से आयात पर 200 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया। भारत ने कश्मीर बस सेवा व व्यापार को भी निलंबित कर दिया। पाकिस्तानी दैनिक डॉन के अनुसार, डार पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सांसद शर्मिला फारुकी के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने पड़ोसी देशों, खासकर भारत के साथ पाकिस्तान के संबंधों में आने वाली व्यापारिक चुनौतियों के बारे में जानकारी मांगी थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री का भी पद संभाल रहे डार ने कहा, हम भारत के साथ जम्मू-कश्मीर समेत सभी मुद्दों के निपटारे के लिए लगातार रचनात्मक व परिणाम देने वाली वार्ता की वकालत कर रहे हैं। अब यह भारत पर निर्भर करता है कि वह शांति व संवाद के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करे। वहीं, इस पूरे मामले पर शुरू से ही भारत कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी की तरह संबंधों की इच्छा रखता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129